किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 004 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 19 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेजः12 मूल्य 05 रुपया

माता पिता गुरु के वचन का पालन करने पर शीघ्र प्रसन्न होते भगवान : नीलमणि माधव

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के श्री जंगली बाबा धाम पर उड़िया बाबा विश्व कल्याण संस्थान व स्वामी परमेश्वरानन्द सरस्वती (उड़िया बाबा) के सानिध्य में चल रहे सात दिवसीय महारुद्र यज्ञ में पधारे कथावाचकों का प्रवचन चल रहा है।

दूसरे दिवस प्रयागराज से पधारे कथाव्यास नीलमणि माधव (प्रपनाचार्य) ने अपने संगीतमय कथावाचन में प्रवचन पंडाल में उपस्थित श्रोताओं से कहा कि जिस व्यक्ति ने अपने माता पिता गुरु के वचनों का अक्षरशः पालन करता है तथा शास्त्र के नियमों के अनुसार व्यवहार करता है, उस पर भगवान अतिशीघ्र प्रसन्न होते हैं। कहा कि भगवान की कथा से जिसकी तृप्ति हो गई उसने अभी भगवान के रस विशेष,माधुर्य को समझ नहीं

पाया है। कहा कि सत्य असत्य के ज्ञान के लिए विवेक का प्रयोग करना होगा। जिससे मनुष्य भवसागर पार कर पाएगा। कहा कि जो पुरातन होकर भी नवीन है वह पुराण है। कलियुग में मात्र भगवान के नाम स्मरण से मानव भवसागर पर कर जाएगा।

श्रोतागण प्रवचन को सुनने के लिए जमे रहे।

जम्मू कश्मीर में गुर्जर समाज के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ हुआ तो देश मे आन्दोलन छिड़ जाएगा- मुखिया गुर्जर

दैनिक समाज जागरण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा और पथिक सेना द्वारा प्रेस क्लब नोएडा में एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के गुर्जर बककरवाल समाज को पिछले तीस वर्षों से अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है और उन्हे एस टी के आरक्षण की सुविधा मिल रही है । परन्तु पिछले दिनों केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के सर्व समाज के पहाड़ी लोगों को एस टी का आरक्षण देने का ऐलान कर दिया है जोकि गैर संवैधानिक है, जिससे वहां के इस देश भक्त गुर्जर समाज को अपने मिल रहे आरक्षण पर कुठाराघात एवं अतिक्रमण का डर सता रहा है । केन्द्र सरकार को ये नहीं भूलना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर अगर हिन्दुस्तान का हिस्सा है तो सिर्फ इस गुर्जर बककरवाल समाज की देश भक्ति और शहादत की वजह से , समूचे देश का गुर्जर समाज एक है , यदि हमारे जम्मू-कश्मीर के भाईयों के आरक्षण का अतिक्रमण हुआ तो पूरे देश का गुर्जर सडकों पर ऐसे उतरेगा जैसे राजस्थान के गुर्जरों के समर्थन में पूरा देश जाम हो गया था । गुर्जर समाज अपने भेड बकरियों के साथ यायावरी और घुमंतू जीवन जी रहा है , सन 1991 में चन्द्रशेखर जी ने प्रधानमंत्री रहते इनकी शैक्षणिक , आर्थिक , सांस्कृतिक , और सामाजिक स्थिति दयनीय देख कर इनका जीवन स्तर समाज और राष्ट्र की मुख्य धारा से जोडने हेतू अनुसूचित जनजाति में शामिल कर आरक्षण दिया था , परन्तु बिना मापदंड पूरे किये वोटों के लालच में सभी पहाडियों को आरक्षण दिया जाएगा तो गुर्जर समाज आरक्षण से वंचित हो जायेगा ।

अपने घोषित निर्णय पर केन्द्र सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करे , इसलिए आगामीं 1- नवम्बर 2022 को पथिक सेना एवं अखिल भारतीय वीर गुर्जर महा सभा के संयुक्त तत्वावधान में जन्तर-मन्तर दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर , मानय प्रधानमंत्री जी एवं गृहमंत्री जी को ज्ञापन सौंपेगें ।

प्रेस वार्ता मे अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के संस्थापक नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि धरना-प्रदर्शन पूरी तरह अनुशासित एवं शान्तिपूर्ण रहेगा और हमने जन्तर-मन्तर पर धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति ले ली है। इस प्रदर्शन में जम्मू कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब के गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। जिसके लिए इन प्रदेशों के गांव गांव में बैठकें करके लोगों से संपर्क किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग गुर्जर, डॉक्टर मुशर्रत गुर्जर, श्याम सिंह भाटी, परविदंर सिहं मोहित नागर , नीतीश भाटी, एकलव्य बैंसला उपस्थित थे।

दीपावली पर "लोकल फॉर वोकल" को तरजीह देकर देशी उत्पादों को महत्व दें - कुच्छल

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई के अध्यक्ष नरेश कुच्छल व चेयरमैन राम अवतार सिंह ने मीडिया को जारी बयान में व्यापारियों सहित आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस दीपावली को ह्लोकल फॉर वोकलह्व को तरजीह देकर देशी उत्पादों को महत्व दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि आम जन मिट्टी और गाय के गोबर से बने दीपक ही खरीदें। लक्ष्मी व गणेश की मूर्ति भी मिट्टी की बनी हो, तो उसे पूजा के लिए इस्तेमाल करें।

अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने व्यापारियों से अनुरोध किया है कि दीपावली त्यौहार के मद्दे नजर दुकानों के बाहर की जाने वाली साज-सज्जा भीतर तक ही लगाएं जिससे सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों को कोई परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था में शांति भंग न हो। उन्होंने जिला प्रशासन व पुलिस विभाग से अनुरोध किया है कि त्योहारों के मद्देनजर व्यापारियों के द्वारा देर तक बाहरी क्षेत्रों से माल लाया जाता है। ऐसे में सुरक्षा दृष्टिकोण से विशेष पुलिस गश्त बढ़ाया जाना चाहिए ताकि उन्हें कोई परेशानी का सामना करना ना पड़े। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया कि वह माल की लोडिंग करने तथा माल उतारने के लिए बड़े-बड़े वाहन मुख्य सड़क पर देर तक खड़े न करें, इससे जाम लगने की

संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने शहर के व्यापारियों की तरफ से कहा की दीपावली रोशनी के महापर्व के साथ आपसी भाईचारा का त्यौहार है। इस मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस झ प्रशासन का पूरा सहयोग करें। चेयरमैन राम अवतार सिंह ने बताया कि दीपावली का पर्व सभी पर्वों में एक विशेष स्थान रखता है। हमें अपने पर्वो की परंपराओं को हर स्थिति में सुरक्षित रखना चाहिए। परंपराएं हमें उसके प्रारंभ व उद्देश्य की याद दिलाती है। परंपराएं हमें उस पर्व के आदि काल में पहुंचा देती है, जहां हमें अपनी आदिकालीन संस्कृति का ज्ञान होता है। आज हम अपने त्योहारों को भी आधुनिक सभ्यता का रंग दे कर मनाते हैं, परंतु इससे हमें उसके आदि स्वरूप को बिगाड़ना नहीं चाहिए। हम सब का कर्तव्य है कि हम अपने पर्वों की पवित्रता को बनाए रखें।

रोजर बिन्नी बने बीसीसीआई के नए अध्यक्ष,सौरव गांगुली की विदाई।

दैनिक समाज जागरण

(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्लीःआज मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आम बार्षिक बैठक में फैसला लिया गया।1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी अब नए रोल में नजर आयेंगे। उन्हें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रोजर बिन्नी पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह लेंगे।इस तरह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को नया अध्यक्ष मिल गया।पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की विदाई हो गई।अब उनकी जगह रोजर बिन्नी नए अध्यक्ष बने।रोजर 1983 वर्ल्ड कप विजेता

टीम के सदस्य रहे हैं।रोजर बिन्नी बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष बने हैं। इससे पहले सौरव गांगुली 2019 से यह पद संभाल रहे थें। कुछ समय पहले गांगली के ही कार्यकाल को बढ़ाये जाने की उम्मीदें जताई जा रही थीं। लेकिन कुछ ही दिनों में समीकरण बदल गए और गांगुली की विदाई हो गई। ज्ञातव्य हो कि 67 साल के रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार थें। उनके अलावा किसी ने नामांकन नहीं किया था। ऐसे में बिन्नी को एजीएमे में निर्विरोध चुना गया। जय शाह को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः सचिव चुना गया। इन दोनों के अलावा जिन अन्य पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। उनमें कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया शामिल हैं। निवर्तमान कोषाध्यक्ष अरुण धूमल को अभिषेक डालमिया के साथआईपीएल संचालन परिषद में जगह मिली है। धूमल आईपीएल के नए अध्यक्ष होंगे।

विद्यालय में प्रधान हनुमान रावतद्वारा वितरण की गई कापियां किया गया वृक्षारोपण

सरोजिनी नगर लखनऊ ब्लाक अंतर्गत मझिगवां ग्राम स्थित प्राइमरी विद्यालय प्रांगण में ग्राम प्रधान हनुमान प्रसाद द्वारा दीपावली के पावन पर्व बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु कापियां कटर पेंसिल रबर का वितरण ग्राम प्रधान द्वारा किया गया इस अवसर पर पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम में नालियों की साफ-सफाई ग्राम प्रधान की उपस्थिति में कराई गई ग्राम प्रधान द्वारा चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के समक्ष हमारे भारत देश को निर्मल पावन संपन्न बनाने हेतु स्वच्छ भारत अभियान हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी ने किया उन्हीं के निदेर्शानुसार ग्राम में स्वच्छता अनवरसफाई कर्मी द्वारा प्रारंभ हैतथा इस पावन पर्व पर अपने अपने घर में वृक्ष अवश्य लगाएं लेकिन दीपावली के पावन पर्व पर विशेष रुप से स्वच्छता को परम लक्ष्य मानकर ग्राम में स्वच्छता चल रही है वही क्षेत्र के समाजसेवी अजय रावत द्वारा बताया गया कुछ ग्राम सभाओं में ग्राम सभा में गौशाला ना होने के चलते आसपास के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है आए दिन कड़ी मेहनत और परिश्रम से किसानों द्वारा फसल लगाने के बावजूद जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं

सरकार ने दिवाली पर दिया जबरदस्त तोहफा, अब सभी संविदा कर्मचारी होंगे नियमित

संविदा कर्मचारियों के लिए जबरदस्त खुशखबरी है. सरकार ने हमेशा के लिए संविदा नियुक्ति प्रथा का अंत कर दिया गया है. इस घोषणा के बाद प्रदेश के अलग-अलग सरकारी संस्था में संविदा पर नियुक्त 57 हजार से अधिक कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी बनाया जाएगा.

संविदा कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. इस दिवाली सरकार ने बड़ा ऐलान किया है. अब सरकार संविदा प्रथा का अंत कर रही है, यानी अब सभी कर्मचारियों को नियमित कर दिया जाएगा. इससे संविदा कर्मचारियों में जबरदस्त खुशी की लहर है.

सरकार ने किया बड़ा ऐलान

दरअसल, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अपने जन्म दिन से पहले प्रदेश से संविदा प्रथा का अंत करने की घोषणा की है. सरकार ने राज्य वासियों को दीपावली का बड़ा तोहफा देते हुए ये ऐलान किया है कि अब प्रदेश में कोई भी संविदा पर काम नहीं करेगा. इसके तहत अभी जितने भी संविदा कर्मचारी हैं उन्हें नियमित कर दिया जाएगा.

57 हजार से अधिक संविदा कर्मचारी होंगे नियमित

नवीन पटनायक दिवाली से पहले ऐलान करते हुए कहा है कि ओडिशा से हमेशा के लिए संविदा नियुक्ति प्रथा का अंत कर दिया गया है. इस घोषणा के बाद प्रदेश के अलग-अलग सरकारी संस्था में संविदा पर नियुक्त 57 हजार से अधिक कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी बनाया जाएगा. आपको बता दें कि इससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त 1300 करोड़ रुपये भार आएगा.

कैबिनेट बैठक में सरकार ने लिया बड़ा फैसला

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए. अब तक मिली जानकारी के अनुसार, सरकार की तरफ से इस संबंध में रविवार को विधिवत विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी.

कर्मचारियों की जगमग हुई दिवाली

मुख्यमंत्री के इस ऐलान के बाद प्रदेश के मौजूदा संविदा कर्मचारियों में जबरदस्त खुशी देखने को मिल रही है. दिवाली के ठीक पहले हुए इस ऐलान के बाद संविदा कर्मचारियों ने जश्न मानना शुरू कर दिया है.

कुत्तों का कहर! नोएडा अथॉरिटी पर फूटा लोगों का गुस्सा.

दैनिक समाज जागरण

(हरेश उपाध्याय) नोएडाः-कुत्तों का कहर! बच्चों को मरने के लिए नहीं छोड़ सकते।नोएडा अथॉरिटी पर फूटा लोगों का गुस्सा।अगर अथोरिटी अपनी कही बात को पूरी नहीं करती, तो हम फिर प्रदर्शन करेंगे।सोसायटी में 11 कुत्ते हैं और बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।लोग स्ट्रे डॉग्स से परेशान हैं।नोएडा में कुत्ते के काटने से एक साल के बच्चे की मौत के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नोएडा सेक्टर 100 में लोगों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन कियाऔर सड़क जाम की। नोएडा अथॉरिटी की ओएसडी इंदु प्रकाश ने कहा कि नगर निगम जल्दी ही स्ट्रे डॉग्स के लिए 4 शेल्टर होम बनाएगा। इंदु प्रकाश ने कहा कि हम स्ट्रे डॉग्स के लिए 4 शेल्टर होम बनाने जा रहे हैं। कार्य प्रगति पर है। हमने साल 2017 में कुत्तों की नसबंदी शुरू की थी और 40,000 कुत्तों की नसबंदी

अब तक की जा चुकी है। जिस तरह हमने गायों के लिए शेल्टर होम बनवाए उसी तरह कुत्तों के लिए भी हम शेल्टर होम बनवाएंगे।यद्यपि नोएडा में हाउसिंग सोसायटी के लोग अथॉरिटी के इस आश्वसन से नाखुश दिखे और उन्होंने अपना प्रदर्शन जारी रखा। यहां के एक स्थानीय निवासी ने कहा कि हम अथॉरिटी से संतुष्ट नहीं है। स्ट्रे डॉग्स शेल्टर होम में जा रहे हैं लेकिन जब वो वापस आते हैं तो उनमें कोई बदलाव नहीं होता है। हम इस मुद्दे को साल 2018 से ही उठा रहे हैं लेकिन कुछ भी नहीं हुआ है।ज्ञातव्य हो कि अभी हाल ही में, नोएडा के सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसायटी में कुत्तों के हमले में एक मासूम की मौत हो गई। 7 महीने के मासूम को गंभीर रूप से घायल कर दिया।शोर सुनकर लोग दौड़कर बच्चे की सहायता के लिए पहुंचे। घायल बच्चा सेक्टर-110 के यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती था लेकिन जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर सेक्टर 39 की पुलिस भी सोसायटी पहुंची। इस घटना को लेकर लोगों में रोष है।

दिल्ली दंगों में लिप्त उमर खालिद जेल में ही रहेगा,जमानत याचिका खारिज

दैनिक समाज जागरण

(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्लीः-दिल्ली दंगों में लिप्त आरोपी उम्र खालिद को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। दिल्ली दंगों में उमर खालिद पर साजिश रचने का आरोप है।जिसके कारण उसे 13 सितंबर 2020 को गिरफ्तार किया गया था। उमर खालिद इसके बाद से ही जेल में बंद है। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका मंगलवार को नामंजूर कर दी है। फरवरी 2020 में नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में दंगा भड़का था। इस दंगे को लेकर जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र उमर खालिद पर संगीन आरोप लगे हैं। 13 सितंबर 2020 को दिल्ली में हुए दंगों के मामले में उमर खालिद पर यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया था। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भट्टनागर की स्पेशल बेंच ने उमर खालिद की जमानत याचिका पर आदेश जारी किया। इससे पहले 9 सितंबर को उसकी जमानत याचिका पर आदेश को सुरक्षित रख लिया गया था।इससे पहले जमानत याचिका पर जब अदालत में सुनवाई हुई थी, तब दिल्ली पुलिस ने अपनी दलील में कहा था कि उमर खालिद पूरी दिल्ली को जाम करना चाहते थें। ज्ञातव्य हो कि चर्चित दिल्ली दंगों के

आरोपी खालिद की तरफ से अदालत में दलील दी गई थी कि इस हिंसा में उसकी कोई आपराधिक भूमिका नहीं है। इतना ही नहीं उमर खालिद ने यह भी कहा था कि दंगों के किसी भी आरोप के साथ उसका कोई आपराधिक संबंध नहीं है। लेकिन अदालत ने फिलहाल उमर खालिद को राहत देने से इनकार कर दिया। खालिद, शरजील इमाम और कई अन्य पर फरवरी 2020 के दंगों के कथित 'मुख्य साजिशकर्ता' होने के नाते अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम और आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। यहां इस दंगे में 53 लोगों की जान चली गई थीं और 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थें।

कला और कलाकारों को हमेशा एक अच्छे मंच की तलाश, हुनर बाजों को हमेशा करते रहेंगे सहयोग : जयंत मनहर

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

सिपत। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कनई में स्वर्गीय समार सिंह जगत जी के स्मृति मे अयोजित एक दिवसीय डांस प्रतोयोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयंत मनहर उपस्थित रहे। जिन्होंने डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन का आनंद लेने पहुंचे ग्रामीणों को और प्रतिभावान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि कला और कलाकारों को हमेशा एक अच्छे मंच की

तलाश रहती है हुनर बाजों को हमेशा सहयोग करने की बात कहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे कांग्रेस नेता जयंत मनहर के साथ प्रदेश सचिव रवि श्रीवास, संतोष भोई, श दुर्गा तिवारी, विजय गुप्ता , उमेश चंद्राकर, मनोहर पात्रे , भागीरथी पोर्ते, श्रीमति-प्रमिला सुरेश महंत, धनी दास, रोशन जायसवाल और घनश्याम नेताम उपस्थित रहे ।

नगर पंचायत मऊ में दशहरा मेले का भव्य आयोजन हुआ!

(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण!

मोहनलालगंज नगर पंचायत मऊ में श्री बंशी बाबा राम लीला एवं दशहरा मेला समिति द्वारा आयोजित दशहरा मेले का भव्य आयोजन किया गया जिसमें लक्ष्मण शक्ति भरत हनुमान मिलाप, कुंभकरण वध

मेघनाथ वध एवं प्रभु श्री राम द्वारा रावण के वध का मंचन किया गया तत्पश्चात रावण के पुतले का दहन किया गया वैसे तो दशहरा मेला विजयदशमी को हर वर्ष मनाया जाता था लेकिन इस वर्ष विजयदशमी के दिन भारी वर्षा होने के कारण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था दिन सोमवार को शेष रामलीला का मंचन किया गया तत्पश्चात दशहरा मेले का भव्य आयोजन किया गया मेले को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया वहीं दुकानदारों ने बताया इस बार मेले में जबरदस्त भीड़ होने के कारण हम लोगों की आमदनी भी काफी अच्छी हुई वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ वही दिन मंगल वार को वंशी बाबा ग्राउंड में राम की राजगद्दी का भव्य आयोजन किया गया मौजूद सभी भक्तों ने प्रभु श्री राम एवं माता जानकी की आरती उतारे हुए मौजूद सभी भक्तों ने जय कारे लगाएं उनके जयकारों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा उसके पश्चात समित के कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर नाटक का भी आयोजन किया गया वही ग्रामीणों ने बताया समिति के सभी कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर रामलीला का मंचन किया गया जिसकी सभी ने सराहना की इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा उर्फ बराती डायरेक्टर राकेश कुमार गुप्ता सुनील कुमार मिश्रा उर्फ फुल्लन पूर्व प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता अरुणेश प्रताप सिंह उर्फ दल्लू शिव अटल सिंह राजू कुरैशी त्रिलोकी यादव इंद्र बहादुर सिंह राजेश मिश्रा शिवकुमार तिवारी उर्फ लल्लन तिवारी व्यापार मंडल अध्यक्ष अंजय पाण्डेय उर्फ सत्यम शिवम पांडे एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह भंडारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह ने पहुंचकर सभी का उत्साह वर्धन किया

दीपावली मेरे बचपन की



प्रमोद उपाध्याय
वरिष्ठ पत्रकार
बलिया

मेरे बचपन की दिवाली

बलिया। धन्य है हमने भारत भूमि जन्म लिया है व इसकी भूमि व परंपराएं। 5 दिन पूर्व ही शुरू होने वाला यह पर्व धनतेरस से शुरू होता है। धनतेरस में घर को स्वच्छ रखने हेतु झाड़ू खरीदने की परंपरा हैं। धातु के बर्तन भी खरीदे जाते हैं। अगले दिन नरक चतुर्दशी होता है जिसमें रात्रि भोजन के पश्चात हम लोग यम देवता को दीपक अर्पित करते हैं। यह परंपरा आज भी चली आ रही है।

गाय के पवित्र गोबर से लीपकर दीपावली के दिन महालक्ष्मी व गणेश की पूजा मिट्टी के पावन दीप जलाकर होता है। यह पवित्र प्रकाश चारों ओर फैले अंधेरे को दूर करता है। इसके सुगंध से वातावरण में कीट- पतंगें आदि समाप्त हो जाते हैं। विविध प्रकार की रोशनी से चारों ओर का वातावरण जगमगा उठता है। इधर कालांतर में इसका स्वरूप बदल चुका है। लोग इस अवसर पर तेज आवाज वाले पटाखे व बारूदी दुर्गंध वाले आग्नेय खिलौनों का इस्तेमाल करते हैं जो पर्यावरण के लिए अति घातक है। मैं तो शुरू से ही अत्यंत सादगी से पारंपरिक रूप से दिवाली मनाते आया हूं। इसके विपरीत अतिशय आवाज व बारूदी दुर्गंध से जहां पर्यावरण प्रदूषित होता है वहीं बेजुबान पशु - पक्षी भी डरकर सहम जाते हैं।

दीपोत्सव ज्ञान के प्रकाश को फैलाने का पर्व है। दीपावली के दूसरे दिन 3 बजे भोर से ही महिलाएं - पुरुष द्वारा लोहे की हसियां से सूप बजाकर दरिद्र भगाने का प्रक्रम चलता है। सुबह होते ही बचपन में हम लोग मिट्टी के बचे दीपक एकत्र करना शुरू कर देते थे और फिर उसे तराजू बना खेलते थे। फिर गोवर्धन पूजा के दिन बहन अपने भाइयों को कूटी, मिठाई, खील, बताशे आदि खिलाती हैं। मुझे भी बहनो के द्वारा खाने को मिलता है। रंगोली भी बनाई जाती है। 5 दिनों तक चलने वाला यह पावन पर्व जबरदस्त उत्साह भरा होता है। क्या बच्चे , युवा, बुजुर्ग। सभी इस पर्व की तैयारी बड़ी जोर-शोर से कहते करते हैं। संपूर्ण वातावरण गुलजार व रोशन रहता है। देवत्व की अनुभूति कराता यह पर्व वास्तव में संपूर्ण विश्व में हिंदू धर्म का महापर्व है जो सभी पर्वों पर भारी पड़ जाता है।

दीपोत्सव के महापर्व पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

शरद पांडेय, सचिव
जिला अधिवक्ता संघ,
रायगढ़ (छ. ग.)

मेरे बचपन की दीपावली-------

बचपन में हम दीपावली ,अपने पैतृक निवास खरसिया में, जो जिला मुख्यालय रायगढ़ से ४० कि. मी. की दूरी पर है, एकत्र होते थे। आज भी याद आता है गोबर से आंगन को लीपकर उस पर रंगोली बनाना, शाम को एक साथ घंटा एवम शंखनाद के बीच उससे उच्च स्वर में मां लक्ष्मी एवम् श्री जगदीश जी की आरती का गान करते प्रसाद की थाल पर से मन को दूर रखने का प्रयास करना, पूजा के बाद फुलझड़ी जलाने की जल्दबाजी में प्रसाद का छूटना।

नए कपड़ों की कभी चाह नहीं रही। दिवाली की सुबह बड़े पिताजी के साथ हलवाई की दुकान जाकर बानगी लाना याद आता है, जिसमें बताशा, मसूरपाक, बालूशाही, पेड़ा, खाजा, बूंदी के लड्डू जैसी कई प्रकार की मिठाइयां मिलाकर तौली जाती थी।

थोड़ा बड़ा होने पर घर की पूजा के बाद अपने बड़े पिता के साथ उनके यजमान के घर जाकर पूरी रात श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना और बड़े पिता को प्राप्त दक्षिणा में अपना हिस्सा पाना आज भी याद आता है। अगले दिन पूरे मोहल्ले में प्रसाद का आदान प्रदान भी काफी रोचक लगता था जिसमें मेरी बड़ी मां, किसके घर से क्या आया है और उसकी थाली में क्या वापस डालकर भेजना है का बखूबी ध्यान रखती थी।

अब तो आत्मीयता के नहीं औपचारिकता के त्योहार रह गए हैं।

ममता सिंह पत्नी स्व
गौरी भइया
(पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)
सागरपाली-बलिया

हमारे बचपन की दिपावली-----

दिपावली पर्व आरंभ से ही खुशी एवं हर्ष का त्यौहार रहा है लेकिन समय के साथ लोगों ने अपनी सुविधानुसार परिवर्तन किया हैं। हम अपने बचपन में पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह त्यौहार सीमित संसाधनों में भी बहुत उत्साह के साथ मनाते थे। हम दिवाली के दो दिन पहले तक घर की साफ-सफाई कर देते थे क्योंकि मान्यता है कि छोटी दीवाली के दिन घर में लक्ष्मी माता का आगमन होता है। बड़ी दीवाली के दिन चीनी से बनी अनेक आकृतियों वाली मिठाईयां हमारी खुशी का कारण बनती थी। पूजा के बाद मिट्टी के दीयों को पूरा घर के कोने-कोने में जलाने के लिए सभी बच्चों में प्रतिस्पर्धा होती थी कि कौन कितना ज्यादा दिया जला पाता है एवं अगले दिन उन्हीं दीयों से तराजू बनाया जाता था। दिवाली के दिन छत के एक कोने में मिट्टी का घर बनाने की एवं संध्या पूजन के बाद उसमे अनाज और मिठाइयां भरने की परम्परा रही है। लड़कियों में अपने घर को सबसे सुंदर सजाने की होड़ लगी रहती थी। हमारे समय में पटाखों का प्रचलन नहीं रहा है हम इन्हीं परम्पराओं में बहुत खुश रहे हैं।

डा. अरुण सिंह "गामा"
निदेशक, सनबीम स्कूल बलिया

हमारे बचपन की दीपावली-------

"वो भी क्या दिन थे...!?!"

शायद फिर नहीं वापिस लौटेगी "वो बचपन वाली दिवाली!" आज उम्र के इस पडाव पर आकर भी वो बचपन की मधुर यादें अक्सर ही मन के एक कोने में दस्तक दे ही जाती है और वो सारे विस्मृत पल फिर से आँखों में जीवन्त हो उठते हैं।

जैसे हमारा बचपन वापिस नहीं लौट सकता ठीक वैसे ही वो दिवाली भी ना लौट सकेगी। कितना अलग था ना वो परिवेश हर छोटे-बड़े अवसर हम बच्चे ही क्यों पूरे गाँव भर के लिए ही उत्सव बन जाते। अमीरी - गरीबी के भेद-भाव से परे पूरा गांव ही मद-मग्न दिखाई देता। हालांकि आप सब भी अनुभव करते होंगे कि आज सभी त्योहारों के रंग और उद्देश्य बदल गए हैं। कुछ यादें आप सभी के साथ साझा करना चाहता हूं उसमें मुख्य रूप से पहला है घर की साफ-सफाई । आज जिसके पास साधन है वो झट से दिवाली के पहले पूरे घर का रंग-रोगन करा लेते हैं तो कुछ और इंटिरियर्स डेकोरेटर से पूरे घर का नक्शा पलट करा डालते हैं और बाकि के बचे लोग घर के सदस्यों के सहयोग से नोक-झोंक, खिंचातानी करते अंततः पुरे घर की सफाई कर ही ले जाते हैं।

सफाई तो होती थी साहब हमारे जमाने में जब रंग नही पीली मिट्टी का उपयोग कर घर को चमकाया जाता था क्योंकि दीवारें भी मिट्टी की और घर के फर्श भी मिट्टी के ही.. दिवाली के एक माह पूर्व ही घर के बड़े लोग गंगा किनारे से बैलगाड़ी में भर कर पीली मिट्टी घर मे इकट्ठा कर देते और समय समय पर पानी का छिड़काव कर उसे मुलायम किया जाता और फिर पुराने कपड़े का पोचारा बनाकर घर की दीवारों को रंगा जाता। घर के सभी सदस्यों में घर के अलग अलग हिस्से की जिम्मेदारी सौंप दी जाती। मसलन बंगला, गौशाला और बरामदा पुरुषों के हिस्से और ड्योढी के अन्दर का हिस्सा महिलाओं का। पीली मिट्टी में गोबर मिलाकर अन्तिम यानि फाइनल टच दिया जाता।

हम बच्चों के पास तो अपने अलग ही उत्साह के स्त्रोत थे क्योंकि दिवाली के ठीक पहले गंगा जी बाढ़ के बाद नदी किनारे नई, मुलायम बिल्कुल लैनू (दही के ताजे मक्खन) की तरह मिट्टी छोड़ जाती और हम बच्चों को तो प्रकृति की जैसे नेमत ही मिल जाती, हम मे से प्रसिद्द बाल कलाकार अपनी सोच और कौशल के अनुसार खिलौने और मूर्तियां गढ़ने की पारम्परिक प्रतियोगिता में अनायास ही शामिल हो जाते और कुछ हम जैसे उभरते कलाकार माटी के दीये और ढंकनी बनाकर ही खुश हो लेते। कांच की गोली थोड़ी महंगी पड़ती अर्थात तब उसका मूल्य भी हमरी जेब की मुद्रा से जरा भारी ही पड़ जाता सो मिट्टी की ही गोली भी बना लिया करते।

हमारे समय में मिट्टी से बने हुए अलग-थलग आकार और डिजाइन के बहुमंजिला इमारतों का भी खुब प्रचलन था और बच्चों में सबसे बेहतर करने की होड़....। गांव के कुम्हार की पाट भी एक महीने पहले से ही तीव्र गति से घूमना शुरू कर देती और कुछ प्रसिद्ध खिलौने जैसे मिट्टी के बर्तन, जांत, घंटी, चूल्हा चाकी, हाथी, घोड़े, ऊंट और सिपाही बहुतायत में बनकर और कुम्हार की आव में पकने के साथ ही दैनिक हाट की शोभा बढ़ाने के लिए मुस्तैदी से आ डंटते। एक खांची (बांस की कोईन से बने हुई टोकरी) खिलौनों के बदले कुम्हार सेर - 2 सेर अनाज ही जुटा पाता था क्योंकि मुद्रा का चलन जरा कम ही था।

त्योहारों में धर्मान्धता और व्यवसायिकरण नहीं होने से गणेश - लक्ष्मी जी की पूजा का भी कोई विधान नहीं था।

हाँ हम बच्चों को खुटकी, बताशे, पटऊरा तथा चीनी के बने चुक्का - भरूका भी कुछ कम नहीं लुभाते थे। हालांकि आप इसे ग्रामीण अंचल की विश्व प्रसिद्ध मिठाई भी कह सकते हैं क्योंकि इन्होंने अभी तक अपनी मौलिकता और मौजूदगी दोनों को ही बरकरार रखा है।

दिवाली की शाम आते ही बर्रे के तेल में डूबी पुराने कपड़ों की बनी बाती की गमक और दीये की जगमगाहट से पूरा गांव ही रौशन हो उठता। हालांकि दिवाली का अगला दिन भी हमारे लिए कम व्यस्तता लेकर न आता जब हम अपनी ही धून में गांव में घूम घूम कर जले हुए दियों की कालिख और बाती साफ कर टेकुई से छेद कर तरजूई बनाने की जुगत में वापिस भिड़ने लग जाते।

आज भी त्योहारों पर खुब रौनक रहती है पर वो बचपन वाली निश्छल मुस्कान फिर से चेहरे पर आ नहीं पाती।

जाने कहाँ गये वो दिन.....!?!

जरा सा रुक कर सोचिएगा जरुर.....

बैठकों

भारतीय समाज और यौन अपराध

बाहर कॉलबेल की आवाज पर दरवाजा खोला तो मास्टर साहब,मुखियाजी,सुरेंद्र भाई,पारस नेता खड़े थे। आदर सहित सभी लोगों को बैठकखाने में बैठाया और स्वयं भी जम गया`

आज आसमान बादलों से घिरा है लगता है जबरदस्त बारिश होने वाली है`-- पारस नेता ने आशंका व्यक्त की

कहिये मुखियाजी! कोई नया समाचार लाये हैं क्याड्ड-- - पारस नेता की बात को दरकिनार करते हुए सुरेंद्र भाई, मुखियाजी को उसकाये`

चाचाजी! का समाचार बतावें! टीवी देखत हईं चाहे अखबार! रोज दू-चारठो बलात्कार, गैंग रेप सुर्खी में रहते हउवे` देश में चारु ओर बलात्कारिये भरल है काड्डका जमाना आ गईल हे!!!--- मुखियाजी चिंतित लगे`

रेप और जबरन यौन उत्पीड़न तो आदिकाल से होता आया है लेकिन आज की तरह व्यापकता लिए और विभस्त नहीं थो`शहर की बात छोड़िये देहातों में तो शायद हीं ऐसी घटनायें होती होंगी लेकिन आजकल तो देहातों में भी ऐसी घटनायें देखीं जा रहीं हैं`--- पारस नेता ने अपना विचार रखा`

देखिये, आजकल सोसलमिडिया का प्रसार बहुत व्यापक हो चला है`इस तरह की घटनाओं की सूचना तुरंत फैल जाती है` लेकिन तभी सामने आतीं हैं जब कोई बड़ा हादसा होता है या पिड़ित पक्ष सामने लाता है अन्यथा लोग लोकलज्जा के डर से अधिकांश सामने लाते हीं नहीं`---- सुरेंद्र भाई बहस में भाग लेते हुए`

हमरी बड़की नतिनिया पुणे में इंजीनियर है` उहाँ अकेले रहत ह` व्यवस्था उहाँ सब ठीक ठाक हो तबो मनवा फिकर में रहत ह`ओकर विआह ले बेटवा लड़का खोजत हउवे बाकि का कहीं! इ रेप- सेप, अपहरण, हत्या के समाचरवा देख आ पढ़के मनवा बड़ा खराब हो जात ह! --- मुखियाजी वाकई चिंतित लगे`

ठीक कह रहे हो भाई! ये सब वाकई मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाएं हैं--- कुंवरजी, निराशात्मक भाव में थे।

तभी बेटी, चाय का ट्रे टेबल पर रख गयी और हम सभी एक- एक कप उठा लिये` थोड़ी देर चुप्पी रही पुनः--

प्रो.साहब! आप तो समाजशास्त्री हैं। आप बतायें, ऐसी घटनाएं क्यों होती हैं और इसका क्या निदान हो सकता है??? -मास्टर साहब ,खाली कप टेबल पर रखते हुए पुछ बैठे।

पहली बात तो ये समझ लें कि ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले मानसिक विकृति के होते हैं। प्रसिद्ध अपराध शास्त्री फैराडे ने अपने संशोधित सिद्धांत में स्पष्ट किया है कि 20%अपराधी जन्मजात होते हैं। खैर, ऐसे हीं व्यवहारों को नियंत्रित करने के लिए सामाजिक नियंत्रण के दो साधन हैं-औपचारिक और अनौपचारिक। औपचारिक साधन-जैसे कानून, पुलिस, कोर्ट, जेल आदि। अनौपचारिक साधन-जैसे धर्म,परिवार, सामाजिक रीति-रिवाज, आदर्श आदि। मेरे ख्याल से यौन उत्पीड़न या अपराध जैसे अमानवीय कृत्यों के पिछे अनौपचारिक साधनों जैसे, धर्मिक, समाजिक ,नैतिक मूल्यों का कमजोर पड़ना, दशार्ता है। कठोर कानून और कठोर दण्ड को इम्प्लिमेंट करने में व्यवहारिक विलम्बता भी है।

मित्रों, दुख होता है आजकी शिक्षा व्यवस्था को देख कर। आज हम अधिकाधिक अंक प्राप्त करने की शिक्षा पद्धति पर दौड़ रहे हैं, चाहे वो कक्षा प्रथम हो या आ-ईएएस की तैयारी। नैतिक मूल्यों की शिक्षा हमारे पाठ्यक्रम में होता हीं नहीं। --मैं मास्टर साहब की ओर देखकर बोला।

वैदिक काल या हमारे सनातन संस्कृति में नैतिक मूल्यों को धार्मिक एवं सामाजिक व्यवहार से इस कदर संयोया गया था कि यौन उत्पीड़न या अपराध की कल्पना भी नहीं की जाती थी`लेकिन आज वो मूल्य रहे नहीं`--- कुंवरजी ने अपनी चुप्पी तोड़ी।

भले हीं राजनीतिक या धार्मिक कारणों से लोग कुछ भी कहें,लेकिन इस देश में आर एस एस द्वारा संचालित भारत की सबसे बड़ी शैक्षणिक संस्थान विद्याभारतीहै जहाँ बच्चों के नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर विषेश जोर दिया जाता है जो आज के परिवेश में बहुत हीं प्रासंगिक और प्रसंसनीय है-- पारस नेता, घड़ी देखते हुए कह गये।

ये सब तो ठीक है लेकिन प्रश्न ऐसी घटनाओं के निदान का है। प्रो.साहब! निदान पर भी अपना मत दें --मास्टर साहब मेरी ओर देखकर बोले।

देखिये बन्धु! मेरा मत है कि रोग के इलाज से अधिक महत्वपूर्ण बचाव है। वैसे भी आधुनिक अपराधशास्त्री दण्ड की जगह सुधार का प्रयोग कर रहे हैं। हमें उन कारणों पर ध्यान देना होगा जिसके चलते ऐसे काण्ड होते हैं जैसे, पारिवारिक नियंत्रण(संयुक्त परिवार का टुटना) और नैतिक शिक्षा का अभाव, विलम्ब विवाह, औपचारिक और अनौपचारिक व्यवहार के नियंत्रण के साधनों के प्रति संवेदनहीनता, उधार ली गयी शिक्षा नीति, पाश्चात्य संस्कृति की नकल, उत्तेजक पहनावा, यौन हिंसात्मक फिल्में, भौतिकवाद,व्यापक भ्रष्टाचार, आदि आदि। इन सारी विषय वस्तुओं पर,गहनता से अमल करने की सामाजिक और राष्ट्रीय सोंच बननी चाहिए। सरकार के साथ साथ समाज को अधिक ध्यान देना होगा क्योंकि ये सामाजिक समस्या है और इससे निपटना भी समाज को है। --मैंने अपनी बात पुरी की।

प्रो.साहब ! बात तो आप ठीक कह रहे हैं, ये एक सामाजिक मनोविज्ञान का विषय वस्तु हैऔर ऐसे अपराधों से निपटने हेतु, परिवार, समाज और राष्ट्र, सबों को सचेत होना होगा --मास्टर साहब ने अपना निष्कर्ष रख दिया।

आजकल तो पुरे देश में लव जिहाद अर्थात मुस्लिम समुदाय द्वारा हिन्दू लड़कियों को टारगेट करके यौन हिंसा एवं धोखा देकर विवाह करने का मुहिम छेड़ दिया गया है`ये भी बहुत खतरनाक स्थिति दिख रही है`-- सुरेंद्र भाई ने एक और क्षेत्र की ओर ध्यान आकर्षित किया` आज अब यहीं तक रहने दिया जाय` मुस्लिमों द्वारा हिन्दू लड़कियों को टारगेट करना,अलग विषय है इस पर बाद में चर्चा करेंगे`चलिये! मुखियाजी कल फिर मिलेंगे- कुंवरजी भी उठ गये और बैठकी.....।

--प्रो.राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

शाह के सामने नतमस्तक महादजी कि वंशज

महादजी सिंधिया एक जमाने में पेशवाओं के सबसे बड़े लड़ाका थे. उन्होंने अपने दुश्मनों के खिलाफ कभी घुटने नहीं टेके ,शान से लड़ाइयां लड़ीं और जीतीं ,लेकिन अब उनके खानदान के मौजूदा उत्तराधिकारी न सिर्फ लड़ना भूल गए हैं बल्कि उन्होंने घुटने टेकना तक सीख लिया है. वे ऐसे लोगों की श्रीमंती करने लगे हैं जो किसी भी रूप में सिंधिया की विरासत के आगे नहीं टिकते .इतिहासकार कीनी के अनुसार महादजी सिंधिया 18 वीं सदी में भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे महानतम सेनापति था और महानतम सरदार जी उन्हीं के दम पर मराठा साम्राज्य पानीपत की तीसरी लड़ाई के बाद मराठा साम्राज्य का पुनरुत्थान कर सका उनके सहयोग के बिना मराठा साम्राज्य के पुनरुत्थान संभव ही नहीं था।

पिछले दिनों ग्वालियर में सिंधिया के जयविलास पैलेस में आम जनता ने ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी बुआ यशोधरा राजे सिंधिया को अपने -अपने बच्चों के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सामने हाथ बांधे खड़े देखा. ग्वालियर में हवाई अड्डे विस्तार की योजना का शिलान्यास करने आये शाह के स्तुतिगान में सिंधिया लगभग चीखते हुए देखे गए. उत्तेजना में उन्होंने शाह को आधुनिक लौह पुरुष तक कह दिया .सिंधिया शाह को आग्रह पूर्वक अपने महल भी ले गए और उनका पलक पांवड़े बिछाकर रेड कार्पेट स्वागत भी किया .तुरही बजी,महाराष्ट्र के बैंड बाजों ने केसरिया ध्वज के साथ शाह का स्वागत किया .

दरअसल कुछ साल पहले कांग्रेस छोड़ आये ज्योतिरादित्य सिंधिया आज भी भाजपा में अपने आपको असुरक्षित समझ रहे हैं .हालाँकि भाजपा में उनके अनेक गॉडफादर हैं किन्तु वे शाह से आतंकित नजर आते हैं. उन्हें हमेंशा ईडी का भय सताता रहता है .अपने बेटे के राजनीति में प्रवेश का संकट भी उनके सामने हैं .भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता दो साल बाद भी सिंधिया को अपना नेता मानने को राजी नहीं हैं ,ऐसे में उनकी विवशता है कि वे केंद्र में मोदी-शाह की जोड़ी की छत्रछाया में खड़े रहें .

राजनीति में सिंधिया खानदान की ये चौथी पीढ़ी है ,किन्तु राजमाता विजयाराजे ने जिस शान से अपनी पारी पूरी की वो बेमिसाल है. वे आपने ससमय के मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित द्वारिका प्रसाद मिश्र से टकरायीं,प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी से टकरायीं लेकिन उन्होंने किसी को अपने महल में बुलाकर पलक पांवड़े नहीं बिछाये वे आपातकाल में जेल गयीं लेकिन झुकी नहीं .

राजमाता के पूत माधवराव सिंधिया ने राजनीति में आने से पहले अपनी माँ की तरह विपक्ष से शुरूवात की लेकिन जब कांग्रेस में आये तो कांग्रेस से कभी विद्रोह नहीं कर सके,उन्हें कांग्रेस ने ही निकाला लेकिन जैसे ही मौका मिला वे वापस काँग्रेसमें लौट गए. उनके जमाने में भी सोनिया गाँधी महल में आयीं लेकिन उनके सामने भी माधवराव सिंधिया मित्रवत खड़े नजर आये थे,हाथ बांधे खड़े कभी नहीं हुए .

अपने पिता के आकस्मिक निधन के बाद कांग्रेस से अपना राजनीतिक सफर पूरा करने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया दो दशक तो कांग्रेस में आनंद पाने के बाद आंत में पार्टी के आंतरिक दबाबों को झेल नहीं पाए और ढाई साल पहले अपने फौज-फांटे के साथ भाजपा में शामिल हो गए .भाजपा ने हारे हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया को राज्य सभा की सदस्यता और केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह देकर उनके छत्र-चंवर वापस तो कर दिए लेकिन वे आज भी भाजपा में अपने आपको स्थापित नहीं कर पाए हैं. उन्हें कभी संघ के दफ्तर में आम कार्यकर्ता बनना पड़ता है तो कभी भाजपा के दफ्तर में .

ज्योतिरादित्य सिंधिया आज भी मध्यप्रदेश भाजपा के सर्व मान्य नेता नहीं बन पाए हैं. उनके सामने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर हैं ,कैलाश विजयवर्गीय हैं,नरोत्तम मिश्रा हैं ,मुख्यमंत्री शिवराज सिंह तो हैं ही. ये सब मिलकर सिंधिया के लिए कदम-कदम पर कांटें बोते आ रहे हैं ,यहां तक की भाजपा में सिंधिया की पसंद का न जिलाध्यक्ष है और न पिछले दिनों उनकी पसंद को महापौर चुनाव में तवज्जो दी गयी .हारकर अब वे अमित शाह की शरण में गए हैं. शाह के स्वागत में मध्यप्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा 'शो' सिंधिया ने ही किया .अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में शाह सिंधिया के लिए कितने उपयोगी साबित होते हैं .याद रहे कि ज्योतिरादित्य सिंधिया की ससुराल गुजरात में है और वे इस समय राजनीति पर हावी गुजरात लॉबी से जुड़कर ही अपना बेड़ा पार करने की जुगत में लगे हैं .

शाह भी शायद सिंधिया का वैभव अपनी आँखों से देखकर विस्मित हुए हों.मुमकिन है कि वे महल का नमक चखकर खुश हो जाएँ और ये भी मुमकिन है कि उनके मन में ईर्ष्या भाव भी पैदा हो जाये.आने वाले दिनों में गुजरात और हिमाचल के चुनाव में सिंधिया का कितना और कैसा इस्तेमाल होगा इससे भी भविष्य के संकेत मिल सकते हैं .उन्हें अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान की जगह नेतृत्व सौंपा जाएगा या नहीं ये भी शाह की कृपा पर निर्भर है.

@ राकेश अचल

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

बालू लदा तीन ट्रैक्टर जप्त, चालक फरार

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ

नवादा (बिहार)। नगर थाना पुलिस ने नवादा-कादीरगंज पथ के कोनिया पर से तीन बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है. मौके से चालक वाहन छोड़ फरार हो गया.

बताया जाता है कि पुलिस गश्त के क्रम में तीन बालू लदे ट्रैक्टर पर नजर पड़ते ही चालक को रुकने का इशारा किया. पुलिस वाहन पर नजर पड़ते ही तीनों वाहन चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया.

इस बात नगर थानाध्यक्ष ने खनन विभाग को सूचित किया है. खनन विभाग के आवेदन के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी.

दीपावली व छठ पूजा को ले पुलिस बरत रही सतर्कता

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-दीपावली व छठ पूजा को ले स्थानीय थाना पुलिस सर्तकता बरत रही है। संदिग्ध लोगों पर पुलिस नजर रख रही है तथा शराबबंदी कानूनी अभिरक्षा पालन करने को लेकर थाना क्षेत्र केमुख्य चौक-चैराहों पर वाहन जांच अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सोमवार को नगर के पटेल चौक पर एएसआई मुन्नी लाल ने दलबल के साथ चौक से गुजरने वाली चार पहिया तथा बाइक को गहनता से जांच किया, इतना ही नहीं बाइक की डिक्की को भी खुलवाकर जांच करते देखे गए। थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि एसपी डॉ गौरव मंगला से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार वाहनों की जांच की जा रही है और जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

वारिसलीगंज को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मानसून की बेरुखी के कारण पूरे जिले में नाम मात्र की धान रोपनी हुई है। वहीं सुखाड़ का लाभ जिले के अन्य प्रखंडों के किसान को सरकार द्वारा दी जा रही है। लेकिन वारिसलीगंज को सुखाड़ लाभ से अलग रखा गया है। जिसे लेकर प्रखंड कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा सोमवार को एक बैठक आयोजित कर वारिसलीगंज को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग सरकार से की गई है। प्रखंड अध्यक्ष ओंकार कुमार छोटी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर अध्यक्ष द्रोण प्रसाद कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता श्याम सुंदर प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, अनिल कुमार, गणेश सिंह, जयराम सिंह,रामसेवक प्रसाद सिंह, रामचरित्र सिंह, अनिल सिंह आदि ने वारिसलीगंज प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने तथा क्षेत्र के किसानों को राहत की राशि देने की मांग की है।

चिराग तले अंधेरा समाहरणालय के सार्वजनिक शौचालय में लगा ताला

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ

नवादा (बिहार)। जिला समाहरणालय में चिराग तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है. मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना से समाहरणालय परिसर में बने यात्री शेड एवं शौचालय में ताले लटक रहे हैं. ऐसे में समाहरणालय आनेवाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

बता दें मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना से समाहरणालय परिसर में बने यात्री शेड एवं शौचालय का निर्माण वर्ष 12.12.2018 को 25 लाख 13 हजार 7 सौ 40 रुपए की लागत से किया गया था। लेकिन ताला लगे रहने से इसका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है।

यह हाल तब है जब जिलाधिकारी समेत तमाम अधिकारियों का यहां आना-जाना लगा रहता है। लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा पा रहा है। ऐसे में समाहरणालय आनेवाले लोगों को शौच के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

तेजस्वी को कोर्ट से राहत मिलना सच्चाई की जीतः प्रीति यादव

मधेपुरा। आईआरसीटीसी मामले में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव की जमानत रद्द नहीं होने पर मधेपुरा की समाजसेविका प्रीति यादव ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने न्यायालय के प्रति भी आभार व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सीबीआई की अर्जी पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई करते हुए बड़ी राहत दी है। प्रीति यादव ने कहा कि कोर्ट से राहत मिलना सच्चाई की जीत है। बिहार के लोग कोर्ट के प्रति आस्था रखते हैं। प्रीति ने कहा कि न्याय के मंदिर में तेजस्वी यादव को न्याय मिलेगा ऐसा विश्वास पहले से ही था। उन्होंने कोर्ट के निर्णय का तहे दिल से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

न्याय के मंदिर में तेजस्वी यादव को न्याय मिलेगा ऐसा विश्वास पहले से ही था- कामिनी गोयल

तेजस्वी को कोर्ट से राहत मिलना सच्चाई की जीत

फारबिसगंज । उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का आईआरसीटीसी मामले में जमानत रद्द नहीं होने पर राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष कामिनी केडिया गोयल ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने न्यायालय के प्रति भी आभार व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सीबीआई की अर्जी पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई करते हुए बड़ी राहत दी है।राजद नेत्री सह कॉनसम ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती गोयल ने कहा कि कोर्ट से राहत मिलना सच्चाई की जीत है। बिहार के लोग कोर्ट के प्रति आस्था रखते हैं। कामिनी ने कहा कि न्याय के मंदिर में तेजस्वी यादव को न्याय मिलेगा ऐसा विश्वास पहले से ही था। उन्होंने कोर्ट के निर्णय का तहे दिल से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

नगर परिषद अररिया की पूर्व चेयरमैन स्वीटी दास गुप्ता बनी लोजपा रामविलास महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष

अररिया । मंगलवार दिनांक 18 अक्टूबर 2022 को लोजपा रामविलास अररिया के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पोद्दार की उपस्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास अररिया महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा रह चुकी श्रीमती स्वीटी दास गुप्ता को अनुशंसा पत्र दिया गया इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनीष झा,कोषाध्यक्ष प्रतिक रॉय, छात्र जिला अध्यक्ष मनीष राज सूर्यभारती नगर प्रभारी अमित कुमार सिंह नगर प्रधान महासचिव श्री रवि कुमार जी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नवादा में रबी फसल आच्छादन का लक्ष्य तय

80940.1 हेक्टेयर में होगा रबी का आच्छादन, मक्का और तेलहन पर रहेगा जोर

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ

नवादा (बिहार)। धान फसल पर ग्रहण लगने के बाद जिले में रबी फसल आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। गेहूं के अलावा एक हजार 938.1 हेक्टेयर में मक्का और एक हजार 418.60 हेक्टेयर में जौ का आच्छादन तय किया गया है। इन फसलों समेत दलहन और तिलहन तथा मक्का के उत्पादन पर जोर रहेगा।

जिले में इसबार 4133.9 हेक्टेयर में चना की फसल लगायी जायेगी। 372 हेक्टेयर में खेसारी, 4 हजार 63.3 हेक्टेयर में मसूर, 6.5 हेक्टेयर में राजमा, 855 हेक्टेयर में मटर व एक हजार 194.36 हेक्टेयर में अन्य दलहन लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

तेलहन फसल पर रहेगा जोर

गेहूं और दलहन फसलों के अलावा जिले में तेलहन फसलों पर भी जोर रहेगा। इस बार जिले में 2 हजार 238.15 हेक्टेयर में राई-सरसों, 396.27 हेक्टेयर में सूर्यमुखी और 2 हजार 507.28 हेक्टेयर में तीसी जैसी तिलहन फसल लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खरीफ फसलों पर इस बार मौसम की दगाबाजी के कारण महज 57 फीसदी ही धान का आच्छादन संभव हो सका था। तब से ही किसानों की पूरी उम्मीद रबी फसल पर आ कर टिक गयी है। सभी किसानों को उम्मीद है कि रबी फसलें उनके मंसूबों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी।

हालिया दिनों की बारिश के बाद भूमिगत जलस्त्रोत की बेहतर उपलब्धता से यह उम्मीद और भी बढ़ गयी है।

विगत वर्ष से अधिक रखा गया है लक्ष्यः

जिला कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन ने बताया कि रबी फसल 2021-22 की तुलना में इस बार 3 हजार 670.1 हेक्टेयर में अधिक आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 77 हजार 270 हेक्टेयर में गत वर्ष रबी आच्छादन का लक्ष्य था। इसबार अनेक फसलों का रकवा बढ़ा दिया गया है। गेहूं जहां इसबार 61 हजार 817.1 हेक्टेयर में लगाने का लक्ष्य रखा गया है वहीं, गत बार 57 हजार 372 हेक्टेयर में ही बुआई का लक्ष्य रखा गया था। इसबार चना 133.9 हेक्टेयर जबकि मसूर 63.3 हेक्टेयर अधिक रकवा में आच्छादित किया जायेगा। दूसरी तरफ, खेसारी, मक्का, राजमा, सूर्यमुखी, तीसी और जौ के लक्ष्य में मामूली कमी की गयी है।

नवादा में डेंगू ने पसारे पांव, आंगनबाड़ी सेविका सहित 23 मरीज नवादा सदर अस्पताल में भर्ती, अस्पताल में 50 से अधिक लोगों की रोज हो रही जांच

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ

नवादा (बिहार)। शहर में डेंगू का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। बताया जा रहा है कि नवादा शहर में डोर टू डोर सर्वे के दौरान नगर के गढ़पर निवासी आंगनबाड़ी सेविका दीपशिखा डेंगू की चपेट में आ गयी है।

दीपशिखा का कहना है कि डोर टू डोर सर्वे का काम कर रही थी। 3 ही दिन में अचानक तबीयत बिगड़ गयी और अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। वहीं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अजय कुमार ने बताया कि डेंगू का आंकड़ा बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

नवादा सदर अस्पताल परिसर स्थित रैन बसेरा को डेंगू वार्ड बनाया गया है वहीं नशा मुक्ति वार्ड को भी डेंगू वार्ड में कन्वर्ट कर दिया गया है। दोनों वार्ड में इस वक्त 23 मरीज

भर्ती हैं और सभी मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

डेंगू का सिम्टम्स किसी भी व्यक्ति में पाया जाता है तो उसकी जांच के लिए विशेष काउंटर बनाया गया है, जहां प्रतिदिन 50 से अधिक लोगों की डेंगू की जांच की जा रही है।

इधर, नगर परिषद द्वारा हर मुहल्ले में फॉगिंग मशीन से केमिकल का छिड़काव किया जा रहा है।

निवर्तमान वार्ड पार्षद भी मोर्चा संभाल अपने-अपने वार्ड में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर डेंगू मरीजों का आंकड़ा बढ़ता है तो सदर अस्पताल में बेड कम पड़ जायेगा।

इमरजेंसी एवं ओपीडी एक ही जगह

अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इमरजेंसी एवं ओपीडी को एक ही चैम्बर में कर दिया गया जिस कारण मरीजों को परेशानी हो रही है। परिणामस्वरूप इमरजेंसी में मरीजों की लम्बी कतार लग रही है। इमरजेंसी वार्ड में ओपीडी चलने के कारण वार्ड में भर्ती मरीजों को परेशानी हो रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना करें सुनिश्चित : जिलाधिकारी

एएनसी जांच व सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए अधिकारी उठाएं जरूरी कदम

अररिया । ग्रामीणों क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि ग्रामीणों को भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य लाभ मिले। उक्त बातें स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामलों को लेकर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में मंगलवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम इनायत खान ने कहीं। बैठक में आगामी नवंबर माह से संचालित एनडीडी कार्यक्रम की सफलता, डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने को लेकर विभागीय तैयारी, नियमित टीकाकरण, कोविड वैक्सीनेशन, एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, से जुड़ी सेवाओं के साथ ओपीडी व इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी इनायत खान ने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिए।

जिलाधिकरी ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में

शुमार है। इसे लेकर जरूरी कदम उठाये गये हैं। संबंधित मामलों का नियमित रूप से निरीक्षण व अनुश्रवण किया जा रहा है। बावजूद एएनसी जांच व प्रसव संबंधी मामलों में कुछ प्रखंडों का प्रदर्शन जिले के औसत से कम है। इसमें सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच के दायरे में लाने व संस्थागत प्रसव के मामलों में बढ़ोरती को लेकर उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने अधिक से अधिक संस्थानों में प्रसव सेवा बहाल करने क निर्देश दिया।

अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ओपीडी सेवाओं का लाभ

विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी संचालन संबंधी मामलों की समीक्षा में रानीगंज, नरपतगंज व भरगामा के कमतर प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने इसमें सुधार का निर्देश दिया। उन्होंने प्रथम तिमाही में गर्भवती की पहचान व शतप्रतिशत गर्भवती माताओं का चार एएनसी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कोविड टीकाकरण मामले की समीक्षा करते हुए स्कूली बच्चों के कमतर प्रदर्शन पर चिंता जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चिह्नित बच्चों टीकाकरण के लिये हाउस टू हाउस कैंपन संचालित किये जाएं।

कैंसर की जल्दी पहचान बचा सकती है कैंसर पीड़ित बच्चों की जिंदगी- डॉ. विभूति प्रसन्न सिन्हा

आईजीआईएमएस स्थित राज्य कैंसर संस्थान से निकली गयी कैंसर जागरूकता रैली

पटना । 18 अक्टूबर- ह्लबचपन इच्छाओं और अनंत संभावनाओं के सपने के समय है. लेकिन कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए यह जीवन की लड़ाई है. चिकित्सा एक आम प्रक्रिया होती है लेकिन कैंसर पीड़ित बच्चों के उपचार में संवेदना उन्हें संबल देने का काम करती है. कैंसर के बारे में जागरूकता बहुत जरुरी है और अभी भी गाँव में लोग यह समझते हैं कि बच्चों को कैंसर नहीं होता है इसलिए कैनकिड्स संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय हैह्व, उक्त बातें इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. विभूति प्रसन्न सिन्हा ने कैंसर जागरूकता रैली को रवाना करते हुए कही.

कैनकिड्स किडस्कैन संस्था के तत्वावधान में निकली गयी रैलीः

समुदाय में बच्चों के कैंसर के बारे में जनमानस में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं कैनकिड्स किडस्कैन संस्था के तत्वावधान में दो दिवसीय रैली को आज मंगलवार को आईजीआईएमएस स्थित राज्य कैंसर संस्थान से रवाना किया गया. रैली राज्य के फतुआ, बिहारशरीफ, सिलाव, पावापुरी, गया, बोधगया, एवं जहानाबाद में समुदाय को कैंसर और बच्चों पर इसका असर के बारे में जागरूक करेगी. उक्त जगहों पर कैनकिड्स संस्था द्वारा आशा कार्यकताओं का बच्चों के कैंसर को लेकर उन्मुखीकरण भी किया जायेगा.

राज्य में औसतन 3400 बच्चे हर वर्ष होते हैं कैंसर से ग्रसितः

राज्य कैंसर संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में हर वर्ष औसतन 3000 से 3500 बच्चे कैंसर से ग्रसित पाए जाते हैं. वहीँ

राज्य में अभी इस वर्ष 14000 कैंसर के मरीज उपचाराधीन हैं. राज्य कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि कैंसर की लड़ाई के खिलाफ जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है क्यूंकि लक्षणों को जल्दी पहचान कर उसका उपचार शुरू करने से उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त होते हैं.

इस अवसर पर अपने संबोधन में कैनकिड्स किडस्कैन संस्था की बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. योगिता भाटिया ने बताया कि संस्था देश के 22 राज्यों एवं 53 शहरों में कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए सर्वोत्तम उपचार एवं सहायता को सुनिश्चित करने का काम करती है. संस्था हर साल 15000 से अधिक कैंसर पीड़ित बच्चों के परिवार को वित्तीय, चिकित्सा, शैक्षिक, पोषण, स्वच्छता, रक्त और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करती है.

कैंसर को मात दे चुके बच्चों ने साझा किये अपने अनुभवः

इस अवसर पर कैंसर को मात दे चुके 3 बच्चों ने भी कैंसर से लड़ाई और उसपर जीत के अनुभव को साझा किया. इन बच्चों में पटना की तान्या कुमारी, मुजफ्फरपुर के सनी कुमार गुप्ता एवं नवादा के कौशल कुमार निराला शामिल थे.

इस अवसर पर इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. विभूति प्रसन्न सिन्हा, एनेस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. ए.के.दुबे, राज्य कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव रंजन प्रसाद, संस्थान के डॉ. राहुल रंजन, डॉ. दिनेश, डॉ. ऋचा, डॉ. कुनाल, कैनकिड्स किडस्कैन संस्था की राज्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. योगिता भाटिया, कैनकिड्स किडस्कैन संस्था की जनरल मेनेजर शोभा सिंह सहित कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस ने अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर किया जब्त, दो चालक गिरफ्तार

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना पुलिस की सक्रियता ने बालू माफियाओं की कमर तोड़ दी है। पुलिस आए दिन थाना क्षेत्र के किसी न किसी स्थान से बालू लदा वाहन को जब्त करने में लगातार सफलता पा रही है। इसी कड़ी में सोमवार की को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक से अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर के साथ दो चालक को गिरफ्तार किया, जबकि एक ट्रैक्टर के चालक पुलिस वाहन को देखते ही अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया।गिरफ्तार चालकों में नालंदा जिला अर्न्तगत कतरीसराय थाना क्षेत्र के तारा बिगहा गांव निवासी धनेश्वर

प्रसाद के पुत्र मनोहर कुमार तथा वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के अपसढ ग्रामीण सन्टू रविदास के पुत्र राजाराम शामिल है। वहीं मंगलवार की सुबह गशती के दौरान पुलिस ने एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया, उक्त वाहन का चालक भागने में सफल रहा। इस संबंध में थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि खान निरीक्षक अमित कुमार के लिखित आवेदन के आलोक में सभी जब्त वाहनो के चालक और मालिकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व वारिसलीगंज पुलिस ने अवैध बालू लदे दर्जनो वाहनो को जब्त कर कई चालकों को जेल की हवा खिला चुकी है, बावजूद बालू माफिया अपने करतूत से बाज नहीं आ रहे है।

अंतर जिला वालीबाल डे नाइट मैच में 12 टीमों के बीच रोचक मुकाबला

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के सिमरीडीह गांव निवासी निवर्तमान वार्ड पार्षद अभय कुमार के नेतृत्व में छह दिवसीय डे नाईट वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है।आयोजित मैच में विभिन्न जिलों के 12 टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 अक्टूबर को किया गया। शुरूआत के दिन प्रखंड के बाली गांव की टीम के द्वारा चैनपुरा को तथा नालंदा जिला के गिरियक की टीम ने शेखपुरा जिला के अंबारी टीम को हराया।उसी प्रकार शेखपुरा जिला के पहाड़िया की टीम ने हिसुआ प्रखंड के खन्ना टीम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। 16 अक्टूबर की शाम रोमांचक मुकाबले में नगर क्षेत्र के

जवाहर पार्क की टीम ने संगत पर टीम को तथा लखीसराय के नए गांव की टीम गया जिला के रफीगंज की टीम को पराजित करने में सफल हुई ।उसी प्रकार उत्तर बाजार की टीम ने खानापुर टीम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही।कार्यक्रम को सुचारु रुप से संचालित करने में सहयोग कर रहे रणवीर कुमार, कल्याण कुमार, राजा कुमार, गौरी, धर्मेंद , युवराज, गौरव, सौरव आदि ने बताया कि 17 और 18 अक्टूबर सेमीफाइनल में जगह बनाने में को सेमीफाइनल आयोजित कराई जाएगी। जिसमें सफल टीम को 19 अक्टूबर को फाइनल मैच खेलना है। फाइनल मैच के विजेता और उपविजेता को समारोह पूर्वक उक्त तिथि को ही पुरस्कृत किया जाना है।

अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के 66वां अधिवेशन संपन्न

जामनगर । अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का तीन दिवसीय 66वां अधिवेशन मंगलवार को श्री 5 नवतनपुरी धाम खीजड़ा मंदिर ट्रस्ट, जामनगर (गुजरात) में संपन्न हुआ। ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने इन सभी अकादमिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि प्रथम दिन अधिवेशन के उद्घाटन सत्र और व्याख्यानमालाएं आयोजित हुईं। इसमें उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया। दूसरे दिन तर्क और ज्ञानमीमांसा, नीति दर्शन, धर्म दर्शन, तत्त्वमीमांसा, समाज दर्शन तथा योग एवं मानव चेतना विभाग में लगभग दो सौ आलेख प्रस्तुत किए गए। इनमें नीति दर्शन विभाग में प्रस्तुत उनका आलेख महात्मा गांधी एवं डॉ. अंबेडकर का दलित-मुक्ति संबंधी विचार : एक तुलनात्मक एवं समीक्षात्मक अध्ययन भी प्रमुख रहा। तीसरे दिन प्रणामी धर्म-दर्शन एवं श्रीअरविंद : मानव एकता का आदर्श और राष्ट्र की अवधारणा विषयक दो संगोष्ठियां आयोजित की गईं। उन्होंने

प्रथम संगोष्ठी का संयोजन एवं संचालन किया।

डॉ. शेखर ने बताया कि यह अधिवेशन प्रणामी संप्रदाय के मुख्य परिसर में ही आयोजित हुआ। यह हिंदू धर्म का लगभग चार सौ वर्ष पुराना संप्रदाय है, जिसे श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म या निजानंद सम्प्रदाय या परनामी संप्रदाय भी कहते हैं। यह को 'राजजी' (सच्चिदानंद) की ईश्वर के रूप में उपासना करता है। उन्होंने बताया कि प्रणामी धर्म की स्थापना देवचंद्र महाराज द्वारा हुई। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार प्राणनाथ स्वामी एवं उनके शिष्य महाराज छत्रसाल ने किया। जामनगर में नवतनपुरी धाम प्रणामी धर्म का मुख्य तीर्थ स्थल है, जहां परिषद् का 66वां अधिवेशन संपन्न हुआ है।

इस अवसर पर प्रणामी धमार्चार्य स्वामी कृष्णमणिजी महाराज, सामान्य अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सोहनराज तातेड़, अध्यक्ष डॉ. जटाशंकर, सचिव डॉ. जेएस दुबे, पूर्व महामंत्री डॉ. अम्बिका दत्त शर्मा, संगोष्ठी अध्यक्ष डॉ. रमेशचन्द्र वर्मा, डॉ. अनिल द्विवेदी, डॉ. जयप्रकाश शाक्य, डॉ.ज्योति चौधरी, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, अरविंद अहिरवार, डॉ. सरोज कुमार वर्मा, डॉ. विजय कुमार, डॉ. नीरज प्रकाश आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य संस्थानों के पास पर्याप्त किट उपलब्ध, डेंगू जांच में लाएं तेजी

डेंगू को लेकर ज्यादा पेनिक होने की जरूरत नहीं, एहितायती उपायों पर अमल से बचाव संभव

अररिया। जिले में डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बीते सोमवार को जिले में डेंगू के तीन नये मामले सामने आये हैं। वहीं मंगलवार को भी रानीगंज से संक्रमित एक मरीज मिलने की जानकारी है। इस तरह संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ कर 26 हो चुकी है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग एहतियाती उपायों पर जोर दे रहा है। संभावित मरीजों की खोज व समुचित इलाज पर विभाग की निगाहें टिकी हुई है। इसे लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास जारी है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को डेंगू जांच में तेजी लाने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में डेंगू जांच किट उपलब्ध कराया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह की देखरेख में सभी पीएचसी प्रभारी को डेंगू जांच किट उपलब्ध कराया गया।

वर्ष 2019 में मिले थे डेंगू के

सर्वाधिक मामले

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर ज्यादा पैनिक होने की जरूरत नहीं है। एहतियाती उपायों पर अमल करते हुए हम अपने साथ अपने परिवार व समुदाय के लोगों को संक्रमण के खतरे से मुक्त रख सकते हैं। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जिले में वर्ष 2019 में डेंगू के सर्वाधिक 62 मामले सामने आये थे। वहीं वर्ष 2020 में डेंगू के 47, वर्ष 2021 में 33 व वर्ष 2022 में अब तक 25 मामले मिलने की जानकारी दी।

न्यायालय ने आदरणीय तेजस्वी जी को उचित न्याय देते हुए जमानत रद्द नहीं किया- डॉ. आलोक राज

भारत में आने वाले समय में जनता इस तानाशाही सरकार को मुंह तोड़ जवाब देगी

पूर्णियां । सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं ।कोई कितनी भी बड़ी साजिश क्यों ना कर दे लेकिन सत्य हमेशा सत्य ही रहता है उक्त बातें राष्ट्रीय जनता दल के जिला प्रवक्ता डॉक्टर आलोक राज ने कही। कुछ लोग आदरणीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी को परेशान करने की साजिश रच रहे थे लेकिन इनकी साजिश नाकाम हो गई और उन्हें उनका जवाब मिल गया केंद्र में सत्ता मैं बैठी सरकार जो बीजेपी की है वह विपक्ष के लोगों को सीबीआई एवं ईडी का भय दिखाती है एवं सीबीआई एवं ईडी का उपयोग अपने निजी एजेंसियों के रूप में करती है इसी का नतीजा है कि सीबीआई इन्हीं के इशारे पर आदरणीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी जी की जमानत को रद्द करवाने न्यायालय गई थी न्यायालय ने आदरणीय तेजस्वी जी को उचित न्याय देते हुए जमानत रद्द नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल के हर एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को

भारतीय न्याय व्यवस्था पर पूर्ण आस्था एवं विश्वास है आज न्याय व्यवस्था के द्वारा जो न्याय दिया गया है इससे दबे कुचले वंचित समाज का विश्वास और भी न्यायपालिका पर बढ़ गई है ।उन्हौनें कहा कि बीजेपी के लोग एवं बीजेपी के हाथ के कठपुतली ईडी एवं सीबीआई नहीं चूक रही है। इस केंद्र सरकार में स्वतंत्र जांच एजेंसियों से भी लोगों का विश्वास और भरोसा उठ गया है लोगों के मन में जो सीबीआई और ईडी के प्रति विश्वास था वह विश्वास खत्म होने के कगार पर पहुंच गई है माननीय न्यायालय ने जो फैसला दिया है फैसला न्याय उचित एवं न्याय संगत है इस फैसले से आम आवाम मैं खुशी की लहर है एवं इस फैसले से केंद्र सरकार को सबक लेनी चाहिए कि किसी भी व्यक्ति और इंसान को बेवजह परेशान और प्रताड़ित नहीं की जानी चाहिए भारत की जनता सब कुछ देख रही है लोकतंत्र है भारत में आने वाले समय में जनता इस तानाशाही सरकार को मुंह तोड़ जवाब देगी एवं इस सरकार सत्ता उखाड़ बाहर फेंकेगी

धनाभाव में बघउंच गो आश्रय के मवेशी कर रहे फांकाकशी, मरने के कगार पर

-गो आश्रय के संरक्षक ने लिखा जिलाधिकारी को पत्र, मांगा धन दिया चेतावनी, कहा जल्दी भुगतान नहीं तो छोड़ देंगे मवेशी छुट्टा

राजीव चतुर्वेदी, दैनिक समाज जागरण हल्दी (बलिया) : विकास खंड बेलहरी के ग्राम पंचायत बघऊंच स्थित गो आश्रय स्थल पर 10 अक्टूबर से चारा चोकर आदि जरुरी सामान समाप्त हो गया है। जिसके कारण पशुओं की मरने की संख्या भी बढ़ने लगी है। गो आश्रय स्थल के संरक्षक ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर पांच माह के बकाया भुगतान की मांग किया। चेतावनी दिया है कि जल्दी भुगतान नहीं हुआ तो पशुओं को छुट्टा छोड़ देंगे।

अधिकारियों के मनमाने रवैया अपनाने के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वपूर्ण योजना का पलिता लग रहा है। बानगी के रुप में विकास खंड बेलहरी का इकलौता गो आश्रय स्थल जो ग्राम पंचायत बघऊंच में बना है। जहां आज भी करीब 316 गोवंश उपलब्ध है, वहां के संरक्षक ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से लगायत मुख्यमंत्री तक को पत्र लिखकर कहा है कि पांच माह से भुगतान न मिलने के कारण 10 अक्टूबर से मवेशियों को चारा, भुसा, खरी, चोकर आदि जरुरी खाद्य सामाग्री उपलब्ध न होने के कारण पशुओं की मृत्यु दर में इजाफा हो गया है। ग्राम प्रधान शिवपूजन राम ने 14 अक्टूबर को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि जल्दी भुगतान नहीं किया तो सभी पशुओं को छुट्टा छोड़ दिया जायेगा।

पूर्व मंत्री नारद राय के आवास पर

नेताजी जी की याद में आयोजन के लिए सपा कार्यकताओं की बैठक
नेताओं ने बनायी कार्ययोजना, 16 स्थानों के देवस्थानों पर होगी पूजा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : समाजवादी पार्टी के संरक्षक देश के गरीबों मजलूमों और किसानों व्यापारियों के लिए जिंदगी भर सत्ता में रहने पर कानून बनाकर मदद करने वाले एवं सत्ता में ना रहने पर सर्व समाज के लिए संघर्ष करने वाले युगपुरुष मुलायम सिंह यादव नेताजी के निधन से करोड़ों लोग शोकाकुल हैं। भगवान से प्रार्थना है कि उनके आत्मा को शांति दे एवम उनके परिवार सहित पूरे देश में उनके चाहने वाले को इस भारी गम को सहन करने की ताकत दे।

पूर्व मंत्री माननीय नारद राय के आवास चंद्रशेखर नगर में नेताजी को श्रद्धांजलि दिया गया। 21 अक्टूबर को नेता जी के याद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारी किया गया। बैठक में फैसला लिया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव के दिशा निर्देश पर विधानसभा बलिया नगर के अंतर्गत दर्जनों मंदिरों में हवन पूजन व मदरसों में फातिया पढ़ा जाएगा तथा श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज का आयोजन भी सपा के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकताओं के द्वारा कराया जाएगा। पूर्व मंत्री नारद राय ने नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बलिया विधानसभा के सभी नेताओं एवं कार्यकताओं से अनुरोध है कि आप अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित होकर नेताजी को श्रद्धांजलि दीजिए तथा होने वाले कार्यक्रम में सहयोग कीजिए। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से राम केवल बिंद, जमाल आलम , सुशील पाण्डेय"कान्हजी" , छितेश्वर यादव, सत्येंद्र पांडेय, शशिकांत सिंह, राहुल चौबे, मृत्युंजय राय, रामेश्वर यादव (प्रधान), मुरलीधर यादव (प्रधान), संजय यादव (प्रधान), पल्लू जयसवाल, उमेश कुमार, दिनेश सिंह, सिपाही यादव, मनु राय, भुवनेश्वर राय (पूर्वप्रधान) बड़क चौधरी, भीम यादव, हरिशंकर राय, बूढ़ा राय, कमलेश राय, हरिन्दर गोंड सहित सभी उपस्थित लोगों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

बाजार करने आयी महिला अचनाक गिरी और मौत

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण रसड़ा (बलिया) : नगर के कोतवाली के समीप मंगलवार को दोपहर लगभग 3 बजे बाजार करने आयी नीतू देवी (30) पत्नी मनोज निवासी अंवरापुल थाना कासिमाबाद गाजीपुर की मौत हो गई। महिला अपनी बहन के साथ बाजार आयी हुई थी। खरीदारी करते समय वह कोतवाली के पास एक दुकान के बाहर पर्स से पैस निकाल रही थी कि तभी अचानक सड़क पर गिर पड़ी। लोगों ने तत्काल उसे रसड़ा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अजय यादव अस्पताल पहुंचकर उन्होंने मृतक महिला की बहन से पूछताछ की और बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

नगर निकाय चुनाव के लिए आयोजित हुई क्षेत्र में बैठक

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण बाँसडीह (बलिया) : आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियो को लेकर मंगलवार को प्रथम बैठक बाँसडीह डाकबंगला पर आयोजित हुई। आयोजित बैठक में नगर पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गयी और हर वार्डों में बूथ प्रमुख और बूथ प्रभारी बनाने के साथ ही बूथ समिति का भी तत्काल गठन किये जाने पर बल दिया गया। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये भाजपा नगर निकाय चुनाव के जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में भाजपा का परचम हर नगर पचायत में लहरायेगा जिसके लिये कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ ताकत झोंक दे। आयोजित बैठक में भाजपा बाँसडीह मण्डल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने नगर निकाय चुनाव के जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह तथा बाँसडीह नगर पचायत चुनाव प्रभारी अभिजीत तिवारी को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस मौके पर अभिजीत तिवारी, मूनजी गोंड, गोपाल जी गुप्ता, विवेक गुप्ता, रविंद्र मिश्रा, अग्निवेश गुप्ता, अरुण पांडेय, देवव्रत दूबे सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण रसड़ा (बलिया) : रसड़ा नगर क्षेत्र के

आरपीएफ व बलिया पुलिस की सक्रियता से लापता बच्चियां बरामद

मुस्लिम परिवार की चार बच्चियां सोमवार की सायं 3 बजे मेला देखने के बाद अचानक लापता हो जाने से परिजनों सहित पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। देर सायं रसड़ा पहुंचे एएसपी दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी ने लापता बच्चियों की तलाश के लिए कई टीमें लगा दीं।

लगभग 10 घंटे के अथक प्रयास के बाद छपरा आरपीएफ व बलिया पुलिस की सक्रियता से चारों बच्चियों को छपरा रेलवे स्टेशन से बरामद कर परिजनों को सौंप दिये जाने से पुलिस सहित परिजनों ने राहत की सांस ली। रसड़ा नगर के पश्चिम मुहल्ला निवासी फैय्याज अहमद की दो पुत्रियां नूर अफसा खातून (13) वर्ष तथा आलिया (2) वर्ष अपनी सहेली मंतसा परवीन (12) पुत्री इजहार अहमद तथा फलक (12) पुत्री एजाज अली निवासी मल्लाह टोली के साथ सोमवार की दोपहर में रसड़ा रामलीला मैदान में लगे मेला को देखने चलीं गईं। इस बीच वे भटकते-भटकते रसड़ा रेलवे स्टेशन पर पहुंची और इसी बीच मऊ से छपरा जा जा रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में सवार हो गईं। ट्रेन के छपरा पहुंचते ही आरपीएफ ने चारों बच्चियों को अपने सानिध्य में लेकर बलिया पुलिस को सौंप दिया।

ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन फेल होने के कारण रेल यातायात बाधित

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन फेल होने के कारण रेल यातायात बाधित हो गया। बलिया छपरा- रूट लगभग नौ बजे से 10:40 तक पूरी तरह ठप हो गया। जिसमें ट्रेनें जहां की तहां खड़ी हो गई। आफत बनी लोगों को यात्रा करना । बताते चलें की मंगलवार सुबह छपरा से बलिया के तरफ जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस के जाने के बाद लगभग 2 घंटे के लिए ट्रेनों का पहिया थम गया। आधा दर्जन ट्रेन मालगाड़ी बकुलहा, गौतम स्थान रुक गई। जिससे सुरेमनपुर स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में खड़े यात्री परेशान हो गए। सुरेमनपुर रेलवे कर्मचारी द्वारा बताया गया कि रेलवे स्टेशन यार्ड के रिमाडलिंग योजना के तहत प्री नॉन और नॉन इंटरलॉक काम हो रहा है। 20 अक्तूबर तक चलने वाला कार्य चलेगा कुछ न कुछ दिक्कत आता रहेगा 20 तारीख के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा।

अधूरे निर्मित लोहिया मार्केट की दुकानों के आवंटन प्रक्रिया पर तत्काल लगे रोक : लक्ष्मण गुप्ता

जिलाधिकारी से मांग: समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व पालिकाध्यक्ष ने गिनाया लोहिया मार्केट की कमी दोष

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण गुप्ता ने जिलाधिकारी बलिया से अधूरे निर्मित लोहिया मार्केट की दुकानों के आवंटन प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की है। श्री गुप्त ने कहा है कि एक तो लोहिया मार्केट अभी आधा अधूरा बना है, पूरे कैम्पस मे झांड झंकार लगा हुआ है, इसमें न पार्किंग बनी है, न ही फायर सेक्योरिटी का ही कोई इंतजाम है। ऐसे में दुकानों का आवंटन करना कहीं से भी न्यायोचित नही है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष ने कहा कि 2005 मे ही इस मार्केट के निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये सीएनडीएस को दे दिया गया था लेकिन सीएनडीएस ने श्रीमती साधना गुप्ता चेयरमैन के अंतिम कार्यकाल 2017 तक इस विभाग ने न कार्य पूर्ण किया था और न ही हिसाब दिया था, इस लिए हैंडओवर नही लिया गया था। चेयरमैन संजय उपाध्याय ने भी अपने कार्यकाल में भी हैंडओवर नहीं लिया। कहा कि मेरे कार्यकाल मे 4 जून 2005 को इस बहुउद्देशीय बहुमंजिला मार्केट का शिलान्यास जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया और आजम खान साहब के शुभ हाथों से हुआ था। इसको बेरोजगारों को रोजगार देने, कमजोर दुकानदारों को स्थायी दुकान देने के लिए बनाया गया है। लेकिन वर्तमान नगर पालिका प्रशासन इसको पैसे वालों के हाथों मे सौंपना चाह रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। कहा कि मेरे रहते गरीबों के हक पर डाका डालने का अगर कोई भी प्रयास होगा तो उसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। कहा कि जिस नगर पालिका प्रशासन के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की कई जांच मंडलायुक्त महोदय के आदेश पर जिलाधिकारी महोदया खुद करा रही है, उस बोर्ड का कोई भी प्रस्ताव कैसे स्वीकार किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस बोर्ड का कार्यकाल मात्र डेढ़ माह का ही बचा हो, वह बोर्ड इस मार्केट का नाम बदलने का प्रस्ताव (फर्जी बोर्ड की बैठक के द्वारा) कैसे पारित कर सकता है । कहा कि लोहिया जी मात्र किसी दल या धर्म के नेता नहीं थे बल्कि वे सभी धर्मो सम्प्रदायों के दबे कुचले पीड़ितों असहायो और बेरोजगारों की आवाज थे। ऐसे महान व्यक्तित्व के नाम को बदलना, ऐसे महान व्यक्तित्व का अपमान करना है। किसी भी सरकार मे ऐसे महान लोगों के नाम को बदलने का प्रयास नहीं होना चाहिये। ऐसी परंपरा को बदलने की जरूरत है। कहा कि इस मार्केट का नाम लोहिया मार्केट की जगह और स्वीकार नहीं हो सकता है।

सराहनीय पहल: युवा भाजपा नेता उत्कर्ष सिंह बिट्टू भी पीड़िता के साथ, पिता को दी 21000 की मदद

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : बागी बलिया जैसे जनपद को भी कभी-कभी कुछ कुकर्मियों की वजह से शर्मशार होना पड़ता है। ताड़ीबड़ा गांव नगरा की जिस घिनौनी घटना की चर्चा पूरे देश में हो रही है उसने हम बलियावासियों को शर्मशार कर के रख दिया है। इस घटना से मन बहुत आहत है, दुराचारियों द्वारा ताड़ीबड़ा गांव की बेटी के साथ दुराचार का प्रयास और उसकी वीभत्स हत्या का प्रयास की घटना से मन बहुत आक्रोशित भी है। उक्त कहना है भाजपा के युवा नेता एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू के पुत्र उत्कर्ष सिंह बिट्टू का।

उत्कर्ष सिंह ने कहा वह बिटिया के साथ पूरी तरह खड़े हैं। उन्होंने बिटिया के पिताजी को 21 हजार रुपए की धनराशि भी मुहैया कराई है। श्री सिंह ने जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु आग्रह भी किया है तथा ताड़ीबड़ा गांव मे अपने सहयोगियों को भेजकर पीड़िता के परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। जीवन और मौत से जूझ रही बेटी के लिए सभी से कहा कि आप सभी लोग कृपया पीड़िता की सलामती के लिए भगवान से प्रार्थना करें।

-प्रशासनिक अधिकारियों से की वार्ता, कहा दुराचारियों को मिले सख्त सजा
-कहा कुकर्मियों के कारण ही कभी कभी बागी भूमि को होना पड़ रहा शर्मसार

अराजक तत्वों पर होगी पैनी नजर : हिमेंद्र सिंह

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : दीपावली, लक्ष्मी पूजा एवं छठ का पूर्व आपसी सद्भाव, प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनायें। शांति व्यवस्था व माहौल को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। उक्त बातें प्रभारी निरीक्षक हिमेंद्र सिंह ने मंगलवार को सायं कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने वालों व अराजकता उत्पन्न करने वाले के विरूद्ध सख्ती बरती जायेगी। डीजे पर सख्ती से पाबंदी रहेगी तथा पटाखों व आतिशबाजी के सामानों की बिक्री सार्वजनिक स्थानों पर नहीं की जायेगी। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक सीपी कश्यप सहित उत्तरी चौकी प्रभारी अजय यादव के अतिरिक्त विभिन्न गांव से आये लक्ष्मी पूजा कमेटी के प्रतिनिधियों सहित नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

टैक्टर ट्राली का उपयोग खनन/सवारी हेतु कदापि न किया जाए : परिवहन मंत्री

-परिवहन मंत्री ने कहा 15 हजार प्राइवेट बसों का अनुबंध करना है

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान परिवहन निगम के अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य तय करके प्राइवेट बसों को परिवहन निगम के साथ अनुबंधित करें। कहा कि मुख्यमंत्री ने लगभग 15 हजार बसों को अनुबंधित करने का लक्ष्य परिवहन निगम को दिया है।

दयाशंकर सिंह ने कहा कि अधिकारी इस बात का परीक्षण कर लें कि किन रूटों पर कितने बसों को अनुबंध करने की आवश्यकता है। उसी के अनुरूप अनुबंधित किये जाने हेतु टेण्डर करें। उन्होंने कहा कि अनुबंध की शर्तें स्पष्ट वाहन स्वामियों के हित को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाना चाहिए। जिससे कि किसी भी वाहन मालिक को असंतोष न हो। इस कार्य को समय के भीतर पूर्ण करना है। परिवहन निगम अनुबंध की उचित शर्तें तय करें जिससे कि अधिक से अधिक लोग निगम से अनुबंध कर सकें।

श्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अतिरिक्त आय के लिए विज्ञापन, कोरियर सेवायें एवं लगेज इत्यादि के माध्यम से परिवहन निगम अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए टेण्डर किया जाए। उन्होंने कहा कि अभी भी परिवहन निगम से अनुबंधित ढ़ाबों से शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिये हैं कि अनुबंधित ढ़ाबों का औचक निरीक्षण किया जाए और इस बात की जानकारी ली जाए कि वे ढ़ाबे शर्तों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं तथा गड़बड़ी पाये जाने पर इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रवर्तन टीम अभियान के तहत टैक्टर ट्राली की सख्त चेकिंग करे। किसी भी परिस्थिति में टैक्टर ट्राली का उपयोग सवारी ढ़ोने अथवा खनन कार्य हेतु नहीं होना चाहिए। ऐसा पाये जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने साथ ही प्रवर्तन टीम को निर्देश दिये कि अवैध संचालन एवं ओवर लोडिंग के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाकर चेकिंग करते रहें। जिससे कि अवैध संचालन एवं ओवरलोडिंग पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पाया गया है कि कुछ जनपदों में ओवरलोडिंग और अवैध संचालन पर पूर्णतः रोक नहीं लगाया जा सका है। दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग की महत्वाकांक्षी योजना ह्लह्लएकमुश्त पेनाल्टी समाधान योजनाह्लह्ल का प्रचार-प्रसार और बेहतर ढंग से करने की आवश्यकता है जिससे इस योजना का सकारात्मक परिणाम प्राप्त किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने जनपदों में इस योजना की समीक्षा करके इसे और प्रभावी बनाये जाने में सहयोग प्रदान करें। दयाशंकर सिंह ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा के सफल आयोजन पर परिवहन निगम के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों पर प्रदेश की जनता को बेहतर परिवहन सुविधायें एवं सुरक्षित यात्रा मिल सके, इस दिशा में पूरी निष्ठा एवं कर्मठता के साथ कार्य करें।

समीक्षा बैठक में मुख्यालय से चेयरमैन परिवहन निगम राजेन्द्र तिवारी, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू, एमडी परिवहन निगम संजय कुमार एवं अपर एमडी अन्नपूर्णा गर्ग उपस्थित रहे।

जितेन्द्र सिंह को पुनः मिला प्राथमिक शिक्षक संघ बलिया का ताज

टीडी कालेज के मनोरंजन हाल में हुआ संगठन का चुनाव

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बलिया का चुनाव मंगलवार को टीडी कालेज के मनोरंजन हाल में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने जिलाध्यक्ष के पद पर जितेन्द्र सिंह के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके साथ ही पूरा पंडाल शिक्षक एकता और जितेन्द्र सिंह के समर्थन में नारेबाजी शुरू हो गयी।

प्रान्तीय नेतृत्व ने 18 अक्टूबर को श्री मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय के मनोरंजन हाल में जनपदीय चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित किया था। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा पर्यवेक्षक प्रांतीय उपाध्यक्ष कृष्णानंद राय और चुनाव अधिकारी के रूप में भेजे गये मांडलिक मंत्री अतुल कुमार सिंह की उपस्थिति में नामांकन पत्र की बिक्री शुरू हुई। जिलाध्यक्ष पद के लिए सिर्फ जितेन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। हजारों शिक्षकों की मौजूदगी में आयोजित चुनावी मैदान में मात्र एक प्रत्याशी होने की वजह से चुनाव अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने जिलाध्यक्ष के पद पर जितेन्द्र सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। इस दौरान उत्साहित शिक्षकों ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को फूल-मालाओं से लाद दिया। वहीं, शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए जिलाध्यक्ष मंच से उतरकर उनके बीच चले गये। इस मौके पर कर्मचारी नेता वेद प्रकाश पांडेय, ब्रजेश सिंह, मुकेश उपाध्याय, अनिल सिंह, चंदेश्वर पांडेय, अमर नाथ तिवारी, आशुतोष सिंह, पंकज सिंह, अजेय किशोर सिंह, मिथिलेश सिंह, अखिलेश सिंह, उपेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, सुशील पांडेय कान्ह जी, सत्यप्रिय सिंह, इंद्रसेन सिंह, दिनेश तिवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की अध्यक्ष सत्या सिंह व संचालन डॉ. राजेश पांडेय तथा अब्दुल अव्वल ने संयुक्त रूप से किया। आभार व्यक्त सह संयोजक अजय मिश्र ने किया।

प्रस्तावक और समर्थक बनने की मची होड़

प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय चुनाव में सबसे खास पहलू यह रहा कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह के प्रस्तावक तथा समर्थक सभी सत्रह ब्लाकों के अध्यक्ष एवं मंत्री क्रमशः जितेन्द्र प्रताप सिंह, संजय दूबे, ज्ञानेन्द्र प्रसाद गुप्त, सैफ्फूद्दीन, विद्या सागर दूबे, शशि ओझा, वीरेन्द्र प्रताप यादव, ओम प्रकाश, अजीत पाण्डेय, समरजीत बहादुर सिंह, सुनील सिंह, प्रवीण ओझा, अजय सिंह, शक्ति कुमार मिश्र, अजय कुमार सिंह, सतीश चन्द्र वर्मा, तुषार कान्त राय, विनोद यादव, अनिल पाण्डेय, टुनटुन प्रसाद, अशोक यादव, अवधेश कुमार, बलवंत सिंह, उदय नारायण राम, राधेश्याम सिंह, सुरेश आजाद, चन्दन सिंह, सुनील कुमार सिंह, सुशील कुमार, विनय कुमार यादव, राधेश्याम पांडेय, सुनील कुमार सिंह, संतोष तिवारी रहे।

1997 से कर रहे शिक्षक राजनीति

बांसडीह शिक्षा क्षेत्र से 1997 में शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में राजनीति शुरू करने वाले जनपद के राजागांव खरौनी निवासी जितेन्द्र सिंह ने लम्बे समय तक बांसडीह में शिक्षक राजनीति की। करीब 13 साल बाद जनपद में हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव में जिलाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित होकर जितेन्द्र सिंह ने यह साबित कर दिया कि शिक्षकों को एक सूत्र में बांधकर चलने की क्षमता उनमें है।

पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का सफल अनावरण

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : थाना बांसडीहरोड पुलिस द्वारा मात्र 24 घण्टे के भीतर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोर गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत थाना बांसडीहरोड पर 17 अक्टूबर को शिवकुमारी यादव पत्नी रामजी यादव ग्राम जैदोपुर प्रधानाध्यपिका प्रा0वि0 जैदोपुर शि0क्षे0 बासडीह जिला बलिया द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि उनके विद्यालय से अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल के मेस व अन्य सामाग्री चोरी कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 457/380 भादवि बनाम अज्ञात के पंजीकृत कर टीम गठित कर माल व मुल्जिमान की खोजबीन किया जा रहा था। 18 अक्टूबर को अभियोग पंजीकरण होने के 24 घण्टे के अन्दर चोरी करने वाले अभियुक्तगण रामाधीन राय पुत्र जदुनाथ राय ग्राम बलेऊर थाना सहतवार व छोटेलाल सोनार उर्फ आत्मा पुत्र श्रीराम सोनार निवासी वार्ड नं0 1 थाना सहतवार को चोरी किये गये माल का 2 अदद अग्नि शयन यंत्र, थाली स्टील, ग्लास स्टील, दो पतीला जस्ता , एक अदद कूकर , 2 अदद भगोना ढक्कन , 1 अदद प्लास्टिक बाल्टी , 1 अदद लोहे का रॉड व एक अदद नाजायज चाकू के साथ डीह बाबा स्थान ग्राम जैदोपुर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से बरामदगी नाजायज वस्तु के सम्बन्ध में थाना बांसडीह रोड बलिया पर अभियोग पंजीकृत है जिसमें धारा 411 भादवि की बढोत्तरी किया गया। अभियुक्त का चालान न्यायालय करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

पत्रकार के घर पहुंच पूर्व मंत्री ने जताया मातृशोक पर संवेदना

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बाँसडीह (बलिया) : वरिष्ठ पत्रकार स्व0 परमेश्वर वर्मा की धर्मपत्नी एवं पत्रकार सुनील वर्मा की माता जी श्रीमती बुचिया देवी के निधन पर पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी ने मंगलवार को उनके पैतृक आवास पर पहुँच कर शोक प्रकट किया।

श्री चौधरी ने स्व बुचिया देवी के दोनों बेटो में अनिल वर्मा एव सुनील वर्मा को इस कठिन घड़ी में ढांढस बांधते हुए मृतात्मा को शांति एव इस कठिन घड़ी में परिवार को सम्बल प्रदान करने की प्रार्थना किया। स्व0 बुचिया देवी 80 वर्ष की अवस्था थी पिछले दिनों बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो गयीं थी। मौके पर यदुनाथ सिंह, हरेंद्र सिंह, अभिषेक मिश्रा, सज्जाद अनवर, लालाबाबू पाण्डेय, वकील अहमद, शम्भू चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : सरकार की मंशा अनुसार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दयाशंकर मिश्र" दयालु" एवं राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने रामपुर नंबरी, मनियर दियरा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच राशन वितरण किया। कहा कि सरकार को बाढ़ पीड़ित लोगों की चिंता है इसीलिए सभी जगहों पर जनप्रतिनिधियों को भेज कर बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है। तत्पश्चात चांदपुर पुरानी बस्ती का बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी किया। उनके साथ में विधायिका केतकी सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू जी भी उपस्थित थे।

गाजीपुर मरदह थाना क्षेत्र के उच्चौर गांव के सिवान में सोमवार की देर शाम को नसीरुदीनपुर गांव निवासी अश्वनी गिरी (38) को हमलावरों ने गोली मार दी।

मिली जानकारी के अनुसार मरदह थाना क्षेत्र अंतर्गत नसीरूद्दीनपुर गांव निवासी अश्वनी गिरी पुत्र स्वर्गीय शिवपूजन गिरी प्रतिदिन की भांति ब्रह्म बाबा मंदिर पर दीया जलाकर घर लौट रहे थे। तभी कुछ बदमाशों ने उनके ऊपर फायरिंग कर दी इस फायरिंग के दौरान दाहिने बाजू में गोली लगने से अश्वनी लहूलुहान होकर गिर पड़े। तीन की संख्या में हमलावर अंधेरे में नसीरुद्दीनपुर गांव की तरफ पैदल भाग गए। घायलावस्था में युवक को उपचार के लिए मरदह के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां हालात को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।मरदह थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि अश्वनी गिरी के बाजू में गोली लगी है। फिलहाल वह खतरे से बाहर हैं। वही चौबीस घंटे के भीतर ही तिनो हमलावरो को गिरफ्तार कर लिया गया है।पकड़े गए हमलावरो मे नेहरू कुशवाहा, नन्दू यादव व गामा यादव निवासी ग्राम नसीरुद्दीनपुर थाना मरदह जनपद गाजीपुर के मुल निवासी है। इनके बिच पुरानी रंजिश चल रही थी जिसको लेकर आरोपितो ने इस घटना को अंजाम दिया था।

सायर रायसेनपुर गहमर जाने वाले मार्ग पर लगा पानी

शैलेंद्र चौधरी दैनिक समाज जागरण सेवराई। सेवराई तहसील क्षेत्र के सायर रायसेनपुर गहमर जाने वाले मार्ग पर आसपास के घरों का पानी लगने की वजह से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सायर गांव कर्मनाशा नदी के तट पर बसा है यूपी और बिहार का बॉर्डर है यहां पर सायर घाट एवं राजमलबांध (पकवालिया)घाट पर लोग नाव के सहारे आते जाते हैं। यूपी को बिहार प्रांत से भी जोड़ता है। लेकिन मार्ग पर आसपास के घरों का पानी रोड पर बहता है पानी की निकासी ना होने की वजह से घरों का बहता पानी रोड पर पसरा हुआ ह। जिससे सड़क इन दिनों तरणताल के रूप में तब्दील हो गया है। लोगों को इस मार्ग पर चलना काफी मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर प्रतिदिन क्षेत्र के अलावा बिहार राज्य के लोग काफी संख्या में आते जाते हैं। लेकिन मार्ग पर पानी इकट्ठा होने की वजह से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है वही सायर गांव के लोग सब्जी बेचने के लिए इसी मार्ग से बिहार राज्य को साइकिल एवं मोटरसाइकिल सहित पैदल जाते हैं। मार्ग पर पानी इक्ट्ठा होने की वजह से मार्ग पर जगह-जगह गड्ढा हो गया है। जो आसपास का पानी उसी गड्ढे में जाकर भर जाता है। अनजान लोगों को पता नहीं है कि कितना गड्ढा है जिस पर वह कई बार मार्ग पर गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। सायर गांव निवासी सोनू चौधरी, जितेंद्र चौधरी, राम प्रवेश, विनोद , कपिल देव, विनय कुमार, भोला मस्ताना, सुदिष्ट यादव आदि लोगो ने बताया कि बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती होती है और इस गांव की जीवका अधिक खेती पर ही निर्भर है जहां के लोग सब

अंतर्जनपदीय चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन गिरफ्तार

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : कोपागंज पुलिस व स्वाट टीम ने सोमवार को सहरोज के पास से अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के तीन चोरों को धर दबोचा। इनके पास से चोरी की आठ बाइक भी बरामद की गई हैं। गिरोह में शामिल अन्य तीन की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि वाहन चोर गिरोह की तलाश स्वाट और सर्विलांस की टीम को काफी दिनों से थी। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि कोपागंज के सहरोज के पास तीन वाहन चोर बाइक चोरी कर भाग रहे है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल घेरेबंदी कर तमसा नदी के पुल के नीचे से तीन चोरों को गिरफ्तार किया। तीनों की पहचान कसारा निवासी रवि चौहान, डाडी खास निवासी अमित राजभर व सहरोज निवासी प्रदीप राजभर के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि वह सभी अपने सहयोगी रेवरीडीह निवासी राधेश्याम राजभर, सहरोज निवासी पंकज साहनी व विनीत राय के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करते है। तीन मोटसाइकिल के अलावा निशानदेही पर पांच बाइक और भी बरामद की गई। इसमें दो वाहन की शिनाख्त भी कर ली गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कोपागंज अमित कुमार मिश्र, एसओजी प्रभारी सुनील कुमार मलिक, उपनिरीक्षक गंगासागर मिश्र, प्रभारी सर्विलांस विवेक सिंह शामिल हैं।

- तीन की तलाश में छापेमारी जारी, आठ दो पहिया वाहन बरामद
- कोपागंज पुलिस व स्वाट टीम को सहरोज के पास मिली कामयाबी
- मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में एएसपी ने दी जानकारी

बाढ़ पीड़ितों को अनवरत राहत सामाग्री का वितरण कर रहे सांसद प्रतिनिधि

- सांसद अतुल राय द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाए जा रहे कैंप
- बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर टीम ने डाला डेरा

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय एवं उनकी टीम मधुबन के दुबारी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामाग्री का वितरिण, लंगर और मेडिकल कैंप लगाकर दोनों के राहत पहुंचाने का कार्य किया। गौरतलब है कि सरयू का जलस्तर बढ़ने से इन दिनों बिंटोलिया, नई बस्ती, जरलहवा, खैरा, हरिलाल का पुरा, बईरकंटा पुरा, धूसपुरा, मोलनापुर का बलुआ पुरा, चौहानपुर, बरोहा, कुंवरपुरवा, मनमन पुरवा, चक्की मूसाडोही, भगत का पुरा, विंदटोलिया, नई बस्ती, गांवों में पानी भर गया है। पूरी रात सांसद की टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा टेलीमडिसिन के तहत चिकित्सकों से सलाह के उपरांत निशुल्क दवा वितरण व राहत सामग्री के साथ साथ भोजन का पैकेट जनता शिक्षा निकेतन इंटर कालेज दुबारी, ऋषि राम नरेश महाविद्यालय मोलनापुर, एलएमजे पब्लिक स्कूल नई बस्ती गोबरही बंधे से नई मलाहटोलिया से दल्लीपुर बंधे तक वितरित कर रही है। साथ ही गोपाल राय ने डेंगू के प्रकोप को देखते हुए ओडोमास का भी वितरण किया, जिससे मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजविजय, संजय सिंह, दिनेश चौहान, विनोद भारती, रजत भैरो, डा. दिनेश, अमित, विनीत, नितेश व जितेंद्र राम आदि लोग थे।

बच्चो ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर लोगो को किया जागरूक

संवाददाता दुर्गेश कश्यप हमीरपुर हमीरपुर। एक्शन एड नई पहल शिक्षा परियोजना के तहत सुमेरपुर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट सौंखर में विद्यालय के मीना मंच के 20 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों की चार ग्रुप में प्रतिभागिता सुनिश्चित की गयी। विद्यालय के बच्चों के ग्रुप द्वारा गांव के उन स्थानों का चिन्हीकरण किया गया। जहां पर बारिश के कारण भराव हो जाता है या कूड़ा करकट का ढेर लगता है। ऐसे स्थानों को चिन्हीकरण करते हुए बच्चों द्वारा वहां पर लाल पताका लगायी और इस स्थान को स्वच्छ बनाने के लिए स्थानीय प्रतिनिधि व ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक कर वहां हरा पताका लगाया जायेगा। वह दूसरे ग्रुप के बच्चों द्वारा पिछले वर्षों में लू तापघात पर अपने पड़ोसियों व बड़े बुजुर्गों से बात कर लू तापघात को रोकने के उपाय पर चर्चा की जाएगी। वहीं तीसरे ग्रुप द्वारा स्वास्थ्य के प्रति सजगता को लेकर चर्चा की गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदौखी की छात्रा महक द्वारा पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने के एक सुंदर चित्र भी ग्रुप के सहयोग से बनाया गया कार्यक्रम का नेतृत्व सुगमकर्ता वर्षा गुप्ता द्वारा किया गया। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट चंदौखी में सहायक अध्यापक रमाकांत शुक्ला के साथ बच्चों ने स्थानीय दुकानदारों व किसानों व बड़े बुजुर्गों से अपनी बात साझा करते हुए दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों पर विस्तार से जानकारी ली। कार्यक्रम आयोजन संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रहे एक्शन एड नई पहल शिक्षा परियोजना टीम हमीरपुर के सहायक जिला समन्वयक सत्येन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कार्यक्रम आयोजन का कारण बच्चों को जलवायु परिवर्तन के बारे में सजग करना बच्चों के मांग पत्र को स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाना व उनकी समझ बढ़ाना का उद्देश्य प्रमुख रूप से शामिल है।

क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ उद्घाटन

कुरारा-हमीरपुर। कुरारा विकास खंड क्षेत्र के पारा गाँव मे क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख व मंदिर के महंत द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वही दीपावली तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में पहले दिन ककरोऊं व कुरारा टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें कुरारा टीम ने जीत दर्ज की। कुरारा क्षेत्र के पारा गाँव मे क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। उद्घाटन अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुरारा व पारा मन्दिर के महंत प्रकाश भारती ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच कुरारा टीम व ककरऊ टीम खेला गया। जिसमें कुरारा टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। अंपायर की भूमिका में जितेंद्र भदौरिया व श्रीकांत चौहान रहे। उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख ने कहा कि खेल के आयोजन से युवा वर्ग की खेल क्षमता का विकास होता है। तथा आगे बढने का अवसर प्राप्त होता है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। इस अवसर पर मनोज यादव, रणधीर सिंह, अनार सिंह यादव, मोनू मिश्रा, केके मिश्रा आदि मौजूद रहे। टूनार्मेंट संचालक मोहन सिंह भदौरिया ने आगन्तुको का आभार व्यक्त किया।

बांदा में घर के बाहर खेल रही 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ पड़ोसी ने किया बलात्कार।

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन पहुंचे तत्काल मौके पर।

बांदा । पूरा मामला बांदा शहर कोतवाली अंतर्गत एक मोहल्ले का है। घर के बाहर एक 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, मासूम घर के बाहर खेल रही थी तभी पड़ोस में रहने वाले युवक ने बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना डाला। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी युवक बच्ची का मुंह दबाकर पास की झाड़ियों में ले गया जहां उसके साथ गलत काम किया बच्ची के परिजनों का कहना है कि उनकी बच्ची काफी देर से नहीं मिल रही थी खोजबीन के बाद बच्ची मिली फिर थाने जाकर हमने रिपोर्ट दर्ज कराई और बच्ची को मेडिकल के लिए पुलिस ने भेजा है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन का कहना है कि शहर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की है जैसे ही जानकारी हुई सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा !

डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों संघ की बैठक सभी विभागों को दिए सख्त निर्देश

शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद मे आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा ,डाला छठ, एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे की उपस्थित में एक आवश्यक बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, विद्युत, अग्नि शमन, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका/नगर पंचायत, जल निगम (ग्रामीण), रेलवे, देवकली पंप कैनाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, यातायात, पुलिस एंव अन्य सम्बन्धित विभागो के उपस्थित अधिकारियों को बिन्दुवार उनके कार्यो एवं दायित्वो का बोध कराया गया। उन्होने कहा कि जनपद में विभिन्न स्थलो पर त्यौहारों के दृष्टिगत बाजारों का आयोजन होगा तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित रहेंगी इसके दृष्टिगत विभागों द्वारा अपनी - अपनी तैयारीयां पूर्ण कर ली जाय।

उन्होने लोक निर्माण विभाग को जनपद में खराब एवं जर्जर सड़को , रोड़ किनारे पटरियो को एक अभियान चलाकर 04 दिनो के भीतर गढ़ढा मुक्त कराने का निर्देश दिया इसके अतिरिक्त नगर पालिका एंव नगर पंचायत भी अपने से सम्बन्धित सड़को को सही कराते हुए चलने योग्य बनायेगे। उन्होने ए आर टी ओ और पुलिस विभाग को सप्ताह में दो दिनो का एक अभियान चलाकर सड़को पर लगाये गये अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अवैध तरीके से संचालित बस एंव टैक्सी स्टैण्डो पर नजर बनाये रखेगे यदि इस तरह की गतिविधियां प्रकाश में आती है तो तत्काल उस पर कार्यवाही करेगे जिससे जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे आवागमन बाधित न हो। उन्होने सड़को पर बिना वजह बनाये गये ब्रेकर को हटवाने का निर्देश दिया । उन्होने निर्देश दिया कि त्योहारो के मद्देनजर लगने वाले पटाखे की दुकानो को आबादी से दूर खुले स्थलो पर ही लगाया जाये इसके लिए पूर्व में स्थलीय सत्यापन कर लिया जाये आबादी के अन्दर कोई भी पटाखे की दुकान लगायी जाती है तो उसके लाईसेंस को निलंबित कर दिया जाये तथा पटाखे की दुकानो पर सुरक्षा के दृष्टिगत बालू, फायर निरोधक सिलेण्डर, मिट्टी अवश्य रखा जाये। बिना लाईसेस कोई भी पटाखे की दुकान नही लगायी जायेगी। उन्होने कहा कि फायर ब्रिगेड की गाड़िया जनपद में भ्रमणशील रहेगीं यदि कही भी किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो तत्काल मौके पर पहुचेगी। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को हाई अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद में एम्बुलेंस सेवा दुरूस्त रखते हुए बर्न वार्ड को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। उन्होने चिकित्सको की ड्यूटी रोस्टर वाईज लगाते हुए सभी चिकित्सको एंव स्वास्थ्य कर्मचारियो की छुट्टी 08 नवम्बर, 2022 तक निरस्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को त्योहार के दृष्टिगत जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानो पर चेंकिग अभियान चलाते हुए मिठाईया, खोवा, एवं मसालो का सैम्पल लेकर जांच का निर्देश दिया तथा मिलावटखोरों पर कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देश दिया कि त्यौहार के दृष्टिगत स्वच्छता को लेकर गांवो एवं शहरी क्षेत्रो मे जिला पंचायत राज अधिकारी एंव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एंव नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्रो मे साफ-सफाई ,सेनेटाईजेशन, फॉगिंग, चूना छिड़काव एंव लाईटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायेगे तथा छठ पूजा के दौरान समस्त ई0ओ0 गंगा किराने घाटो पर बैरिकेंटिग, लाईटिंग, चेंजिग रूम, नाव एवं गोताखोर ,की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित करा लेंगे। अधीशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया गया कि जनपद में विद्युत सप्लाई की पर्याप्त व्यवस्था रहे, तथा खराब ट्रास्फार्मरो को प्रत्येक दशा में 48 घण्टो मे बदला जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, एस पी सिटी गोपी नाथ सोनी, एस पी आर ए अभिषेक भारती, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 हर गोविन्द, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज आनन्द मिश्रा , समस्त क्षेत्राधिकारी, एंव सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी घोषित,विवेक मिश्र ब्लॉक संयोजक व उमेश विश्वकर्मा सहसंयोजक नियुक्त।

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में जिला संयोजक विवेक शुक्ल व धीरेन्द्र सिंह बघेल ने मुसाफिरखाना ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की है । जिला संयोजक ने मुसाफिरखाना ब्लॉक के प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय उमा मिश्रपुर विवेक मिश्र को ब्लॉक संयोजक तथा भागूपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश विश्वकर्मा को सहसंयोजक नियुक्त किया। एक मुलाकात में श्री मिश्र ने बताया कि हमारा संघ सदैव शिक्षकों एवं शिक्षिका बहनों के लिए समर्पित है।

रामकृष्ण खत्री सही अर्थो में जंगे आजादी का जाबांज योद्धा थेः डा. भवानीदीन

संवाददाता दुर्गेश कश्यप हमीरपुर हमीरपुर। आजादी के अमृत महोत्सव की समीचीनता को देखते वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत आजादी के संघर्ष का एक महान पुरोधा रामकृष्ण खत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने कहा कि रामकृष्ण खत्री सही अर्थों में जंगे आजादी का जाबांज योद्धा थे, छात्र जीवन में ही खत्री आन्दोलन से जुड गये थे, 1922 मे इनकी किशोर चन्द्रशेखर से भेट हो गयी थी, आजाद ने प्रमुख क्रातिकारी शचीन्द्र नाथ सान्याल की पुस्तक बन्दी जीवन खत्री को पढने के लिए दी, खत्री क्रातिदल में शामिल हो गये, रामप्रसाद बिस्मिल ने खत्री को मध्यप्रदेश मे क्रातिसंगठन का काम सौंपा, खत्री का क्रातिवीरो द्वारा डाली गयी राजनीतिक डकैतियों मे प्रतिभाग रहा, 09 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी स्टेशन के निकट ट्रेन मे डकैती डाली, जिसमें 10 क्रातिकारियों ने प्रतिभाग किया, खत्री ने मध्य भारत और मध्यप्रदेश मे हिन्दुस्तान प्रजातन्त्र संघ के विस्तार को लेकर बडा काम किया, काकोरी कांड के सिलसिले मे 40 क्रातिकारियों पर मुकदमा चला, जिसमें तीन को फासी और शेष को अन्य सजाये दी गयी, खत्री को पूना से गिरफ्तार किया गया, इन्हें दस वर्ष का कठोर कारावास मिला, जेल से रिहा होकर क्रातिकारियों की रिहाई और सामाजिक क्षेत्र मे बहुत काम किया, शहीदों की छाया मे नामक पुस्तक और काकोरी शहीद स्मृति नामक ग्रन्थ लिखा, इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, इनका 18 अक्टूबर 1996 को 96 वर्ष की उम्र में लखनऊ मे निधन हो गया। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी दिलीप अवस्थी, राजकुमार सोनी, रमेश चंद्र गुप्ता, राधारमण गुप्ता, कल्लू चौरसिया, चित्रासु खरे, मुखिया और अनन्त राम आदि शामिल रहे।

33वां प्रान्तीय खेलकूद समारोह का हुआ उद्घाटन

हमीरपुर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रान्त नगरीय का 33वां प्रान्तीय खेलकूद समारोह का उद्घाटन सत्र सम्पन्न। नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर में राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम हमीरपुर में प्रान्तीय खेलकूद का शुभारम्भ हमीरपुर के जिलाधिकारी डा. चन्द्रभूषण त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होने खेल शुभारम्भ की घोषणा करते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ी भैया/बहिन देश का भविष्य है। जो आप सीख रहे है। वो देश की सेवा के लिये काम आयेगा, जिससे आप देश और अपने परिवार का नाम रोशन करे तभी हमारा देश जगत गुरु बनने में अग्रणी होगा। जब तक आप खेल भावना से खेल नही खलेगें तब तक आप अधूरे रहेगें। तत्पश्चात उन्होने 800 मी. दौड़ तरुण वर्ग का शुभारम्भ किया। जिसमे अमित राजपूत, अभिषेक तथा संदीप क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहें। इस अवसर पर प्रान्तीय खेलकूद प्रमुख राकेश बधवार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 8 संकुल कानपुर, कन्नौज, झांसी, दिबियापुर, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, जालौन प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे है। जिसमे लगभग 350 भैया बहिन एवं 30 निर्णायक सम्मिलित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हमीरपुर, प्रान्त संगठनमंत्री सुनील एवं प्रदेश निरीक्षक आत्मानन्द सिंह, सम्भाग निरीक्षक भगवान सिंह सेंगर, शारदादीन यादव जिला कार्यवाह तथा यशवीर जिला प्रचारक एवं नगर प्रचारक धनन्जय एवं पूर्व छात्र अजय सिंह को क्रमशः विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता, कमलकान्त मिश्र, बलराम सिंह, वेदप्रकाश शुक्ल, हेमन्त, सुनीत सचान, अमर सिंह व ज्ञानेश जड़िया ने सभी को बैज, अंगवस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओ मे क्रमशः मानसी, प्रांजली व महक आदि ने समूहगान, एकलगीत, स्तुति नृत्य आदि के साथ सबका मनमोह लिया। समस्त खिलाड़ियो को शपथ ग्रहण पूर्व चौम्पियन खिलाड़ी अनामिका डांगी ने दिलाई। अतिथि परिचय एवं स्वागत मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कराया। प्रस्ताविकी भाषण प्रदेश निरीक्षक आत्मानन्द सिंह द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन सर्वव्यवस्था प्रमुख कमलकान्त मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संचालन बलराम सिंह ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

कृषकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर कॉल सेन्टर एवं हेल्प डेस्क की स्थापना की गई- उप कृषि निदेशक

ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण

बलरामपुर। उप कृषि निदेशक डा0 प्रभाकर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कृषकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर कॉल सेन्टर एवं हेल्प डेस्क की स्थापना की जा रही है जो आज दिनांक 17 अक्टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है, सिसमें किसान भाई प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक अपनी पी0एम0 किसान योजना से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित कार्मिकों से सम्पर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते है। जिसमें जनपद स्तरीसय कॉल सेन्टर एवं हेल्प डेस्क हेतु लगे अधिकारी/कर्मचारी अरविन्द सिंह मो0नं0 9452110059, आयुषी सोनी, 6306836729, अनुभव तिलक, 7355263763, रोली यादव 7800598871 विकास खण्ड स्तर पर लगे अधिकारी/कर्मचारी नीरज राना मो0 नं0- 9452364959, इन्द्र यादव 8787010109, बलरामपुर , शिवरतन 9696378792, संदीप द्वितीय हरैर्या-सतघरवा, विमलेश कुमार 8707268263, पंकज 9918205645 श्रीदत्तगंज, जुगल किशोर 9554263773, आदर्श सिंह 9026064735 उतरौला, संकट मोचन 9453000012, सुमित कुमार 8630704548 गैण्डास बुजुर्ग, अरविन्द वर्मा 7376719803 पंकज कुमार 7500183978 रेहरा बाजार, अमरदीप सरोज 8953481214, प्रमोद कुमार प्रथम 9792527320 तुलसीपुर, सुशील कुमार 9557256490, दुर्गेश 9651382753 गैंसड़ी व रघुनाथ वर्मा 9792244668, कुलदीप 7007318805 पचपेड़वा के नम्बर पर सम्पर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते है।

स्माइल फाउंडेशन की शुरूआत प्रत्येक बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा मिले -

ओंकार नाथ चौधरी आदित्य बिरला कैपीटल फाउंडेशन के मदद से जनपद सिद्धार्थनगर के 36 विद्यालय में जिनमे 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, 4 इंटरमीडिएट और 19 जूनियर हाईस्कूल में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु हस्तक्षेप प्रारंभ किया है।

जिसमें सोलर ऊर्जा,टीवी, स्मार्ट क्लास हेतु सॉफ्टवेयर के साथ -साथ बच्चों के साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे कपड़े का सेनेटरी पैड बनाना, मिट्टी से मूर्ति, फल , सब्जी, चित्रकला प्रतियोगिता, अध्यापन सीखने की सामग्री आदि की सहायता से सीखने की ललक बढ़ाना। इसके साथ ही समुदाय और हितभागियो के साथ बैठक कर उन पर बच्चों की जिम्मेदारी हेतु जागरूक करना। स्कूल में बच्चों का निरंतर उपस्थिति हो और समुदाय के लोग भी जागरूक होकर शिक्षा के कार्य मे सहयोग करें इसके लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रारंभ किया जा रहा है। बच्चों की शिक्षा न रुके और प्रत्येक बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इस लिए स्माइल फाउंडेशन की पूरी टीम लगी है। हमारे टीम सीनियर यशपाल शर्मा जी एवं गौरव भरद्वाज जी द्वारा टीम के साथियों की क्षमता वृद्धि और संसाधन उपलब्ध करा रहे है। साथ ही स्माइल फाउंडेशन सिद्धार्थनगर टीम में मनीष श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, प्रीति, ऋषिकेश, अफजल है जो कि निरन्तर विद्यालय पर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। हम लोगो ने 8 विधुत विहीन विद्यालय को इस बार सोलर ऊर्जा के साथ स्मार्ट क्लास को पूरा करने का प्रयास प्रारंभ किया है।

अपना दल (एस) के संस्थापक स्व० डॉ सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

बिछड़ों वंचितों शोषित वर्ग के मसीहा के रूप में समाज के आगे आये स्व० डॉ सोनेलाल पटेल का सोमवार को 13 वाँ परिनिर्वाण दिवस अपना दल (एस) पार्टी के कार्यकताओं ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजू पाल ने सर्वप्रथम स्व० डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करके जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व० डॉ. सोनेलाल पटेल ने हमेशा से ही दलित विछड़े वर्गो सहित कमेरों , वंचितों शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद करने का काम किया है । वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष भोला प्रसाद वर्मा ने कहा कि स्व० डॉ सोनेलाल पटेल ने हमेशा से ही समतामूलक समाज की विचार धारा और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी है। समतामूलक समाज स्थापित करने के लिए सदैव सभी को प्रेरित करते रहे। है। इस कार्यक्रम का आयोजन ककवा रोड स्थित अमेठी में किया गया । इस मौके पर जिलाध्यक्ष भोला प्रसाद वर्मा , विधान सभा अध्यक्ष अमेठी शिवम तिवारी , रवि शंकर तिवारी ,प्रदीप श्रीवास्तव , राम अवध पटेल , विधान सभा अध्यक्ष प्रिंस वर्मा , राम कुमार वर्मा महासचिव , अभिषेक तिवारी मीडिया प्रभारी अमेठी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अमेठी में युवा उत्सव का स्मृति ने किया शुभारम्भ : युवाओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया मंच प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी के गौरीगंज में मनीषी महाविद्यालय में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का केन्द्रीय मंत्री और सांसद अमेठी स्मृति ईरानी ने वर्चुअल शुभारंभ किया । साथ ही प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य है। कि 2047 में भारत को विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को बेहतर प्रस्तुति करने वाले मेधावी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

युवाओं को मिलेगा मंच

कार्यक्रम को लेकर नेहरू युवा कल्याण विभाग की डिप्टी डायरेक्टर आराधना राज ने कहा कि युवाओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से एक मंच दिया गया। इन्हें जनपद स्तर और मंडल स्तर के साथ प्रदेश स्तर पर भी पुरस्कृत किया जाएगा । इसके साथ ही हमने एक थीम बनाई है। कि2047 में हमारे देश का युवा विकसित भारत को कैसा देखना चाहता है। उसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

दुग्ध डेयरी खुलने से दुग्ध उत्पादकों को मिलेगी राहत- अभिषेक

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी के मुसाफिर खान क्षेत्र के ग्राम सभा भददौर में सत्यम दुग्ध डेयरी का उद्घाटन समाजसेवी अभिषेक प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान मेहनत कर दुग्ध उत्पादन करते हैं उनको डेयरी न होने के कारण उनके दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है दूध बेचने के लिए लोगों को जगह-जगह भटकना पड़ता है ग्राम पंचायतों में डेयरी खुलने से दुग्ध उत्पादन वाले लोगों को राहत मिलेगी उन्हें अपना दूध बेचने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा इस दौरान इन्होंने लोगों से अपील की कि पशुधन को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें जिससे लोगों को अधिक से अधिक दूध उपलब्ध हो सके इस दौरान शिवभान निषाद आशुतोष सिंह सोम अंकित सिंह राकेश यादव सतनाम यादव पवन वर्मा राजेंद्र यादव विशाल रवि लव कुश हसन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आबकारी विभाग ने टैंकरों की चेकिंग का चलाया अभियान

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी जिलाधिकारी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक व आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर आबकारी निरीक्षक मय टीम के साथ रोड पर टैंकरों की चेकिंग की तदोपरांत आबकारी दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग मुसाफिरखाना अंतर्गत रोड पर आबकारी निरीक्षक देवल पांडे के नेतृत्व में आबकारी टीम ने लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर जाने वाले टैंकरों को रोककर सघन चेकिंग की इसके साथ साथ क्षेत्र के अंतर्गत आबकारी दुकानों का बारीकी से निरीक्षण किया इस दौरान आबकारी निरीक्षक देवल पांडे ने दुकानदारों को दुकान के आसपास साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने की कड़ी हिदायत दी निरीक्षण के दौरान आबकारी विभाग के अनुराग वर्मा प्रेम शंकर शर्मा अभय प्रताप सिंह बृजेश चंद्र पांडे सहित आबकारी विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

भानु प्रताप निषाद के मित्र ने रक्तदान करके बचाई बुजुर्ग महिला की जान

हमीरपुर। समाजसेवी अशोक कुमार निषाद गूरू ने बताया कि आज जिला अस्पताल में भर्ती जमुनाघाट निवासी पति रामगोपाल की पत्नी कुसमा को अचानक खून की कमी हो गई। जिस पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य भानु प्रताप निषाद के मित्र ने एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्तदान करके बचाई जान। बुंदेलखंड रक्तदान समिति भानु प्रताप निषाद के मित्र को हृदय से आभार व्यक्त करती है।

जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हमीरपुर। नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर द्वारा नेहरू युवा केंद्र संगठन मुख्यालय के निर्देश अनुसार जिला युवा उत्सव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डा. चंद्रभूषण ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला जिला प्रचारक राष्ट्रीय संघ सेवक संघ के जिला प्रचारकयशवीर एवं जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में छह प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी` की अध्यक्षता में "श्रावस्ती विद्यांजलि कायाकल्प सोसायटी" की बैठक सम्पन्न

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती,समाज जागरण

विद्यालयों को और बेहतर बनाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा गठित ह्लह्लश्रावस्ती विद्यांजलि कायाकल्प सोसायटीह्लह्ल की बैठक कमेटी की अध्यक्ष/जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित छोटे सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि ह्लह्लश्रावस्ती विद्यांजलि कायाकल्प सोसायटीह्लह्ल का गठन 30 अगस्त, 2022 को किया गया था। उन्होने बताया कि आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों को प्रत्येक प्रकार से सुव्यवस्थित किए जाने के उद्देश्य से कायाकल्प विद्यांजलि पोर्टल आरंभ किया गया है। इसके अंतर्गत किसी भी ग्रामीण व शहरी परिषदीय विद्यालयों के विकास हेतु विद्यालयों को गोद लेकर विद्यालय कोष में दान देकर अध्ययन सामग्री दान देकर एवं जनपद स्तर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी या खंड शिक्षा अधिकारी से अनुमति के उपरांत विद्यालय में पथ प्रदर्शक बंद कर सहयोग किया जाएगा। इस हेतु विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं के विकास

हेतु भारत सरकार भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था स्वयंसेवी संस्था विद्यालय में पूर्व से पर्ची के विद्यार्थी अथवा उनके परिवार द्वारा या किसी व्यक्ति विशेष अथवा व्यवसाय अथवा प्रतिष्ठानों के द्वारा सहयोग प्रदान किया जा सकेगा।

इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने एवं सहयोग प्रणाली को शुभम बनाए जाने हेतु एक इंटीग्रेटेड पोर्टल कायाकल्प विद्यांजलि पोर्टल के नाम से लाइव है। जिसके माध्यम से संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा विद्यालय को कायाकल्प एवं मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के हेतु अपनी क्षमता के अनुसार विकल्पों का चयन करते हुए दान अथवा आर्थिक सहयोग हेतु लॉग इन करते हुए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। दानकर्ता द्वारा लॉगिन किए जाने के उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दानदाता से संबंधित विद्यालय के शिक्षा मित्र एवं शाह अध्यापक के माध्यम से संपर्क कर दानदाताओं को अवस्था किए सुविधाओं के गेट की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ, जिला पंचायत राज अधिकारी के प्रतिनिधि/जिला समन्वयक हरिगेन्द्र वर्मा, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा क्रमशः अजीत उपाध्याय, सपना सोनी, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

2 दिन पहले गौवंश कर्मचारी की हत्या में बांदा पुलिस ने साथी कर्मचारी को किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। जनपद बांदा के पैलानी थाना अंतर्गत अमलोर गांव में गौवंश कर्मचारी की हत्या का बांदा पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। गौवंश कर्मचारी की हत्या उसी के साथी कर्मचारी ने हत्या के दिन दोपहर में नशे में हुई मारपीट का बदला लेने के लिए साथी की हत्या किया था। पुलिस हिरासत में आरोपी ने कबूल किया है कि उसने सरिया से सिर में कई बार हमला कर अपने साथी को मार डाला है। एसओजी वह पैलानी थाने की पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर आला कत्ल सरिया कपड़े व मोबाइल फोन बरामद किया है। हमीरपुर जिले के ग्राम कुनेहटा निवासी रामफल का पुत्र 23 वर्षीय भागवत उर्फ राज यहां पैलानी थाना के ग्राम अमलोर गौशाला में चरवाहे का काम करता था बीते शनिवार रात उसे काम पर लगवाने वाले महोबा निवासी दूसरे चरवाहे ओमप्रकाश ने सरिया से सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी थी।

पूरे मामले की जानकारी देते हुए अपर पुलिस

अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया है कि ग्राम पंचायत सचिवालय अमलोर के कमरे में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था जो ग्राम पंचायत सचिवालय में ही चरवाहे का काम करता था घटना की रिपोर्ट क्षेत्रीय थाने में दर्ज करते हुए मामले की छानबीन की जा रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर कुछ संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की गई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ में पाया गया कि ओम प्रकाश साहू घसीटा निषाद व भागवत आरक ग्राम सचिवालय में चरवाहे का काम करते थे गौशाला में काम करने के दौरान घसीटा निषाद प्रतिदिन रात में अपने घर चला जाता था जबकि ओम प्रकाश व भागवत आरख ग्राम पंचायत सचिवालय में ही खाना बनाते थे और रहते थे 15 अक्टूबर को शाम को ओम प्रकाश एवं भागवत आरख ने सारा दिन साथ में शराब पी शराब के नशे में दोनों लोगों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज होकर 15 अक्टूबर की रात में ग्राम पंचायत सचिवालय के कमरे में ओमप्रकाश ने भागवत आरख सरिया से वार कर हत्या कर दी। और शव कलीन में लपेट कर भाग गया। बाहर जाकर उसने अपने खून से लथपथ कपड़ों जूता एवं आला कत्ल सरिया को एक झोपड़ी के अंदर छुपा दिया और के नदी के किनारे बबूल के जंगल में छिप गया अभियुक्त ओम प्रकाश साहू पुत्र रघुवीर साहू रवा तन टोला थाना राठ जनपद हमीरपुर आज भागने की फिराक में था तभी एसओजी एवं क्षेत्रीय पुलिस ने उसे कालेश्वर मंदिर चौराहे से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है !

बांदा में भ्रष्टाचार के खिलाफ बुंदेलखंड इंसाफ सेना का अनशन आज 31वे दिन भी रहा जारी

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अनिश्चितकालीन अनशन पर अधिवक्ता साधना द्विवेदी ने अपने सम्मानित अधिवक्ताओं के साथ पहुंच कर समर्थन देते हुए कहां की ,आज अनशन को भ्रष्टाचार के खिलाफ 1 माह बीत गए, उसके बावजूद भी भ्रष्ट अधिकारी लेखाकार के विरुद्ध कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं हुई हैं! जिससे भ्रष्टाचार

करने वाले अधिकारि व कर्मचारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं ,इसमें सरकार एवं शासन व प्रशासन को तुरंत ही ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ फैसला लेनी चाहिए और तत्काल ही ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को जिले से बाहर का रास्ता दिखानी चाहिए, यदि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो हम लोग बुंदेलखंड इंसाफ सेना के पदाधिकारियों के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन का रूप लेंगें! संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी ने कहा कि जनपद बांदा के लोग अन्य प्रदेशों में जाकर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं लेकिन जनपद बांदा एवं बुंदेलखंड के पैसों को यहां के भ्रष्ट अधिकारी लूट कर अपना जेब भरने का काम कर रहे हैं!

इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष आर के सोनी,

अधिवक्ता साधना द्विवेदी, अधिवक्ता राम अवतार निषाद, अधिवक्ता महेश कुमार ,अधिवक्ता नईम उल्ला खान,अधिवक्ता अखिलेश कुमार वर्मा, अधिवक्ता कृष्ण बिहारी, अधिवक्ता आलोक सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे!

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला प्रशिक्षण वर्ग हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण

रिपोर्ट :- रजत शर्मा मथुरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा मथुरा द्वारा जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। जिसका नेतत्व जिला अध्यक्ष मंजीत पोनिया द्वारा किया गया जिसमे प्रथम सत्र में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू बाल्मीकि ने, दूसरे सत्र में आदरणीय मानवेन्द्र गुरु एमएलसी ने, तृतीय सत्र में बाल कल्याण आयोग के अध्यक्ष राज्यमंत्री देवेंद्र शर्मा एवम् चतुर्थ सत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रिय कार्यकारणी सदस्य एवं अंतराष्ट्रीय कुस्ती चैम्पियन बबिता फोगाट ने अपनी ओजस्वी शैली से मार्गदर्शन किया। वर्ग कि पहले सत्र में बताया गया कि भाजपा का इतिहास के वारे बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप

में उभर कर आई है।

1951से 1977 तक जनसंघ के रूप मे और 1977 से 1980 तक जनता पार्टी और 1980 से अब तक भारतीय जनता पार्टी के रूप में भूमिका निभाती आ रही है। दूसरे सत्र में संघ विचार परिवार के बारे में बताया गया और तीसरे सत्र में वैचारिक अधिष्ठान एवम कार्यपद्धति के बारे में बताया गया और चौथी सत्र में बहन द्वारा ताकि योजनाओं के बारे में बताया गया मोदी सरकार आने के बाद विश्व गुरु बनने के मार्ग पर है मोदी सरकार की उज्जवला योजना महिलाओं का सम्मान वापस दिलाया। संचालन दोनो महामंत्री हरेंद्र चौधरी कमल कांत शर्मा, द्वारा किया गया और वर्ग में वर्ग गीत शहीद हेमराज मंडल के अध्यक्ष पवन जदौन जी द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण वर्ग में प्रवासी के रूप मे उपस्थित रहे भाजयुमो के क्षेत्रिय सोशल मीडिया प्रभारी अंकित बाल्मिकी।

भाजयुमो महानगर के महामंत्री राहुल राजावत, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राहुल वैदिक, समस्त जिला पदाधिकारी जिला मीडिया प्रभारी भगवत सोनी, राकेश ठाकुर, राजू चौधरी, कल्पेश जैन, रिंकू वर्मा, हर्षित उपाध्याय, पृथ्वी पांडे, जोगेंद्र फौजदार, नंदू पाराशर, राहुल पाराशर, भुवनेश भारद्वाज, रूपेश चौधरी, तरुण सैनी, भुवनेश ठाकुर, निखिल पटेल, निश्चल राठौर, देवो चौधरी, भुवनेश रावत एवम् समस्त मंडल अध्यक्ष और महामंत्री माखन छोकर, जीतू चौधरी, योगेश गोस्वामी, अमित छोंकर, मोहसिन कुरेशी, मनीष शर्मा आदि कार्यकताओं ने सहभागिता की।

भाजपा ने जनपद बांदा नगर निकाय चुनाव हेतु उत्तम सक्सेना को बनाया जिला सहसंयोजक।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय चुनाव को लेकर बांदा भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना को जिला सहसंयोजक नियुक्त किया है। आज जिला भाजपा कार्यालय कनवारा में भाजपा बांदा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता बलराम सिंह कछवाह, बांदा नगर निकाय चुनाव के जिला संयोजक अखिलेश नाथ दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष मनोज पुरवार, जिला मंत्री पंकज रायकवार तथा सुधीर त्रिवेदी ने भाजपा संगठन द्वारा नवनियुक्त नगर निकाय चुनाव के जिला

संयोजक उत्तम सक्सेना को बधाई देकर मुंह मीठा करा कर चुनाव से संबंधित मार्गदर्शन की सभी ने अपेक्षा की। उक्त जानकारी बांदा भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने दी !

जनपद बांदा के कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए किया मतदान ।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को प्रदेश कार्यालय पर मतदान कराया गया, जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार (लालू दुबे) के नेतृत्व मे जनपद के नौ पीसीसी डेलीगेट्स के द्वारा अपने मत का प्रयोग कर मतदान में सहभागिता की गई।

जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि लोकतंत्र की रक्षा सिर्फ. और सिर्फ. कांग्रेस पार्टी में ही संभव है। कांग्रेस के इतिहास में सातवीं बार अध्यक्ष पद का चुनाव मतदान के द्वारा हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव बिना किसी विवाद के संपन्न हुआ। जनपद से पीसीसी के नौ निवार्चित सदस्य हुए और सभी ने वोट डाला। वोट डालने वालों में पीसीसी सदस्य प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी के द्वारा पहला मत डाला गया तत्पश्चात जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, मुमताज अली, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार शुक्ल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तिन्दवारी आदिशक्ति दीक्षित, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नरैनी पवन देवी कोरी,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बबेरू गजेन्द्र पटेल, रमेश चंद्र कोरी और शोभा सिंह चौहान ने मतदान किया है !

श्री राधा रानी रोटी कपड़ा बैंक के संस्थापक द्वारा की गई नर सेवा

दैनिक समाज जागरण

रिपोर्ट :- रजत शर्मा मथुरा। श्री राधा रानी रोटी कपड़ा बैंक के संस्थापक अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी समाज की कई संस्थाओं से जुड़े हुए पण्डित संजय पाराशर ने अपनी शादी की सालगिरह व अपना जन्मदिन श्रीधाम वृन्दावन में अपनाघर आश्रम में रहने वाले प्रभुजनो के निमित्त नर सेवा नारायण सेवा करके मनाया। साथ

ही उनकी धर्मपत्नी शालिनी पाराशर, माता जी सुपुत्र कृष्णा पंडित व सभी गणमान्य अथिति, अपने साथियों द्वारा सन पहिले श्रीजी के चित्रपट पर तिलक, फूल माला,अर्पित करके, धूपदीप प्रज्वलित करके श्रीजी को भोग लगा कर, सभी अतिथियों को तिलक, पटका पहना कर स्वागत सत्कार किया। आज के प्रोग्राम को निमेष,अंकित जी व उनके साथी द्वारा बहुत ही यादगार बना दिया गया बहुत सुंदर भजन संध्या हुई। उसके पश्चात सभी प्रभुजनो को सबने भोजन प्रसादी कराई। इस अवसर पर संजय पण्डित पाराशर ने कहा कि हमारा सदैव प्रयास रहता है कि हर त्यौहार हर खुशी हम इन जैसे प्रभुजनो के बीच मनाए, हमारी टीम के सभी सदस्यों के जन्मदिन, शादी की सालगिरह इसी तरह सेवा करके मनाते हैं। आज बहुत खुशी होती ही जब समाज के अन्य लोग भी जब जानकारी करें८ है कि हम भी अपने लाला को जन्मदिन ऐसे ही मनाएंगे आज लोग जागरूक हो रहे है, समझ रहे हैं, मेरा सभी से निवेदन है कि आप सभी भी अपने आसपास जरूरतमंदों की सेवा करे, आज के प्रोग्राम में विशेष रूप से उपस्थित रहे अंकित वाधवा, निमेष शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, नीलम गोस्वामी, प्रदीप बनर्जी, डॉ जमुना शर्मा, चंचल शर्मा, भागवत कथा प्रवक्ता वर्षा शर्मा, सुनील शर्मा, विजय पाल सिंह, संजय पंडित पराशर, शालिनी पाराशर, कृष्णा शर्मा, विजय शर्मा आदि।

पोक्सो अधिनियम के आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण बिजनौर विकास शर्मा

नगीना । बिजनौर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गंभीरतम अपराधों के आरोपियों की गिरफ्तारी के अंतर्गत पंकज उर्फ शिवा पुत्र चमन सिंह निवासी ग्राम झिलमिला थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर को मुकदमा अपराध संख्या 310/ 22 धारा 363/ 506 /376 आईपीसी 3/4 अधिनियम में पुलिस उप निरीक्षक रवि कुमार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा सफल एस0पी0सी0 कैडेट को एसपीसी प्रमाण पत्र किए वितरित

दैनिक समाज जागरण बिजनौर विकास शर्मा

बिजनौर ।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा आज महात्मा विदुर सभागार में स्टूडेण्ट पुलिस कैडिट प्रोग्राम के अन्तर्गत सफल एस0पी0सी0 कैडेट को एसपीसी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्टूडेण्ट पुलिस कैडिट प्रोग्राम के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की 30 छात्राओं को तथा जूनियर हाई स्कूल

अकबरपुर आंवला नजीबाबाद की 04 छात्राओं को एसपीसी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एसपीसी कैडिट को प्रमाण पत्र का वितरण कर स्टूडेण्ट्स को प्रोत्साहित करते हुए जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि उन्हें जो प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए हैं, उसके महत्व को समझें और भविष्य में आगे बढने के लिए निरन्तर प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा कि इंसान में सेवाभाव और राष्ट्रप्रेम का आभास हर समय रहना चाहिए, ताकि आप किसी भी व्यक्ति जो सेवा का पात्र हो उसे निःस्वार्थ रूप से मदद उपलब्ध करा सकें तथा इसी के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए भी पुलिस एवं प्रशासन से सहयोग के लिए तत्पर रहें। उन्होंने सभी स्टूडेण्ट्स पुलिस केडिट्स को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उन्हें अपनी जिम्मेदारियों के साथ सजगता और निष्ठापूर्वक कार्य करने की नसीहत की।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डा0 प्रवीण रंजन, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैडमिंटन खेल के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

दैनिक समाज जागरण बिजनौर विकास शर्मा

नगीना। फ्लाई हाई बैडमिंटन एकेडमी नगीना द्वारा बैडमिंटन खेल के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस जागरुकता अभियान के अंतर्गत ऋह्लइअ बैडमिंटन अकैडमी के वाइस प्रेसिडेंट सागर सचदेवा द्वारा गोयल पब्लिक स्कूल नगीना एवं के .एस .चिल्ड्रन एकेडमी ,कोतवाली रोड नगीना में स्कूली छात्रों को बैडमिंटन के खेलने के प्रति जागरूक किया गया और स्कूल प्रशासन एवं छात्रों से अनुरोध किया बैडमिंटन खेल में आगे आएं और अपने खेल में निखार ला कर देश के लिए खेलें और देश का मान

बढ़ाएं ।सागर सचदेवा ने बताया कि उनके द्वारा नगीना क्षेत्र में पहली बार ट्विन वुडन कोर्ट बैडमिंटन एकेडमी का निर्माण कराया गया है और उनकी अकेडमी में छात्रों के लिए बैडमिंटन प्रशिक्षण हेतु विशेष कोच बुलाए गए हैं जिनके द्वारा उचित ट्रेनिंग पाकर छात्र इस खेल में अपना भविष्य उज्जवल बना सकते हैं ।स्कूल प्रशासन द्वारा उनके इस प्रयास को सराहनीय बताया गया एवं पूर्ण रुप से सहयोग देने की बात की गई है।

बांदा में किसानों को खाद ना मिलने से टूटा धैर्य, उतरे सड़कों पर।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। बांदा में आज किसानों ने सरकारी सोसाइटी से खाद ना मिलने से सड़क को जाम कर दिया। किसान बारिश का इंतजार कर रहा था कि बारिश थमे बारिश थमते ही किसानों ने अपनी खेती की तरफ देखा खेतों में बुवाई का काम शुरू कर दिया गया लेकिन खाद ना मिलने से बुवाई नहीं हो पा रही थी। खाद के लिए कई कई दिनों तक रात दिन एक कर के किसानों को

चक्कर लगाना पड़ रहा था सोमवार की रात से खाद के लिए लाइन लगाए सैकड़ों किसानों का आज सब्र का बांध टूट गया भूख प्यास से व्याकुल आक्रोशित किसानों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि सरकार एक तरफ तो हमें अन्नदाता का नाम देती है लेकिन वही सुविधाओं के नाम पर हमारे साथ नाइंसाफी की जाती है पिछले कई दिनों से हम लोग खाद के लिए मंडी के चक्कर लगा रहे हैं छोटे बच्चे महिलाएं लड़कियां और बुजुर्ग सभी रात दिनलाइन में लगे रहते हैं बाद में मंडी के कर्मचारियों द्वारा यह कहकर मना कर दिया जाता है कि खाद खत्म हो गई है हम लोग पूरी रात लाइन से लगे चले आ रहे हैं लेकिन दोपहर तक एक भी ट्रक खाद लेकर नहीं आया जिससे भूखे प्यासे हम सब किसानों का शब्द टूट गया इसलिए मजबूरी में सड़क पर आकर जाम लगा दिया अभी तक हमारी समस्या का समाधान करने के लिए कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया। वहीं सड़क जाम लगाए बैठे किसानों के पास पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट बांदा ने किसानों को समझा-बुझाकर जाम को खुलवाया !

गौरक्षा ने मोक्षदायिनी केन नदी की आरती उतार, लिया बांदा को स्वच्छ रखने का संकल्प ।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति बांदा के वरिष्ठ जिला प्रवक्ता भरत बाबू गुप्ता ने एक प्रेस नोट जारी कर अवगत कराया कि मोक्षदायिनी केन नदी की आरती शुरू किया गया का सिलसिला अनवरत जारी है। केन की आरती में आस- पास के कई ग्राम से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। आगे प्रवक्ता श्री गुप्त ने अवगत कराया कि भक्तों ने संकल्प ले रखा है कि केन नदी (गंगा) हमारी आस्था है। हम सभी भक्तजन केन नदी को प्रदूषण से मुक्त करने की हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

मौजूद जिला अध्यक्ष श्री महेश कुमार प्रजापति ने श्रद्धालु बंधुओं से अनुरोध किया कि नदियों को पावन बनाने हेतु एकजुट होकर आगे आए। आगे श्री प्रजापति ने बताया कि यह कार्यक्रम शहर व आस- पास से आए नागरिकों के सहयोग गौ रक्षा समिति के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक मंगलवार सायं को होता है। इसके साथ ही आगामी दीपावली पर्व और देवउठनी एकादशी पर दीप प्रज्जवलन भी समिति की ओर से किया जायेगा । दीप प्रज्जवलन हेतु दीयों को बेसन व आटा से बनाए हुए होंगे। प्रसाद वितरण के पश्चात जिला अध्यक्ष जी ने उपस्थित भक्त जनों का प्रोग्राम में आने पर आभार व्यक्त किया।

इस उक्त कार्यक्रम में बांबेस्वर के मंदिर पुजारी पुत्तन तिवारी अंजना द्विवेदी श्रीमती किरण सेठ जिला उपाध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गुप्ता जिला मंत्री महेश प्रसाद गुप्ता जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति जिला मंत्री शैलेंद्र मिश्रा नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर सैनी जिला मंत्री राहुल राजपूत सागर गोयल ब्लॉक मंत्री सत्यम मिश्रा रामकरण पाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं !

तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी ने नगर निकाय के निर्वाचन हेतु बी.एल.ओ के कार्यो की समीक्षा

दैनिक समाज जागरण चन्दौसी।। तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी ने नगर निकाय के निर्वाचन हेतु आज सुबह 11:00 बजे से 01 बजे तक बहजोई नगर पालिका में बी.एल.ओ. के कार्यो की समीक्षा की तथा दोपहर 02 बजे से 03 बजे तक नगर पालिका चन्दौसी में बी.एल.ओ. के कार्यो की समीक्षा की उसके उपरांत शाम 05:00 बजे नगर

पंचायत नरौली में पहुचकर बी.एल.ओ के नगर निकाय से संबंधित कार्यो की समीक्षा की। तहसीलदार ने सभी सुपरवाइजरो को जल्द से जल्द शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई, चन्दौसी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के द्वारा विकासखंड रजपुरा के ग्राम मोलनपुर डांडा एवं सिसौना डांडा का किया स्थलीय निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गौ अभयारण्य के फेंसिंग का कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं युद्ध स्तर पर किया जाए..... जिलाधिकारी, गौ अभयारण्य के कार्य को संबंधित अधिकारी 2 माह में करें पूर्ण..... जिलाधिकारी

दैनिक समाज जागरण बहजोई । जिलाधिकारी मनीष बंसल ने तहसील गुन्नौर विकासखंड रजपुरा के ग्राम मोलनपुर डांडा में बन रहे गौ अभ्यारण्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिसमें जिलाधिकारी ने अभयारण्य की फेंसिंग के लिए आर ई डी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि 1 माह के अंतर्गत फेंसिंग का कार्य शत प्रतिशत किया जाए। एवं गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा के अंतर्गत अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले मार्गों को सही करवाया जाए।

उप जिलाधिकारी गुन्नौर को निर्देशित करते हुए कहा कि सजरे को गूगल मैप पर ट्रेसिंग किया जाए एवं भूमि की पैमाइश भी की जाए एवं उप जिला अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मार्गों के दोनों ओर ट्रेंचिंग का कार्य शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अभयारण्य के अंतर्गत किए गए वृक्षारोपण का निरीक्षण किया एवं संभागीय वन विभाग अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो पौधे सुख कर नष्ट हो चुके हैं उनके स्थान पर दूसरा पौधा रोपित किया जाए। एवं नेपियर घास को भी अभयारण्य में पुनः लगवाया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अभयारण्य में वृक्षारोपण की देखभाल के लिए 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए जिससे पौधे जीवित रह सकें।

जिलाधिकारी ने प्रस्तावित शेड की भूमि का निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत एवं आर ई डी को निर्देशित करते हुए कहा कि शेड का निर्माण कार्य शीघ्र से शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि समतलीय करण के कार्य को पूर्ण कराएं जिससे कार्य में प्रगति आए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड रजपुरा के ग्राम सिसौना डांडा में लगने वाले आगामी गंगा मेला का स्थलीय निरीक्षण किया। एवं सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले की तैयारी शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली जाएं जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुन्ना लाल यादव, उप जिला अधिकारी गुन्नौर संदीप वर्मा, डीसी मनरेगा बलवंत सिंह, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला पंचायत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

घर से गायब हुए 8 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने परिवार के लोगों को सौंपा।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनावई

जूनावई थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से 5:00 बजे करीब घूमने हेतु निकला एक 8 वर्षीय बच्चे के गायब होने पर परिवार के लोगों के द्वारा तलाश शुरूआत की गई । वही जूनावई मेन चौराहे पर घूमते हुए मिले बच्चे को पुलिस ने परिवार के लोगों को 3 घंटे बाद सौंप दिया है।

जुनावई थाना क्षेत्र के दबथरा हिंमचल के रहने वाले राजेश कुमार का 8 वर्षीय बच्चा वंश गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 2 का छात्र है। शाम 5:00 बजे करीब वंश अब अपनी मां मंजू देवी से घूमने की कहकर घर से निकल गया। शाम 7:00 बजे तक घर न पहुंचने पर परिवार के लोगों ने वंश की तलाश शुरू कर दी। वहीं कुछ लोगों के द्वारा बताया गया कि एक युवक बाइक पर बिठाकर वंश को बिजुआ नगला गांव की तरफ ले गया है। परिवार के लोगों ने विजुआ नंगला गांव में आसपास तलाश शुरू की। परंतु वंश का कहीं पता नहीं चल सका। वहीं रात्रि 8 बजे करीब वंश जुनावई मेन चौराहे पर घूमता हुआ पाया गया। वंश को घूमते हुए पाए जाने पर देवेंद्र कुमार नाम के व्यक्ति द्वारा वंश को पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने वंश से जानकारी हासिल में पुलिस को बताया मेरा नाम वंश तो पिता का नाम राजेश कुमार और मां का नाम मंजू कुमारी है । और मैं गांव दबथरा का रहने वाला हूं । बच्चे के द्वारा जानकारी दिए जाने पर पुलिस ने दबथरा गांव में बच्चे के परिवार के लोगों को सूचना देकर थाने में बुलाया। मौके पर पहुंचे बच्चे के दादा रामफल एवं मां मंजू बच्चे को देखकर चीखकर रोने लगे। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया बच्चा 5:00 बजे घर के दरवाजे पर खेलने का बताकर घर से निकला था। परंतु वापस 7:00 बजे तक घर न पहुंनेच पर इसकी चारों तरफ तलाश जारी की गई थी। तलाश करने पर कहीं भी इसका पता नहीं लग सका है । पुलिस के द्वारा सूचना दिए जाने पर ही बच्चे का पता लगा है। वहीं पुलिस के द्वारा बच्चे को परिवार के लोगों से मिलाए जाने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को धन्यवाद दिया है।

डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में ब

जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी में

5 दिवसीय रंगोली प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

जोगबनी ।भारत- नेपाल सीमा पर अवस्थित जिले का गौरव जेनिथ पब्लिक

स्कूल जोगबनी मे दीपावली के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 दिवसीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।मंगलवार को शुरू हुए इस रंगोली प्रतियोगिता में आर्यभट्ट हाऊस की अंशु प्रिया , प्रिया कुमारी , रिया , पूजा , फलक , जुफिजा , भारती , लक्ष्मी , रुखसार , आदिति , शामिया ने शानदार रंगोली बना कर प्रदर्शित किया ।

युवा समाजसेवी पंकज वर्मा ने किसानों, पैक्स की समस्याओं को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री से लगाई गुहार

रामगढ़, कैमूर युवा समाजसेवी पंकज वर्मा ने वर्तमान जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा से मिलकर पंचायत के किसानों व पैक्स की समस्याओं से अवगत कराया वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने समस्याओं के निदान का भरोसा दिया। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री का जहां भी जिस जिला मे कार्यक्रम हो रहा है वहां वे रात को किसी गांव मे रुककर रात

गुजार रहे हैं और लोगों की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। इसी कड़ी मे कैमूर मे आए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सम्मेलन बाद जिले के ओदार गांव मे कार्यकताओं ,ग्रामीणों के बीच रात गुजारा और जमीन पर बैठ सबके साथ भोजन किया साथ ही जनसमस्याओं को सुना।इसी क्रम मे युवा समाजसेवी पंकज वर्मा उपस्थित रहे साथ भोजन किया और जनसमस्याओं से अवगत कराया व दूसरे दिन कैमूर जिला से पूर्व केंद्रीय मंत्री के विदाई तक साथ रहा।आपको बताते चलें कि पंकज वर्मा रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत सिसौड़ा पंचायत के पटखवलिया गांव का निवासी और पेशे से गायक ,कलाकार है।

शोक श्रद्धांजलि सभा मे हुआ दो गोला रामायण धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमः-सुंदर पहल

नवानगर(बक्सर)बिहार मंगलवार को जदयू के युवा नवानगर प्रखंड अध्यक्ष कमलेश सिंह यादव के चाची के स्वर्गवास हो जाने के उपरांत मृत आत्मा की शांति के उद्देश्य से शोक श्रद्धांजलि सभा व धार्मिक सांकृतिक कार्यक्रम रामायण दो गोला यानी(जिसमे रामचरित मानस संबंधित बारी- बारी से दो टीम)द्वारा गायन के माध्यम से रामचरित आधारित प्रस्तुति का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य कलाकार की भूमिका मे दो टीम उपस्थित रही।एक टीम का नेतृत्व गायक कलाकार मिंटू हिटलर व दूसरे टीम का नेतृत्व गायक कलाकार सरोज यादव ने किया। बता दें कि रामायण दो गोला कार्यक्रम के तहत रामचरित मानस आधारित बिंदुओं को गायन के जरिए प्रदर्शित किया जाता है। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित संयुक्त रूप से युवा जदयू के पदाधिकारियों द्वारा फीता काट एक दूसरे को माला,अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए किया गया साथ ही मंच का संचालन पंचायत के बीडीसी राजीव कुमार ने किया बताते चलें कि कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व जदयू प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह के चचेरे भाई पूर्व युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह,बिहार प्रदेश युवा जदयू महासचिव आजाद सिंह राठौर,युवा जिला अध्यक्ष बक्सर अजीत तिवारी,युवा जदयू जिला प्रवक्ता रविकांत कुशवाहा,जिला युवा जदयू उपाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय,पूर्व युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष इटाढ़ी अनिरुद्ध तिवारी उपस्थित रहे साथ ही धार्मिक कार्यक्रम के दौरान गांव के लोगों,आस पास के क्षेत्र वासियों के साथ सैकड़ो जदयू कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

अनियंत्रित होकर ऑटो ने मारी पलटी दो लोग गंभीर रूप से जख्मी

नालंदाः रहुई थाना क्षेत्र इलाके के भेंडा गांव के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। बताया जाता है कि यह ऑटो बिहार शरीफ से यात्रियों को लोड करके बिंद के तरफ जा रही थी। तभी भेडा गांव के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसे ऑटो पर सवार 3 यात्री मैसेज 2 यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं जबकि यह कि यात्री बाल-बाल सुरक्षित है। बताया जाता है कि इस ऑटो को किसी अज्ञात वाहन ने

चकमा दे दिया था। जिसके कारण चालक ने गति पर से नियंत्रण खो दिया। घायलों में एक महिला और एक पुरुष शामिल है सभी घायलों का इलाज रहुई के निधि क्लिनिक में चल रहा है। बताया जाता है कि ऑटो पर सवार सभी बिहार शरीफ से अपना काम समाप्त करके बिंद की ओर जा रहे थे तभी भेंडा गांव के पास यह सड़क हादसा हुआ।

वाहन से वीयर-शराब खेप जब्त, धंधेबाज फरार

नालंदाः उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार की शाम दीपनगर थाना अंतर्गत पचौड़ी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर जायलो वाहन पर लोड वीयर-अंग्रेजी शराब खेप बरामद की। हालांकि, छापेमारी की भनक पाकर धंधेबाज वाहन से कूदकर फरार हो गया। वाहन से 15 कार्टन केन वीयर और एक कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त की गई। उत्पाद अधीक्षक उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि वाहन धंधेबाज शराब-वीयर की डिलेवरी कर रहे थे। उसी दौरान गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। कार्रवाई की भनक पाकर धंधेबाज फरार हो गया। जब्त वाहन से 15 कार्टन वीयर व एक काट्रन शराब जब्त की गई। वाहन नंबर के आधार पर टीम धंधेबाजों की तलाश में जुटी है।

शोभापुर की नेहा सेन ने जीता इंदौर में स्वयं सिद्धम नेशनल ब्यूटी टेलेंट शो अवार्ड

(19अक्तूबर)शोभापुर की ब्यूटी पार्लर संचालिका नेहा प्रकाश सेन ने नेशनल ब्राइडल कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है' इस नेशनल अवार्ड टैलेंट शो का आयोजन स्वयं सिद्धम संस्था द्वारा इंदौर में रखा गया था' इसके पूर्व में स्वयं सिद्धम संस्था द्वारा यह आयोजन भोपाल में किया गया था'जिसमें देश भर से 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था' जिसमें से 20 प्रतिभागी फाइनल में पहुंचे थे'जिनका अगला इम्तिहान इंदौर में आयोजित हुआ' इन 20 प्रतिभागियों में से नेशनल इंडियन ब्राइडल कंपटीशन में सुंदर श्रृंगार के लिए नेहा प्रकाश सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान ओम कालेश्वर एवं तृतीय स्थान मुंबई को मिला' इनाम के रूप में नेहा प्रकाश सेन को एक शील्ड के साथ प्रशस्ति पत्र मिला एवं अब वे आगे की नेशनल ब्यूटी चैंपियनशिप के लिए चयनित हो गई है' उनकी इस उपलब्धि पर संपूर्ण नगर में हर्ष की लहर है एवं उन्हें नगर वासियों रिश्तेदारों परिजनों द्वारा बधाइयां प्रेषित की जा रही हैं' वहीं नेहा सेन ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि यह कला और हुनर की जीत है. इस जीत से मुझे आगे बढ़ने का हौसला मिला है और इस जीत से नगर की मातृशक्ति का आत्मविश्वास बढ़ेगा.।

पंचायत के किसानों के साथ हो रहे अन्याय को खत्म करना ही जिंदगी का मकसद-समाजसेवी पंकज वर्मा

रामगढ़, कैमूर सिसौड़ा पंचायत के पटखवलिया गांव के निवासी पेशे से गायक ,समाज सेवी पंकज वर्मा ने पंचायत के किसानों के समस्याओं को लेकर बैठक की बैठक के दरम्यान पंकज वर्मा ने वर्तमान पैक्स अध्यक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि अध्यक्ष द्वारा सिसौड़ा पंचायत के किसानों के साथ 15वर्षों से अन्याय किया जा रहा है।पैक्स मेंबर को अध्यक्ष से कोई सरकारी लाभ नही मिल रहा है।सही समय पर खाद,बीज व धान की खरीद नही की जा रही है आगे कहते हुए वर्मा ने कहा कि सड़क बनता है तो विधायक ने बनवाया,गली नाली बनता है तो मुखिया ने बनवाया, 15वर्षों से पैक्स अध्यक्ष हैं बता दें उन्होंने इन 15वर्षों मे कौन सा काम किया है कि जीतते आ रहे हैं।बताते चलें कि आगे उन्होंने कहा कि जिसका एक एकड़ से कम जमीन नही है उसे मेंबर बनाया जिसका जमीन है उसे नही बनाया, एक घर

से तीन से चार लोगों को अपनी जीत के लिए सदस्य बनाया गया है सदस्य बनाने मे नियमों की अनदेखी की गई है केवल अपने लोगों को सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है ।आगे सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार को इस पर ध्यान देते हुए सदस्यों (वोटरों)की जांच करानी चाहिए तथा योग्य पात्र किसानों को बिना दबाव के वोटर(पैक्स का सदस्य) बनाने चाहिए और जो पहले से अवैध रूप से सदस्य बने हुए हैं उनका नाम सूची से हटाया जाना चाहिए जिससे सभी पात्र किसानों को उचित लाभ के साथ योग्य व्यक्ति का चुनाव किया जा सके ।वर्मा द्वारा की जा रही गतिविधियों से पता चलता है कि भविष्य के पैक्स उम्मीदवार हो सकते हैं।वहीं बैठक मे सिसौड़ा निवासी भीम राम,मुन्ना बिंद,विकास कुमार,मोनू कुमार,सोनू कुमार,टुनटुन कुमार,सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

शांति और सद्भाव पूर्ण दीपावली के लिए कानपुर में गोविंद नगर के इंस्पेक्टर आशीष ने की अपील पुलिस ने की अपील

सुनील बाजपेई

- पर्यावरण के पक्ष में प्रदूषण के खिलाफ पटाखों का प्रयोग कम से कम किए जाने की जोरदार अपील के साथ गोविंद नगर के इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी ने लोगों को दी दीपावली की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं

- अराजकता करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

कानपुर। सभी धर्मों के त्योहारों को शांति और सद्भाव पूर्ण तरीके से मनाना हर नागरिक का कर्तव्य है। देश, समाज और अपनी संस्कृति के हित में हर नागरिक को अपने इस कर्तव्य का पालन अवश्य ही करना चाहिए।

दीपावली के आगामी त्यौहार को शांति और सद्भाव साथ मनाने की यह जोरदार अपील अपने सांसारिक कर्तव्य के प्रति निष्ठा के फलस्वरूप अब तक के सभी त्योहारों को कठोर परिश्रम के साथ सकुशल संपन्न कराने में सफल चुनौतीपूर्ण गोविंद

नगर के तेजतर्रार और व्यवहार कुशल इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी ने की।

इस दौरान आहूत की गई शांत कमेटी की बैठकों में भी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा

निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के पीड़ितों

की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी ने

दीपावली के आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की जोरदार अपील करने के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था के खिलाफ किसी भी तरह का अनुचित आचरण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी।

अपनी अब तक की जुझारू नौकरी के कार्यकाल में शठे शाठ्यम समाचरेत के अनुरूप सैकड़ों शातिर अपराधी अराजक तत्वों को भरपूर सबक सिखा चुके इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी ने इस बीच पर्यावरण के पक्ष में प्रदूषण के खिलाफ आतिशबाजी पटाखों आदि का कम से कम प्रयोग किए जाने की भी अपील करते हुए लोगों को दीपावली की अग्रिम हार्दिक शुभ कामनाएं भी दीं। साथ ही कहा कि किसी भी तरह की अराजकता करने वालों कदापि नहीं बख्शा जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अवश्य की जाएगी। वह चाहे कितने ही प्रभावशाली क्यों ना हों।

शिक्षक को हटाने के लिए बिरसा के चितालखोली के ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट

अन्य तहसीलों से भी ग्रामीण अपनी समस्या लेकर पहुंचे

बालाघाट।जनसुनवाई में मंडला जिले के नैनपुर थाने के ग्राम मनिया-मोहगांव का मेमसिंह नेटी अपनी डी फार्मा की मार्कसीट दिलाने की मांग लेकर आया था। मेमसिंह का कहना था कि उसने इंस्टीट्यूट आफ पेरामेडिकल टैक्नोलाजी बालाघाट में प्रवेश लिया था और वर्ष 2020 में उसने डी फार्मा का कोर्स पूरा कर लिया है। लेकिन उसे आज तक उसकी मार्कसीट नहीं दी गई है। संस्थान द्वारा कहा जाता है कि फीस जमा करने पर मार्कसीट मिलेगी।

चांगोटोला थाने के अंतर्गत ग्राम बटुआ की शकुंतला मर्सकोले शिकायत लेकर आयी थी कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वह अपनी पुत्री नीलीमा मर्सकोले कक्षा-07 एवं नूतन मर्सकोले कक्षा-04 को शासकीय स्कूल में पढ़ाना चाहती है। लेकिन प्रायवेट स्कूल राजीव विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल चांगोटोला का संचालक गौतम उसके पुत्रियों की टीसी नहीं दे रहा है। जिसके कारण उसकी पुत्रियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। वह अपने पति के साथ टीसी के लिए स्कूल गई थी तो स्कूल संचालक गौतम द्वारा उनके साथ गाली गलौच की जाती है और मारने पीटने की धमकी दी जाती है। संचालक गौतम द्वारा रात्री में फोन करके भी धमकिया दी जाती है और कहा जाता है कि 65 हजार रुपये जमा करने पर ही टीसी मिलेगी। अतः स्कूल संचालक से उसके पुत्रियों की टीसी शीघ्र दिलायी जाये। जिससे वह अपनी पुत्रियों का शासकीय स्कूल में प्रवेश दिला सकेगी।

लांजी तहसील के ग्राम नेवरवाही का गनीराम नागेश्वर शिकायत लेकर आया था कि उसके पुत्र हसूलाल नागेश्वर की 13 मई 2019 को मृत्यु हो गई है। पुत्र की मृत्यु के उपरांत वह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायत नेवरवाही गया था और सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत

किया था। ग्राम पंचायत नेवरवाही के सचिव एवं सहायक सचिव द्वारा उससे 50 हजार रुपये की मांग की जा रही है और किसी को भी बताने पर पंचायत की किसी भी योजना का लाभ नहीं देने की धमकी दी जाती है। खैरलांजी तहसील के ग्राम टेकाड़ीघाट की भूमेश्वरी पटले शिकायत लेकर आयी थी कि उसके पति भागचंद पटले की 21 मई 2021 को बैलगाड़ी दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। उसने मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना में सहायता के लिए आवेदन किया है, लेकिन उसे अब तक कोई सहायता राशि नहीं मिली है।

बिरसा विकासखंड के ग्राम चितालखोली के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि डाबरी संकुल के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला चितालखोली में पदस्थ शिक्षक राजकुमार सोनवाने 15 अगस्त 2022 को झंडा फहराने स्कूल आया था, उसके बाद से वह अब तक स्कूल नहीं आया है। शिक्षक सोनवाने पहले भी सप्ताह में 2 से 3 दिन ही स्कूल आता था। शिक्षक के स्कूल नहीं आने से गांव के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। अतः शिक्षक सोनवाने को वहां से हटाकर अन्य शिक्षक को पदस्थ किया जाये। जिससे उनके बच्चों की पढ़ाई अच्छे से हो सके। तिरोड़ी तहसील के ग्राम कोडबी की कविता रामटेके शिकायत लेकर आयी थी कि उसके पति हरिचंद रामटेके की 03 फरवरी 2021 को मृत्यु हो गई है। लेकिन उसे अब तक संबल योजना की राशि नहीं मिली है। लांजी विकासखंड के ग्राम देवलगांव के 14 ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि उन्हें प्रधानमत्री आवास स्वीकृत हुआ था। गाम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा उनसे 15-15 हजार रुपये की मांग की गई। लेकिन उनके द्वारा राशि नहीं दिये जाने पर उनका नाम आवास योजना की सूची से काट दिया गया है। सचिव द्वारा शौचालय के हितग्राहियों से भी 01-01 हजार रुपये की मांग की गई है और यह राशि नहीं देने पर उनकी 12 हजार रुपये की राशि रोक दी गई है। अतः उनका नाम आवास योजना की सूची में जोड़ा जाये और सचिव एवं रोजगार सहायक पर कार्यवाही की जाये।

पशुपालन विभाग का मस्तूरी में खंडस्तरीय बैठक संपन्न

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी विकासखंड के कृत्रिम गभार्धान केंद्र कार्यालय में पशुपालन विभाग के समस्त मैदानी स्तर के अधिकारियों एंव कर्मचारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुआ। पशुपालन विभाग के जिला अधिकारी डॉ झारिया सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के दिये निर्देश में यह बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में विभाग द्वारा चलाया जा रहा पशुओ में खुरहा चपका टीकाकरण अभियान की प्रगति एंव इनाफ पोर्टल में एंट्री की समीक्षा की गई।साथ ही ग्रामो में आवारा पशुओं की अस्थाई रख रखाव के लिए सभी संस्था प्रभारियों को सतत निगरानी करने के भी निर्देश दिये गए। फसलो को पशुओ से बचाने के लिये वर्तमान में लगभग सभी ग्रामो में पशुओ को अस्थाई बड़ा बनाकर ,कांजी हॉउस ,या गौठान में पशुओ को रखा गया है।शासन द्वारा निर्देश है कि ग्राम पंचायत प्रस्ताव पास कर जनपद पंचायत की सहमति से पशुओ के चरवाहा,पानी ,दाना ,शेड की व्यवस्था कर अस्थायी तौर से कुछ दिनों के लिये ग्राम में रख सकते हैं।और यदि पशु बीमार हो तो तत्काल पशुपालन विभाग से उपचार

हेतु संपर्क कर सकते है। बैठक में पशु चिकित्सालय सीपत में स्थानांतरित होकर आये डॉ संजय राज का भी स्वागत किया गया । साथ ही मस्तूरी में पदस्थ डॉ शिव पटेल का विभागीय पदोन्नति हुई है उनका भी सम्मान किया गया। बैठक में कृत्रिम गभार्धान प्रभारी डॉ एम के यादव, विकासखंड प्रभारी डॉ यशवंत डहरिया, पचपेड़ी से डॉ स्मिता साहू और सभी सहायक पशुचिकित्सा सहायक क्षेत्राधिकारी ,पशु परिचारक ,पशुधन मैत्री, गौसेवक आदि उपस्थित रहे।

मोहनिया के समीप एक पिकअप से 100पेटी अंग्रेजी महंगी शराब बरामद चालक गिरफ्तार

यूपी से शराब लाकर बिहार मे अवैध तरीके से बेचने का कार्य किया जा रहा है।आए दिन कैमूर जिले के प्रत्येक थाने ,एंटी लिकर टास्क फोर्स व उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाई मे तस्करों के गिरफ्तारी के साथ भारी मात्रा मे शराब बरामद की जा रही है लेकिन अवैध धंधेबाज ऐसे गलत कार्य करने से बाज नही आ रहे हैं।प्रतीत होता है कि शराब माफिया बिहार मे पूरी तरह सक्रिय हैं इसी क्रम मे मंगलवार की सुबह कैमूर की एंटी लिकर टास्क फोर्स ने इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट कर्मनाशा की टीम ने मोहनिया के समीप शराब से लदी हुई एक पिकअप गाड़ी को जब्त कर साथ ही चालक को गिरफ्तार कर लिया मिल रही

जानकारी के अनुसार पिकअप पर 100पेटी अंग्रेजी शराब लोड था।जिसमे रेडिकोर 8पीएम 180एमएल 70पेटी व ऑफिसर च्वाइस 180एमएल 30पेटी है मिल रही जानकारी के अनुसार शराब की यह बड़ी खेप यूपी के वाराणसी से पटना जा रही थी। वही गिरफ्तार चालक कैमूर जिला का भभुआ प्रखंड के रूपपुर गांव का संजय कहार का पुत्र राजन कुमार बतलाया जाता है। बता दे कि जब से नगर निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ था तभी से अवैध शराब की तस्करी ने जोर पकड़ा हुआ है बीच बीच मे आ रहे पर्व त्योहारों के चलते कारोबार और जोर पकड़ रहा है।

जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक

नालंदाः जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर आज जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गई।

सिविल सर्जन को 3 दिनों के अंदर जिला के सभी निबंधित एवं गैर निबंधित चिकित्सा संस्थानों को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया।

सभी संस्थानों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2016 के प्रावधानों से अनिवार्य रूप से अवगत कराने को कहा गया। सभी संस्थानों को नोटिस देते हुए 30 अक्टूबर तक एक्ट के प्रावधान के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट के पृथकीकरण हेतु अलग-अलग रंगों के डस्टबिन की व्यवस्था तथा अपशिष्ट के निस्तारण के लिए निबंधित संस्था के साथ इकरारनामा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। चिकित्सा संस्थानों में मुख्य रूप से चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन

की व्यवस्था होनी चाहिए। लाल डस्टबिन में प्लास्टिक ट्यूब /बोतल आदि जैसे रीसाइक्लिंग हेतु उपयुक्त अपशिष्ट, पीले डस्टबिन में बॉडी पार्ट्स/कॉटन आदि जैसे अपशिष्ट, काले डस्टबिन में म्युनिसिपल अपशिष्ट तथा नीले डस्टबिन में निडल/ब्लेड आदि जैसे अपशिष्ट को पृथक रखा जाना है।

इन सभी जैव अपशिष्टों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट हेतु निबंधित संस्था के माध्यम से निस्तारित किया जाना है।

जिलाधिकारी ने कहां कि 30 अक्टूबर के बाद सभी संस्थानों की जांच कराई जाएगी। जो भी संस्थान जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2016 के प्रावधान का अनुपालन नहीं करते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार फाइन लगाने/ निबंधन रद्द करने /संस्था को बंद करने तथा प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

बैठक में सिविल सर्जन, उप नगर आयुक्त, डीपीएम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सौंसारखेड़ा राशन वितरण केंद्र में भ्रष्टाचार चरम पर, हितग्राही परेशान

(19अक्तूबर) सौंसारखेड़ा राशन वितरण की दुकान पर सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार बड़े स्तर से लापरवाही बढ़ती जा रही है, जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार राशन वितरण की दुकान पर हितग्राहियों को प्राप्त सामग्री की ना तो पर्ची दी जा रही है और ना ही दुकान पर वितरण किया जा रहा राशन की जानकारी अंकित है, कुछ हितग्राहियों ने तो यहां तक बताया है कि हमें आज तक राशन की पर्ची का वितरण नहीं हुआ है, हमें कितना राशन दिया जा रहा है इसकी जानकारी हमें स्पष्ट रूप से नहीं दी जाती है, नाम ना बताने की शर्त पर हितग्राहियों ने बताया कि स्कैनिंग मशीन पर कई बार एक से अधिक बार अंगूठे लिए जाते हैं, और यह स्पष्ट नहीं किया जाता कि इस माह हमें कितना राशन दिया जा रहा है यह किस योजना के तहत हमें राशन वितरित किया जा रहा है, गंभीर विषय यह है कि प्रदेश के मुखिया एवं प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों को राशन वितरित किया जा रहा है परंतु इस दुकान पर इस स्तर से यदि लापरवाही बरती जा रही है तो यह एक बड़ा मामला है, और यदि अधिकारियों द्वारा जांच की जाए तो बड़ा भ्रष्टाचार भी उजागर हो सकता है।

मस्तूरी विधानसभा अन्तर्गत ग्राम पंचायत बोहारडीह में अंबेडकर जी का मूर्ति अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपनेता प्रतिपक्ष एवं मस्तुरी वर्ष विधायक हुए शामिल

समाज जागरण संवाददाता विवेज देशमुख

बिलासपुर। मस्तुरी विधानसभा अन्तर्गत ग्राम बोहारडीह में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का आदमकद मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, उपनेता प्रतिपक्ष छः ग. विधानसभा, मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णमुर्ति बांधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पामगढ़ विधायक इंदु बंजारे कर रही थी। सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के माल्यार्पण पर दीप प्रज्ज्वलित करके अम्बेडकर जी के मूर्ति अनावरण किया गया। तत्पश्चात स्वागत, गीत संगीत की शुरूआत हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, मस्तूरी विधायक डॉ बांधी ने अपने उद्बोधन में कहा बाबा साहब के बताए रास्तों पर हमे चलना है आज हम जो मुकाम तक पहुंचे हैं वह सब अंबेडकर जी के देन है चाहे व्यवसायी हो या नेता हो या अन्य आज उसके संविधान से पुरे देश चल रहा हैं। आगे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कुछ असामाजिक तत्व लोग बरगलाने और अफवाह फैलाने की कोशिश करते हैं कि संविधान को बदला जा रहा है किंतु मैं बता दूं किसी भी व्यक्ति में

हिम्मत और ताकत नही है और न वो पैदा हुए है जो संविधान को बदल दे कल भी अंबेडकर जी के संविधान से देश चलता था और आज भी चल रहा हैं और कल भी चलेगा । अंत में आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी । कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व मंत्री, मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णामूर्ति बांधी, पामगढ़ विधायक इंदु बंजारे, रोहित डहरिया, धरम भार्गव,दामोदर कांत, संतोषी ताराचंद राय, प्रेमचंद खांडेकर, डॉ.मिरी, किरण यादव, अशोक दिनकर, मिस्टर इंडिया भार्गव, महादेव खूंटे, चंद्र प्रकाश दिनकर, घनश्याम भार्गव, गणपत भार्गव उपस्थित रहे।

किसी की मानेगी दिवाली तो किसी का निकलेगा दिवाला

पटौदी : हरियाणा पंचायती चुनावों को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी -अपनी जीत पक्की करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है। आपको बता दें की कुछ प्रत्याशी तो काफी महीनों से चुनावों की तैयारियों में जुटे हुए है। अब देखना यह होगा की कोन कितना इन चुनावों के समर में पार होता है। आपको यह भी बता दें की हरियाणा में चुनावों को लेकर पंच,सरपंच,पंचायत समिति,जिला परिषद के भावी उम्मीदवारों द्वारा घर -घर, गली,मोहल्ले, चौक - चौराहे आदि पर समर्थकों व वोटरों को खुश करने में लगे है। गौरतलब है की अब की बार चुनावो से पहले दिवाली पर्व भी है।देखना यह होगा की चुनावो के परिणाम आने पर किसकी दिवाली मानेगी और किसका दिवाला निकलेगा। ज्ञात हो की पहले चरण के चुनाव मे जिला परिषद,ब्लॉक समिति जोकि 30 अक्टूबर व 2 नवंबर को आयोजित हो रहे है। वहीं दूसरे चरण मे जिला गुरुग्राम में 9 नवंबर और 12 नवंबर चुनाव होने है। चुनावों को लेकर ग्रामीण महिलाएं भी पीछे नहीं दिख रही है। चारों और चुनावी चचाओं का बाजार गर्म है।

शोभापुर के युवाओं ने मनाया सतपाल पलिया का जन्म दिवस

(19अक्टूबर)क्षेत्र के लोकप्रिय कर्मठ एवं जुझारू पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंडित सतपाल पलिया का जन्मदिन शोभापुर के युवा कांग्रेसियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम उनके आगमन पर आतिशबाजी की गई दुर्गा मंदिर के सामने फूल माला एवं शाल श्रीफल से उनका स्वागत किया गया वहीं पर उनके छोटे भाई आदित्य पलिया भी मौजूद रहे एवं जन्मदिन के उपलक्ष में केक काटा गया ढोल नगाडो कि धुन पर युवा कांग्रेसी नाचते झूमते नजर आए स्वागत और बधाई मिलने के बाद सतपाल पलिया ने सभी का आभार व्यक्त ।

जिप नारनौल वार्ड न.10 से नंबरदार राजसिंह बजाड़ ने किया नामांकन अटेली मंडी

आज भारी समर्थकों के बीच जिला परिषद नारनौल वार्ड न.10 से प्रबल दावेदार नबरदार राज सिंह बजाड़ ने अपना नामांकन दाखिल किया। आपको बता दें की महेंद्रगढ़(नारनौल) के जिला उपायुक्त कृष्ण कुमार ने नामांकन के दौरान नामित प्रत्याशी को बधाई भी दी है। उक्त प्रत्याशी के नामांकन में लगभग 150 लोग शामिल हुए। नंबरदार राजसिंह बजाड़ के समर्थकों और वार्ड न 10 के अंतर्गत आने

वाले ग्रामीणों में भी काफी खुशी का माहौल देखने को मिला।

शिक्षा ही जीवन का आधार है,शिक्षा के साथ-साथ संस्कारो का भी हो सृजन-डॉ रोहित सिंह राजावत

(हमीरपुर)। शिक्षा और शिक्षित होना कितना जरूरी है इस विषय पर चर्चा के दौरान अभिनव प्रज्ञा पी जी कालेज सरीला के प्राचार्य डॉ रोहित सिंह राजावत ने शिक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है बिना शिक्षा के जीवन दिशाहीन है शिक्षा के साथ साथ संस्कारो का भी सृजन जरूरी है प्राथमिक शिक्षा के समय से ही बच्चों में शिक्षा के साथ- साथ संस्कारो का सृजन करना बहुत जरूरी है भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति व महापुरुषों के संघर्ष की गाथा से भी विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का दीप जलाकर शिक्षा को गति दी जा सकती है। डॉ रोहित राजावत ने बताया कि शिक्षा और संस्कार ऐसी सम्पत्ति है जिसे कोई न चुरा सकता है न ही छीन सकता शिक्षा से जीवन में अहंकार का विनाश और स्नेह और आदर का भाव जागृत होता है जीवन में सीखने का क्रम कभी खत्म नही होना चाहिए शिक्षा से आत्मविश्वास बढ़ता है,शिक्षा और संस्कार को ग्रहण करने वाला व्यक्ति कभी जीवन में असफल नही हो सकता। शिक्षित व्यक्ति समाज में सही और गलत की पहचान बेहतर कर सकता है

शिक्षा सिर्फ किताबों तक ही सीमित नही होनी चाहिए बल्कि शिक्षित होकर उस शिक्षा का उपयोग एक सभ्य और सुंदर समाज निर्माण में भी सहायक हो,डॉ रोहित राजावत के अनुसार वास्तव में शिक्षा सभी समस्याओं का समाधान है शिक्षित होकर हमे भ्रष्टाचार, नशा,आतंकवाद,गरीबी,कन्या भ्रूण हत्या,जैसी समस्याओं को खत्म करने की कोशिश होनी चाहिए तो वही पर्यावरण ,जल संरक्षण के लिये भी सभी को जागरूक करना चाहिए।।

लालखदान में सामाजिक समरसता बनाए रखने में पंचायत की भूमिका अहम..

पहले और अब में काफी परिवर्तन नजर आ रहा है।पंचायत और यहां के नागरिकों का अपमान करने की चल रही है साजिश ...

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर । शहर से लगी ग्राम पंचायत महमंद लालखदान को कुछ लोग बदनाम करना चाहते है। वो ऐसा क्यों कर रहे है ये तो नही पता मगर इससे पंचायत और यहां रहने वाले नागरिकों का अपमान के अलावा यहां का विकास प्रभावित हो रहा है। बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंचे पंचायत के पदाधिकारियों ने ये बाते कही।ग्राम पंचायत महमंद के उपसरपंच नागेंद्र राय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि रह रह कर कुछ लोग लालखदान महमंद के नागरिकों को अपराधी बताने की चाल चल रहे है। पहले यहां जो कुछ होता था अब ऐसा नहीं होता यहां सभी लोग आपस में सामाजिक सौहार्द्र बनाकर रह रहे है। समय समय पर कुछ हिन्दू संगठन से जुड़े लोग बाहर से आकर जरूर माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं मगर सुलझे हुए यहां के नागरिक और जनप्रतिनिधि उनके मंसूबों को सफल नही होने दे रहे है। बार-बार लाल खदान को अपराधियों का गढ़ बताने वाले लोगों के मन में क्या चल रहा है यह वही जाने मगर यहां बाहरी लोग आकर अपराध कर रहे हैं स्थानीय ग्रामीणों का बहुत ज्यादा इंवॉल्वमेंट नहीं रहता। हाल ही में गांव में कट्टा कारतूस के साथ पकड़े गए असमाजिक तत्व नशेड़ी है जो पहले से ही नशा की गिरफ्त में है। बाहरी लोगों के प्रभाव में आकर उन्होंने अपनी दिशा बदली है जिस पर पुलिस की सीधी कार्यवाई को पंचायत और यहां के रहने वाले नागरिकों ने प्रशंसा की है।नागेंद्र राय ने आशंका जताई कि दूसरे राजनौतिक दल के कुछ लोग यहां षड्यंत्र कर माहौल को खराब करना चाहते है जो वो होने नही देंगे। पंचायत के प्रतिनिधियों ने दुख जताया इस तरह की घटनाओं के चलते क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा है। पहले के लाल खदान में और अब के लाल खदान में काफी परिवर्तन आ चुका है। स्थानीय ग्रामीण सीधे तौर पर किसी बड़ी घटना में अब इंवॉल्व नहीं हो रहे हैं मगर

बाहरी लोगों के संपर्क में आने के बाद कुछ लोगों के कारण ग्राम पंचायत और यहां रहने वाले नागरिकों को अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है। ग्राम के नागरिकों की सुरक्षा पुलिस के भरोसे तो है ही पंचायत के प्रतिनिधि भी अपनी ओर से भरसक प्रयास कर लोगों को विवादित और परेशान मुक्त रखना चाहते हैं। श्री राय ने बताया कि महमंद लालखदान में अब कोई गैंगवार नही चल रहा है। कुछ बाहरी तत्व ऐसा प्रचार कर यहां की छवि को खराब कर रहे है।उन्होंने पत्रकारों और बुद्धिजीवियों से आग्रह किया कि गांव में आकर चाहे तो कैम्प कर लोगों से आवश्यक जानकारी ले सकते है। यहां के नागरिक ऐसे नही है जैसा प्रस्तुत किया जाता है। यह क्षेत्र अब शिक्षा का हब बनते जा रहा है। कई अच्छे संस्थान पंचायत का मान सम्मान बढ़ा रहे है। बिल्हा जनपद पंचायत के सदस्य नारद रजक ने बताया कि वह पिछले काफी समय से लाल खदान में पुलिस चौकी खोलने की मांग करते आ रहे हैं। इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। उन्होंने बताया की पुलिस चौकी की स्थापना की जिम्मेदारी पंचायत उठाने को तैयार है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन का खुले दिल से धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि उन्ही की सक्रियता की वजह से ही गांव में शांति व्यवस्था कायम है। इस मौके पर महमंद सरपंच प्रतिनिधि अनिल निषाद,राजकुमार रजक,जगत रजक,सुरेंद्र बोले,सूरज साय, अशोक राजवाल,विक्की नायक और सुनील गुर्जर मौजूद रहे।

रामलीला मेला तिकुनियां में चंदे के नाम पर ऐंठी जा रही मोटी रकम

दुकानदारो से मिली जानकारी गत वर्ष में 80 रू फिट और इस बार 100 रू फिट ऐसे ऐंठी जा रही रकम

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

तिकुनियां खीरी -- तहसील निघासन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले तिकुनियां में प्रति वर्ष श्री राम लीला मेला लगता था लेकिन दो वर्षों से कोरोना काल में नहीं लग पाया था। इस वर्ष फिर से 13 अक्टूबर 2022 से लगने वाला मेला तिकुनियां प्रभारी ने कस्बे में पारंपरिक चलने वाले श्रीराम लीला मेला का भ्रमण किया और मेला कमेटी अध्यक्ष और संचालन समिति को दिशा निर्देश देते हुए पेच भी कसे और 13अक्टूबर से चल रहे मेले में बहुत ही कम समय मे क्षेत्र में आये तेजतर्रार न्यायप्रिय कोतवाल के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले कोतवाली तिकुनियां प्रभारी राजू राय अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ मेले का भ्रमण किया और मेला कमेटी पदाधिकारी बन्धुओं को उचित दिशा निर्देश भी दिया । भ्रमण के दौरान मेले में लग रहे बिना अनुमति के लिए रहे झूले को देखकर प्रभारी निरीक्षक बिफर आये और बिना अनुमति मेले में किसी प्रकार का संचालन न किया जाए उन्होंने कमेटी के पेंच कस्ते हुए यह भी बताया कि मेले में किसी प्रकार की अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके साथ कार्यवाही की जायेगी। मेले में

दुकान लगाने वाले दुकानदारो ने भी बताया कि गत वर्षों में दुकान लगाने के लिए 80 रुपए फिट थी इस बार 100 रुपए फिट मिल रही है यह बात दुकानदारों ने अपना नाम ओपन न करने की शर्त रखी है। मेले में दुकान अधिक आने से किराया 100 रुपए फिट से लेकर 250 रुपए फिट तक बेची जा रही है और चंदे के नाम पर मोटी रकम ऐंठी जा रही है। और मेले में पहली बार दुकान लगाने वाले दुकानदारों से 500रुपए तक चंदे के नाम पर एक मोटी रकम वसूली जा रही है। जब की भूमि पूजन से पूर्व मेला अध्यक्ष द्वारा दुकान निशुल्क लगवाने के संकेत दिए गये थे ।जब की मेला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता ने मेले में अवैध वसूली से निराधार बताया है।

महारानी सुरथ कुमारी श्रीराम लीला मेला सिंगाही प्रबंध समिति की हुई बैठक

चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र की अध्यक्षता में 103 वां वर्ष मेला की तैयारियो को लेकर हुई बैठक

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी/अवधेश कुमार

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा के अन्तर्गत लगने वाला वार्षिक श्रीराम लीला मेला गत दो वर्षों से कोरोना काल के चलते नहीं लग आया था लेकिन श्री राम की कृपा से इस वर्ष फिर रामलीला मेला कमेटी की प्रबंध समिति ने मेला लगाने का मन बनाया है उसी की तैयारियो को लेकर महारानी सुरथ कुमारी श्रीराम लीला मेला समिति सिंगाही की प्रबंध समिति की बैठक महारानी सुरथ कुमारी धर्म शाला में किरन शाह और चेयरमैन की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें यह चर्चा हुई कि मेले में किस प्रकार तैयारी हो चंदा वसूली किस तरह कराई जाये इस सभी लोगों के विचार विमर्श किया गया इस वर्ष के 103वां रामलीला मेला की तैयारियों के विषय में विचार विमर्श हुआ जिसमें 27/10/2022 दिन बृहस्पतिवार को मेले का शुभारंभ करते हुए भूमि पूजन किया जायेगा मेला लगभग 25/11/2022 तक चलेगा यह प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों द्वारा तय किया गया इस बैठक में प्रवीण शाह (प्रबंधक), अनुराग शुक्ला (कोषाध्यक्ष), सचिन शाह (मंत्री), मारुख खां,जलीस अहमद, विमल तिवारी,बाल कुमार वर्मा,राजू कादरी,राजू गुप्ता, डॉ खान, अनुराग पुरवार,भारत गुप्ता, उदयभान गुप्ता, इतवारी शाक्य, उमाकांत कटियार,

वाजिद हुसैन, प्रदीप पुरवार (पूर्व चेयरमैन), मोहम्मद कय्यूम (पूर्व चेयरमैन), मनीराम, जोगेन्दर शाक्य, आदि अनेक नगर के सम्भांत व्यक्ति इस बैठक में उपस्थित रहे।

स्मृति शेष पारस मणि पांडेय को शोक सभा आयोजित कर दिया श्रद्धांजलि

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

बांका/चांदन/मंगलवार देर शाम साढ़े छः बजे के करीब श्री श्री 108 दुर्गा मंदिर चांदन परिसर में एक शोक सभा आयोजित कर स्मृति शेष पारस मणि पांडेय के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर शोक सभा का आयोजन किया। बता दें कि विगत दो पुर्व चांदन पंचायत के पाण्डेय टोला निवासी केदार पाण्डेय जी के एकलौते पुत्र पारसमणी पाण्डेय जी का किडनी ग्रसित रोग से निधन हो गया था। इनके निधन पर चांदन बाजार के समाजसेवी एवं दुर्गा पूजा समिति के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई थी।जिस-के आलोक में दुर्गा मंदिर परिसर में शोक सभा आयोजित कर उनके चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य एवं उनके शुभचिंतकों ने कतारबद्ध होकर दो मिनट का मौन रखा।

इस मौके पर मुख्य रूप से हरे कृष्णा पांडेय पीडीएस दुकानदार प्रियचंद्र आजाद, वीरेंद्र पांडेय, संजय मालाकर, हेमंत दुबे, प्रिंस प्रकाश, पूजा समिति के सचिव अशोक शर्मा, आदित्य पोद्दार, परमानंद साह, प्रभात पांडेय, रुपेश पांडेय, अनिल बाजपेई, अवधेश वर्मा, पंकज पांडेय, अप्पू अनंत आदि परिजनों के साथ सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सुखाड़ आपदा प्रबंधन शाखा द्वारा राहत से संबंधित आवेदन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

बांका/चांदन/खरीफ 2022 के लिए राज्य में घोषित सुखाड़ से प्रभावित परिवारों को अनुग्रहित राशि का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से करने के लिए परिवारों की सूची एमआईसी के आपदा सम्पूर्ति पोर्टल पर अपलोड संबंधित जिला के जिला अधिकारियों के निर्देश पर प्रखंड के सभी लाभान्वित लाभुकों का आपदा राहत फार्म भरा जा रहा है। ज्ञात हो कि राज्य में अल्प एवं अनियमित वषार्पात के फलस्वरूप उत्पन्न सुखाड़ की स्थिति राज्य के 96 प्रखंड के 937 पंचायत अंतर्गत 7841 राजस्व गांव में है। वहीं बांका जिले के 11 प्रखंडों के 160 ग्राम पंचायतों के 1740 राजस्व ग्राम का सर्वे धरातल पर किया जा है। जिसमें चांदन प्रखंड के 17 पंचायत को 313 राजस्व ग्राम का सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। जिसे लेकर

प्रखंड के बीडीओ, सीओ, अंचल राजस्व पदाधिकारी आदि को ग्रामीण इलाकों से सूचना मिल रही है कि पंचायत के वार्ड सदस्यों द्वारा फार्म लिया जा रहा है। बीडीओ ने स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि, प्रखंड मुख्यालय से प्रत्येक पंचायत के वार्ड वार सर्वे टीम सदस्य स्वयं डोर-टू-डोर जाकर आवेदन प्राप्त करेगा। चांदन बीडीओ राकेश कुमार ने 16 अक्टुवर को प्रखंड के सभी मुखिया के साथ बैठक कर साफ सुथरा माहौल में किसानों का सुखाड़ आपदा राहत से संबंधित आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रखंड से तैनात किए गए टीम के सदस्य को सहयोग करने कहा गया था, साथ ही आवेदन देने वाले किसानों को सरकार एवं आपदा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए फार्म पर अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में भरकर फार्म के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक का छाया प्रति, मोबाइल नंबर के साथ देने के लिए कहा गया है। बीडीओ ने स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि राशन कार्ड का छाया प्रति एवं जमीन से संबंधित मालगुजारी रसीद आदि की अनिवार्यता नहीं है। बीडीओ ने पंचायत के वार्ड सदस्य के चंगुल में नहीं आने के लिए कहा है। सुखाड़ से आपदा राहत फार्म प्राप्त करने के एक भी रुपया किसी को नहीं देनी है। शिकायत मिलने पर ऐसे वार्ड सदस्यों पर कार्रवाई करने की भी बात कही गई है।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध मैत्री महासम्मेलन का हुआ समापन

निर्भया को याद कर भावुक हुई,, सीमा समृद्धि कुशवाह अधिवक्ता

दैनिक समाज जागरण

बालाघाट।जनपद क्षेत्र अंतर्गत बुद्ध भूमी उमरी में सामाजिक एवं ग्रामीण उघमिता विकास समिति के तत्वावधान में 66 वे धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के उपलक्ष्य में भव्य अंतरराष्ट्रीय बौद्ध मैत्री महासम्मेलन का आयोजन किया गया । आयोजित महासम्मेलन में बौद्ध भिक्खू संघ के अलावा सुप्रीम कोर्ट एवं निर्भया, हाथरस कांड की वरिष्ठ अधिवक्ता सुश्री सीमा समृद्धि कुशवाह, फिल्म अभिनेता गगन मालिक के मुख्य आतिथ्य तथा नितिन गजभिए(नागपुर), मोहनराव वाकोडे(इंदौर), पी. एस. खोब्रागड़े(नागपुर), प्रवीण कांबले (नागपुर), डॉ. हेमंत हिरोले(इंदौर), विनय बोधि (चंद्रपूर), स्मिता वाकडे (नागपुर), वर्षा मेश्राम (नागपुर) के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ,महाराष्ट्र ,म प्र से भारी संख्या में बौद्ध अनुयायियों व गणमान्य नागरिको ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष भिक्खू संघ के मार्गदर्शन में समस्त बौद्ध अनुयायियों के द्वारा विधिवत रूप से, त्रिशरण, पंचशील एवं धम्मदेशना ग्रहण की गई।

तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ भिक्खु संघ एवं आमंत्रित मुख्य अतिथियों, विशेष अतिथियो के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध तथा भारत रत्न परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया।

आयोजन समिति के प्रमुख एन. एल. मेश्राम, इंजि. प्रशांत भाऊ मेश्राम, विजय गड़पाल,सरपंच पप्पू भाई, किशन भोंडे, सुरेंद्र गजभिये, शशिल गडपाल,प्रशांत हुमनेकर, रविंद्र मेश्राम, प्रियंका परते, विद्या मेश्राम, भीमा वैद्य एवं अन्य नागरिकों के द्वारा मंचासीन भिक्खू संघ, मुख्य अतिथि गगन मलिक, सीमा समृद्धि कुशवाह व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

निर्भया केस का जीक्र कर.. सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सुश्री सीमा समृद्धि कुशवाह ने अपने संबोधन में निर्भया को याद कर भावुक हो गई उन्होंने कहा की निर्भया को न्याय दिलाने के लिए काफी संघर्ष किया गया अंतिम मे हमारी जीत हुई और सभी आरोपियों को सजा हुई इसी तरह

उन्होंने कटुआ,हाथरस, महीला उत्पीड़न के अन्य प्रकरण पर प्रकाश डाला। आपने संविधान के माध्यम से महिलाओ को प्रदत्त अधिकारो मानवता के सिद्धांत ,और समानता को समाज को प्रस्थापित करने पर जोर देते हुए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया।

हर घरों में बुद्ध एवं उनका धम्म पहुंचना लक्ष्य..

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता गगन मालिक ने कहा कि उनका उद्देश्य हर घरों मैं धम्म को पहुंचना है जिसके लिए उन्होंने गगन मलिक फाऊंडेशन के माध्यम से 84 हजार भगवान बुद्ध की प्रतिमा का वितरण किया जा रहा उन्होंने अपने अभिनय एवं बौद्ध अन्य विषयों पर खुलकर अपनी बात साझा की.. तथा बाबा साहब डॉ अंबेडकर के भारत को बौद्ध मय बनाने के स्वप्न को साकार करने में अपनी भूमिका का वर्णन किया।

प्रतिमा का वितरण,,,,, गगन फाऊंडेशन के प्रमुख फिल्म अभिनेता गगन मलिक ने मंच के माध्यम बोद्व अनुयायियों व अन्य नागरिकों को प्रतिमाओं का वितरण किया वही सामाजिक ग्रामीण उघमिता विकास समिति के अध्यक्ष एन एल मेश्राम, समाजसेवी इंजि प्रशांत भाऊ के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

प्रतिभावान छात्र छात्राओं को किया सम्मानित,,,

समाजिक ग्रामीण उघमिता विकास समिति द्वारा 85 प्रतिशत अंकों उतीर्ण हुये बोडँ परीक्षा के छात्र छात्राओं को अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया

कोराना योद्धाओं का सम्मान,,,,,,,

कोराना काल में अपनी जान की परवाह ना कर अंतेष्टि से लेकर अन्य कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर पालिका के कर्मचारीयो सोना सिंह ठाकुर, नीतू कोरसिया, सीमा चौहान, बंटी मंगेश, दिनेश उइके, आकाश टेकाम, विजय हतगैया , मोहसिन अली, हरलाल नेवारे आदि कोराना योद्धाओं को सामाजिक ग्रामीण उघमिता विकास समिति के द्वारा अतिथियों के हस्ते साल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।

निशुल्क चिकित्सा शिविर.. अंतरराष्ट्रीय बौद्ध मैत्री सम्मेलन मे विशाल चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जहाँ पर नागरिकों का मुफ्त मे चैकअप कर दवाओं का वितरण किया गया वहीं वरिष्ठ चिकित्सको के द्वारा उचित परामर्श दिया..!

भोजनदान का आयोजन,,, आयोजन समिति द्वारा हजारों की संख्या में उपस्थित जनो को भोजनदान का वितरण किया गया

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम,,,,

स्थानीय पुलिस प्रसासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया.. कार्यक्रम का सफल संचालन रजनीश नकाशे, विशु वैद्य तथा महक तिरपुडे द्वारा किया गया।

माना आभार,,, समाजसेवी इंजि प्रशांत भाऊ ने समापन के अवसर पर सभी अतिथियों नागरिकों,पुलिस प्रशासन, आदि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सभी ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है सामाजिक ग्रामीण उघमिता विकास समिति उमरी परिवार आपका आभारी है..!

सेक्टर-75 में छठ घाट का निर्माण कार्य जोरों पर,28 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व होगा शुरू

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया है कि सूयोर्पासना के महान पर्व छठ की तैयारियां सेक्टर-75 में जोरों से शुरू हो गई हैं।भगवान सूर्य को अर्घ्य देने हेतु सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में एक बड़ा छठ घाट निर्मित किया जा रहा है।छठघाट 50

फीट लम्बा,15 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा होगा।घाट में जल, प्रकाश आदि की उत्तम व्यवस्था की जायेगी।श्री शर्मा ने बताया कि सूयोर्पासना का महान छठ पर्व 28 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन नहाय- खाय के साथ शुरू हो रहा है।29 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल पंचमी के दिन खरना की पूजा होगी।30 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल षष्ठी के सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।31 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल सप्तमी के प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया है कि 30 अक्टूबर को सायंकाल श्री सूर्यदेव पूजा समिति द्वारा सेक्टर-71 के सेंट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जायेगा।प्रसिद्ध गायिका क्षमा पांडेय, प्रीति प्रकाश, देवेश कुंदन, पूजा मंडल सहित कई गायकों और गायिकाओं द्वारा भोजपुरी, हिंदी, मगही, मैथिली, अंगिका, पंजाबी गीतों का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।

गोवंश की रक्षा एवं वर्धन करना हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य – साध्वी कालिंदी भारती

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सेक्टर-43, छलेरा, नोएडा, उत्तर प्रदेश में श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस

साध्वी कालिंदी भारती जी ने कहा कि गौ की रक्षा व संवर्धन के लिए स्वयं परमात्मा इस धरती पर आते, वैदिक काल से मानव जीवन का आधार यज्ञ, दान व तप को माना गया है। यदि गहराई से विचार किया जाए तो इन सब का आधार सिर्फ गौ ही है। यदि भारतीय संस्कृति की व्याख्या संक्षेप में करनी हो तो यह गौ रूप है। गौ जैसा परोपकारी जीव हमें मेहनत व शांत जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गौवंश के साथ प्रेम करके समस्त मानव जाति को गौ प्रति उदार बनने की प्रेरणा प्रदान की है। यह हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य बनता है कि हम गोवंश का वर्धन करे और भारतीय गायों की रक्षा करें। ठा.धीरेंद्र सिहँ मा.विधायक जेवर विधानसभा,केप्टन विकास गुप्ता मा.राज्य मँत्री उत्तर प्रदेश सरकार,डा.विजय सिहँ चौहान मुख्य यजमान, मानसिहँ. चौहान, करतार सिहँ चौहान,मुकुल वाजपेई मीडिया प्रभारी,सँजय चौहान,राज कुमार चौधरी,चेतन चौहान, योगेन्द्र चौहान, रामबीर शर्मा, सीता राम लाला आदि उपस्थित रहे।

एशिया रिकॉर्ड बनाने पर चैलेंजर्स ग्रुप ने मनाया उत्सव शिरोज हैंगआउट में बच्चों के साथ मनाई खुशी

नोएडा एशिया बुक में रिकॉर्ड दर्ज कराने के बाद चैलेंजर्स ग्रुप ने झुग्गियों के बच्चों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। इस दौरान कई सामाजिक संगठनों के साथ-साथ अधिकारी भी मौजूद रहे। संस्था ने पांच सिंतबर को बच्चों के साथ मिलकर राधाकृष्ण सर्वपल्ली के जन्मदिन की खुशी में उनकी पेटिंग बनाकर एशिया बुक में अपना नाम दर्ज कराया था जिसके 21 दिन बाद संस्था को अवार्ड से भी नवाजा गया था। इसकी खुशी में संस्था ने सेक्टर-21 ए स्थित शिरोज हेंगआउट में 60 बच्चों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। संस्था के सदस्यों ने दिवाली पर दीप भी जलाए। वहीं बच्चों ने नृत्य प्रस्तुतियां भी दी। बच्चों के परिजनों ने संस्था के इन प्रयासों को सराहा। वहीं सामाजिक संस्थाओं से आए लोगों ने चैलेंजर्स ग्रुप की पीठ थपथपाई। संस्था के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने इस दौरान कहा कि यह सिर्फ अभी शुरूआत है। इन

होनहार बच्चों के प्रयासों से यह संस्था अभी आगे और भी लंबी लड़ाई लड़ने जा रही है। इन बच्चों ने संस्था को आज उस मुकाम पर पहुंचा दिया है। जहां कभी सोचा भी नहीं गया था। यह संस्था हमेशा इन बच्चों के लिए समर्पित रहेगी। वहीं बीते सप्ताह में आईआरएस अधिकारी साहिल सेठ, जेवर के विधायक धरेंद्र सिंह, अनूपशहर विधायक संजय शर्मा, मशहूर यूट्यूबर्स नजर बट्ट और देविका गुप्ता जैसे कलाकारों ने पाठशाला में अपनी शिरकत दर्ज करा बच्चों के साथ इस सफलता की खुशी बाँट बच्चों का हौसला बढ़ा आगे और अधिक जीत हाँसिल करने हेतु संस्था को प्रेरित किया। बच्चों की इस सफलता की खुशी में आयोजित चैलेंजर्स के उत्सव में अशोक श्रीवास्तव, रंजन तोमर, विक्रम सेठी, मनीष , निशु, शैलेंद्र, विवेक, रुचिका, रीतिका आदि मौजूद सदस्य मौजूद रहे।

असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा निभीया-चेरागी वन विभाग के कार्यकताओं के संयुक्त अभियान में वांगीरबंद में से बालू तस्करी मशीन को जब्त किया

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :

पिछले कुछ दिनों से दोहालिया और चेरागी पर्वतमाला से बालू तस्करी की खबर दैनिक समाचार पत्रों और पोर्टल चैनलों में प्रकाशित हो रही है और वन विभाग के कर्मचारी आक्रोशित हैं. गुप्त सूत्रों के आधार पर आज 18

अक्टूबर (मंगलवार) को लगभग 3 बजे राताबाड़ी विधानसभा के चेरागी रेंज के वांगीरबंदर में सिंगला नदी झूलन पूल के किनारे से चलती रेत अवैध तरीके से उठाने वाली मशीन को जप्त कर चेरागी रेंज भेजा गया. दुल्लभछड़ा वन बीट अधिकारी फैज उद्दीन बरभुइया के नेतृत्व में दुल्लभछड़ा निभीया और चेरागी वन विभाग के कर्मियों द्वारा संयुक्त अभियान में मशीन को जप्त किया गया ।

पुलिस ने कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।

बौंसी/बांका। बंधुआकुरावा पुलिस ने बांका थाना क्षेत्र के सिंहाजोर गांव निवासी कुख्यात अपराधी रंजन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए बंधुआकुरावा थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि, बंधुआकुरावा थाना कांड संख्या 43/22 में आरोपी था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस को काफी दिनों से इसकी तलाश थी। जिसे

गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया कि, आरोपी के द्वारा जयपुर थाना क्षेत्र में अपने ही ससुर की हत्या कर देने का आरोप है। इसके अलावा आधे दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज है। कुख्यात अपराधी को उसके गांव से ही पुलिस जवानों के सहयोग से थाना अध्यक्ष ने खादेर कर गिरफ्तार किया है।

बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में किया गया फागिंगे

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

कटोरिया में बढ़ते मच्छरों और डेंगू के प्रकोप को लेकर मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र में मच्छरों को भगाने के लिए फागिंग किया गया।

बता दें कि पिछले एक पखवारे से लगातार कटोरिया प्रखंड क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे कई व्यक्ति डेंगू से संक्रमित हो गए ।कुछ व्यक्ति मलेरिया से पीड़ित हो गये । अखबारों में खबर छपने के बाद अधिकारी हरकत में आए और मच्छरों के रोकथाम और बचाव के लिए मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र में फागिंग किया गया। नगर पंचायत के थाना रोड, गुढ़ियारी रोड, जमुआ मोड़, राधानगर आदि गांव में फॉकिंग किया गया।

प्रखंड के सरकारी कर्मियों को दीपावली छठ से पहले मिलेगा अक्टूबर माह का वेतन, प्रक्रिया शुरू।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

बिहार सरकार ने अक्टूबर माह का वेतन दीपावली से पूर्व भुगतान करने का निर्देश दिया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग सहित प्रखंड व अंचल में अक्टूबर माह वेतन निकासी के लिए अनुपस्थिति विवरणी की मांग की जा रही है ।बता

दें कि 25 अक्टूबर को दीपावली और 28 अक्टूबर से महापर्व छठ शुरू होने वाला है। इस को लेकर सरकार ने पत्र जारी कर वेतन भुगतान का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि पहली बार सरकार के द्वारा समय से पूर्व वेतन देने के निर्णय को सभी कर्मचारियों ने फैसले का स्वागत किया ।

मारपीट अभियुक्त एवं 14 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार ,आर्थिक जुमार्ना भुगतान के लिए भेजा न्यायिक हिरासत

दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित

बेलहर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के एक अभियुक्त मारपीट केस कांड का अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बेलहरनी नदी के समीप आ रहे 14 लीटर महुआ शराब के साथ एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जिसमें मारपीट केस कांड 368/22 के

नामजद राजपुर गांव के विजय झा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि थाना केस कांड संख्या 388/22 के नामजद घोघा गांव के मुन्ना चौधरी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बेल्हरनी नदी के किनारे एक थैले में 14 पैकेट शराब के साथ गिरफ्तार कर आर्थिक जुमार्ना भुगतान के लिए न्यायिक हिरासत में बांका भेज दिया गया है।

डीएसओ ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण ।

कर्मचारी - अधिकारी को दिए आवश्यक निर्देश।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

: बिहार सरकार द्वारा बांको को सुखाड़ जिला घोषित के बाद मंगलवारे` को प्रखंड के विभिन्न राजस्व ग्राम में डोर टू डोर किसानों का सर्वे किया गया। ताकि सुखाड़ राशि किसान के खाते में डीबीटी के माध्यम से जा सके है। मंगलवार को बांका के डीएसओ अमलेंदु कुमार सिंह कटोरिया कार्यालय पहुंच कर अधिकारी के साथे समीक्षा

बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। आंगनवाड़ी सेविका, कृषि समन्वयक द्वारा सर्वे किए गए किसानों को आपदा के पोर्टल पर लोड किया जा रहा है । सर्वेक्षणकर्ता को निर्देश दिया कि वार्ड वार घूम-घूम कर प्रत्येक घर का सर्वेक्षण कार्य गुणवत्ता पूर्ण करें। डीएसओ ने कर्मियों एवं डाटा आपरेटर को आवश्यक निर्देश दिया है। मौके पर बीडीओ प्रेम प्रकाश, सीओ सागर प्रसाद, बीएओ राम कुमार पासवान, बीसीओ राजेश कुमार पासवान सहित डाटा आपरेटर एवं कर्मी मौजूद थे।

बेलहर साहेबगंज के सरकारी हाट में लगी आग, दुकानें जलकर हुई राख

दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित

बेलहर थाना क्षेत्र के साहेबगंज सरकारी हाट सेट में कुछ असामाजिकतत्वों के द्वारा आग लगा दी गई ।जिससे एक दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाई गई। लेकिन आग इतनी तेज थी कि मिनटों में जलकर राख कर

दिया। वहीं ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि अंचलाधिकारी को इस मामले को लेकर सूचना दे दी गई है ।वहीं मौके पर अंचला अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना देकर इस मामले की जांच कराई जाएगी।

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से 10 शराबियों को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका। बौंसी/बांकाः- बौंसी पुलिस एवं बंधुआकुरावा पुलिस ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से 10 शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार बंधुआकुरावा थाना क्षेत्र से पथरिया गांव निवासी बाबूलाल सोरेन के पुत्र सोम सोरेन, फागा गांव निवासी हरी साह के पुत्र विजय कुमार साह और बालेश्वर प्रसाद साह के पुत्र गौतम कुमार साह को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर बौंसी पुलिस के द्वारा बांका थाना क्षेत्र के मजलिशपुर निवासी चौतुक्की यादव के पुत्र पिंटू यादव, करहरिया दुर्गा स्थान समीप के

सियाराम साह के पुत्र कुंदन कुमार, बौंसी थाना क्षेत्र के झपनिया गांव से दो युवक के अलावा दलिया गांव निवासी मुन्ना लैया के पुत्र विश्वकर्मा कुमार, बगडुम्मा गांव निवासी चंदो साह के पुत्र रोहित कुमार, बाबूडीह निवासी राजेंद्र गुप्ता के पुत्र छोटू कुमार व एक अन्य युवक को शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। सभी शराबियों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद सभी का देर रात रेफरल अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। मंगलवार को सभी शराबियों को जुमार्ना के लिए बांका न्यायालय भेजा गया है।

दीपावली काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर आंनदपुर ओपी में हुई शांति समिति की बैठक

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह बांका/चांदन

दीपावली काली पुजा एवं हिन्दू समाज के महा धार्मिक छठ पर्व को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने को लेकर मंगलवार 18 अक्टूबर को आंन्दपुर ओ पी थाना परिसर में ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें की पूजा समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोगों के अलावा दो समुदाय ने भाग लिया। बैठक में संबोधित करते हुए ओपी अध्यक्ष ने कहा कि दीपावली व काली पूजा आपसी भाईचारे एवं छठ लोक आस्था का महापर्व है। दोनों पर्व को शांति पूर्ण सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक में छठ पर्व को लेकर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि सभी खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था कराए ताकि छठ व्रत सामिल श्रद्धालुओं को किसी प्रकार कठिनाई महसूस नहीं हो। उन्होंने पर्व को लेकर सभी लोगों से शांति पूर्ण बाताबरण में पर्व मनाने की अपील की। वहीं ओपी अध्यक्ष

जितेंद्र कुमार ने कहा कि पर्व को लेकर पर्व को संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। पर्व के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी। कोई भी अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। अफवाह फैलाने वालो की सुचना तुरंत पुलिस को दें। साथ ही छठ घाट पर पटाखा जलाना एवं डीजे बजाना पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। बैठक में दक्षिणी बारने पंचायत के सरपंच आशीष रोबिन उड, चंद्रदेव यादव, मेराज अंसारी अब्दुल कुदुस, कुसुम जोरी सरपंच प्रतिनिधि विष्णु देवदास, नरेश दास, भुनेश्वर दास बालकृष्ण वर्णवाल, पैक्स अध्यक्ष प्रदीप वरनवाल, शोभ लाल यादव दक्षिणी बार ने पंचायत के मुखिया तुलसी रजक, पूर्व मुखिया सुरेश यादव, चांदवारी पंचायत के पूर्व मुखिया सहेंदर दास, सुभाष बरनवाल, अमरीश कुमार यादव, उत्तरी बारने पंचायत के सरपंच हरीश ठाकुर, के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे।

मांझी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद सहित 12 कार्यकारिणी के सदस्यो ने किया नामांकन

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को व्यापार मंडल सहयोग समिति के अध्यक्ष पद हेतु ताजपुर के पूर्व मुखिया व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने अनेक लोगों की मौजूदगी में सोमवार को नामांकन किया। व्यापार मंडल प्रबंध कार्यकारिणी के कुल 12 पदों के लिए भी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। निवार्ची पदाधिकारी के अनुसार प्रथम किसान वर्ग के सदस्य पद के लिये मालती देवी, रामेश्वर प्रसाद, छठु माँझी, बलिराम सिंह, अजय सिंह तथा

कमता प्रसाद ने एवम द्वितीय पैक्स वर्ग सदस्य पद के लिए संतोष सिंह तथा मिन्टू यादव ने नामांकन किया। एआरओ नीरज कुमार व प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी कुमार राजन ने बताया कि 19 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा होगी तथा 26 अक्टूबर को नाम वापस लिए जा सकेंगे। 4 नवम्बर को चुनाव होगा तथा उसी दिन मतगणना होगी। नामांकन को लेकर रविवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में सुरेन्द्र सिंह के समर्थकों की भारी भीड़ लगी रही।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पदस्थापित नवनियुक्त सीएचओ को किया गया प्रशिक्षित

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उठाए जा रहे सकारात्मक कदमः डॉ आरएन पंड़ित

कटिहार । बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन द्वारा संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव को बेहतर व सुदृढ़ बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है। इसका मुख्य उद्धेश्य है मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने में जुटा है। सदर अस्पताल परिसर स्थित सभा कक्ष में जिलें के 21 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ झा, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ आरएन पंड़ित, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशरफ रिजवी, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम डॉ किशलय कुमार, डीएमएंडई अखिलेश सिंह, डीपीसी मजहर अमीर, जपाइगो के विनय गुप्ता, केयर इंडिया के मुकेश पाण्डेय सहित कई अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ आर एन पंड़ित ने कहा कि जिले के सभी नागरिकों को बेहतर चिकित्सीय



सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कटिहार जिला अग्रसर है। इसको पहले से बेहतर बनाने के लिए सुरक्षित प्रसव के साथ.साथ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मुख्य भूमिका सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों होती हैं। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इनलोगों की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण मानी जाती है। जिले में 30 आयुवर्ष से अधिक उम्र के लोगों को गैर संचारी रोगों का जांच और उपचार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों की सेहत संवारने में सीएचओ की भूमिका अहमः डॉ अशरफ रिजवी

जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशरफ रिजवी ने उपस्थित सभी सीएचओ को अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए सलाह दिया। क्योंकि जिले में क्रियाशील सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं सहित सभी तरह के लोगों को उचित परामर्श एवं इलाज में सीएचओ को भूमिका काफी अहम होती हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी बीमारी की जांच और उपचार मुहैया कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलें के नागरिकों को सेहत संवारने के लिए हर तरह की चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है। जिसके लिए सीएचओ तैयार किया गया है। वहीं गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को उचित सलाह भी दिया जाता है।

कांग्रेस छोड़कर सभी राजनीतिक दलों में व्यक्ति विशेष है हावी - इंतखाब आलम

सदाकत आश्रम के मतदान केंद्र संख्या 8 पर आखरी मतदाता के रूप में श्री आलम नें अपने मत का किया प्रयोग

पटना । कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करा कर यह साबित कर दिया है कि सभी राजनीतिक दलों में सबसे बेहतर कांग्रेस में ही आंतरिक लोकतंत्र कायम है।ऑल इंडिया पोलिंग बूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतखाब आलम ने अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के बाद एक प्रेस बयान जारी कर कहा कांग्रेस द्वारा बनाए गए उन्हें प्रतिनिधि पर सभी शीर्ष नेताओं का आभार प्रकट किया। इन्होंने मत का अहमियत समझते हुए महंगे टिकट खरीद कर भी दिल्ली से पटना आकर अपने मत का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा सदाकत आश्रम में मतदान केंद्र संख्या 8 पर मैंने आखरी मतदाता के रूप में 3:41 बजे मत का प्रयोग किया।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष के पोलिंग एजेंटों ने मुझसे प्रतिनिधि कार्ड और आधार कार्ड मांग कर मिलान करने के बाद मुझे आगे जाने का हुक्म दिया जहां मुझे बैलट पेपर देकर सिग्नेचर कराया गया फिर मैं मैं अपने मत का इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में इस तरह की परंपरा देखी जाती है दूसरी पार्टी में नहीं।

उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियां जो लगातार कांग्रेस पर परिवारवाद और व्यक्ति विशेष का आरोप लगाती रही वह स्वयं अपने आप में आकलन करें कि उनकी पार्टी में कितनी कमी है।

श्री आलम ने कहा कि भारत में कुछ राजनीतिक दल अपने को कैडर बेस पार्टी कहलाती है उनका भी बुरा हाल है। वहां भी कुछ लोग बैठ कर के अध्यक्ष का चुनाव कर लेते हैं।

इन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज उनकी पार्टी के अंदर इंटरनल डेमोक्रेसी समाप्त हो गई है कुछ लोगों ही अपने स्वार्थ के लिए किसी को अध्यक्ष चुन लेते हैं और अपने आप को लोकतंत्र में विश्वास का हामी भरते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छोड़कर सभी पार्टी में व्यक्ति विशेष हावी है।

कटोरिया के 207 सरकारी विद्यालयों में 20 को होगा अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।

कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के 207 प्रारंभिक विद्यालयों में 20 अक्टूबर को अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा । जिसको लेकर पत्र जारी किया गया है।

अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

बैठक के पूर्व विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं वर्ग कक्ष को सुसज्जित करना,

बैठक में आने के लिए अभिभावक को आमंत्रण देना, बैठक के पूर्व बच्चों को चहक अभ्यास कराना, बैठक के दिन विद्यालय में आवश्यक रूप से लाउडस्पीकर का उपयोग करना ,छात्र के गतिविधि के बारे में अभिभावकों को बताना,

अभिभावकों से छात्रों को घर में पढ़ने के लिए प्रेरित करना, अभिभावकों को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराना, अभिभावकों को बच्चे का अभ्यास पुस्तिका दिखाना संबंधित बिंदुओं पर 20 अक्टूबर को बैठक करने के लिए सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है । बैठक की मॉनिटरिंग प्रखंड स्तर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं कटोरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा ।

सभी विद्यालय में बैठक 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित होगी। बैठक तिथि पहले 18 अक्टूबर को रखा गया था जिसे बदलकर 20 अक्टूबर कर दिया गया।

कटोरिया पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

न्यायालय के निर्देश पर कटोरिया थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार परे ` अलग-अलग गांव से सोमवार राते पुलिस ने पांच फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी निलकुंज गांव के पेतराम तुरी, पूरण तुरी, संजय तुरी, कालीगढ़ी गांव के नारायण यादव, पड़मान गांव के शकबुल अंसारी, सलामून अंसारी शामिल है। सभी फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए बांका भेज दियो है। थानाध्यक्ष नीरज तिवारी ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि कटोरिया पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी कर वारंटी शराबी पर लगातार नकेल कसा जा रहा है

शिवलोक खरोंधा नहर के पास पुलिस ने एक शराब तस्कर को 8 लीटर महुआ शराब के साथ किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित

बेलहर थाना क्षेत्र के शिवलोक नहर के पास पुलिस ने एक शराब तस्कर को 8 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है ।जानकारी के अनुसार शिवलोक नहर के पास रागनियां गांव से एक शराब तस्कर 8 लीटर महुआ शराब के साथ जा रहा था ,तभी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर एक शराब तस्कर गाड़ी के ले गार्ड में प्लास्टिक के थैले में शराब लेकर जा रहा है ।तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने 8 लीटर महुआ शराब के साथ शंभूगंज थाना क्षेत्र के बसबिट्टा गांव के बलराम राय को 8 लीटर

महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं शराब तस्कर को गिरफ्तार कर आर्थिक जुमार्ना भुगतान के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के विशाल महा धरना व प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। आगामी सात नवम्बर को गर्दनीबाग पटना में मुख्यमंत्री के समक्ष पुरानी पेंशन एवं वेतनमान समेत अन्य शिक्षक समस्याओ के निदान की दिशा में हजारों-हजार की संख्या में सूबे के शिक्षक कर्मचारी सरकार की दोहरी कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ पुरानी पेंशन की मांग को लेकर हुंकार भरेंगे। जिसकी सफल तैयारी को लेकर सारण प्रमंडल के शिक्षक प्रतिनिधियों की बैठक रविवार 23अक्टूबर को बुलाई गई है। वहीं इस अवसर पर महाधरना को ऐतिहासिक रूप देने के लिए शिक्षक नेताओं का प्रखंडवार दौरा कार्यक्रम भी जारी है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू एवं प्रदेश सचिव सुनील तिवारी ने

बताया कि सरकार की दोहरी आर्थिक नीति ने शिक्षक कर्मचारियों के भविष्य को गर्त में ले जाने का प्रयास कर रही है जिसे बिहार के शिक्षक कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगें।तत्कालीन विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा था कि हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की मीटिंग में एनपीसी जैसे काले पेंशन को रद्द कर पुरानी पेंशन एवं समान काम के समान वेतन देने का काम करेंगें,लेकिन बदली हुई राजनैतिक परिदृश्य में जब राजनीति के प्रदेश बदलने पर जब सत्ता की चाबी हाथ में आ गई है तो उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कान में तेल डालकर कुंभकर्णी मुद्रा में सो गये है। साथ ही उन्होने बताया कि इस बार सूबे के शिक्षक कर्मचारी एकजुट हो उठे है।सरकार से हर हाल में पुरानी पेंशन एवं समान काम के समान वेतन लेकर रहेंगे।

पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 25 अक्तूबर को- संजीव मिश्रा

वॉलीबॉल बालक वर्ग में पी सी ई (ए) पूर्णिया इंजीनियरिंग एवं भारत वेंचर फाइनल मुकाबला में

पूर्णियां ।ई होम्स में चल रहे पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबला का

पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा ने शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं जिनसे हम सबों को काफी उम्मीदें हैं। मैं यथासंभव सहयोग एवं खेलने का अवसर प्रदान करूंगा। क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स के क्रिकेट विधाओं में अत्यधिक क्लबों ने पंजीयन कराया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दिनांक 23/10/22 खेला जाएगा। इसलिए पंजीकृत क्लबों की बैठक दिनांक 19/10/22 बुलाई गई है। बैठक में उन सभी पंजीकृत क्लबों को बैठक हेतु अपराह्न 3:00 बजे बुलाया गया है ताकि ड्रा कर टीम का निर्धारण किया जा सके। आप सभी पंजीकृत क्लब ड्रा में सादर आमंत्रित हैं।

आज के प्रतियोगिता परिणाम

बास्केटबॉल बालिका वर्ग में।

तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिए।

1. एस आर डी ए भी ने टीम इलाइट को 4-2 से हराया।

बालक वर्ग मेंः-

1. पूर्णिया टाउन क्लब ने विद्या विहार आवासीय विद्यालय को 19-15 से हराया।

बैडमिंटन बालक वर्ग में

16 वर्ष से अधिक में

प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला

1.मो दानिश खान और समीर राज की जोड़ी ने अनूज राज और रवि रमन की जोड़ी को 17-21,21-19,28-26 से हराया।

द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला।

विक्की और गर्व शारदा ने अनूज राज और रवि रमन की जोड़ी को 21-17,23-21 से हराया।

तृतीय स्थान अनूज राज और रवि रमन रहें।

बैडमिंटन बालिका वर्ग में।

16 वर्ष से कम आयु वर्ग में सिंगल सेमीफाइनल मुकाबला।

1., सुनिधि भारती ने जीवा एजाज को 21-08,21-18 हराया।

2. वसुंधरा झा ने भाव्या को 21-08,21-13 से हराया।

बैडमिंटन बालिका वर्ग में

16 वर्ष से अधिक में

प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला

मिलन रानी ने अराधना सिंह को 21-13,21-10 से हराया।

द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला

सलोनी कुमारी ने शमीमा खातून को 16-21,21-09,21-10 से हराया।

वॉलीबॉल बालिका वर्ग में

प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला में नालंदा ने टीम इलाइट को 15-02,15-02 से हराया।

द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला में बेगूसराय ने ओमन स्पोर्ट्स क्लब को 15-07,15-11 से हराया।

वॉलीबॉल बालक वर्ग में

प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला में पी सी ई पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज (ए) ने डी ए भी पब्लिक स्कूल एल्यूमीनि को 25-22,25-20 से हराया।

द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला में भारत वेंचर्स ने रणभूमि स्टेडियम क्लब को 25-22,25-20 से हराया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में हरिओम स्पोर्ट्स एकादमी (ए) ने हरिओम स्पोर्ट्स एकादमी (बी) को 4 विकेट से हराया।

हरिओम स्पोर्ट्स एकादमी ने टास जीत पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हरिओम स्पोर्ट्स एकादमी (बी) ने आल आउट होकर 76 बनाया। जिसमें सर्वाधिक अरमान आलम ने 40 गेंदों में 29 रन बनाए।

हरिओम स्पोर्ट्स एकादमी (ए) की ओर से गेंदबाजी करते हुए वेदांत, मयंक,साईवन ने 2-2 विकेट प्राप्त किया।

हरिओम स्पोर्ट्स एकादमी (ए) जीत के लिए 80 रनों का पीछा करते हुए 9 ओवर 3 गेंदों में 6 विकेट खोकर 81 बनाकर जीत हासिल कर ली। जिसमें वेदांत ने 8 गेंदों में 14 रन, विशाल ने 17 गेंदों में 29 का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

द्वितीय मैच मेंः-

डी ए भी स्कूल एल्यूमीनि ने यादव टोला मधुबनी को 75 रनों से हराया।

तृतीय मैचः-

पी सी ई पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज (ए) ने पी सी ई पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज (बी) को 6 विकेट से हराया। इस मौके पर

पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं आयोजन समिति सदस्य क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा, मिथिलेश राय, सुनील सुमन सहित पनोरमा ग्रुप के सभी सहयोगियों के साथ - साथ खिलाड़ियों के अभिभावक गण, खेल प्रेमी गण और काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

प्रखंड में एक महिला ने अपने ही दुधमुहे बच्चे को फेका गढ्ढे में ,बच्चे की हुई मौत।

सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल

जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौआबाखर पंचायत के भेलवा गांव के वार्ड नंबर 12 में मंगलवार लगभग 9 बजे सुबह को एक महिला ने अपने ही ढाई महीने दुधमुहे पुत्र को गढ़े में फेंक दिया। जिसके कारण बच्चे का मौत घटना स्थल पर ही हो गया। जानकारी अनुसार बच्चे की मां नीतू कुमारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उस समय घर के कुछ लोग गांव में ही सत्यसंग सुनने गया था। अकेला पाकर महिला अपने ही बच्चे को घर से लगभग 500 मीटर पूर्व पूल के निकट बने गढ़े में बच्चे को फेंक दिया और गढ़े के निकट ही बैठकर रोने लगी उसी समय गांव के ही किसी आदमी का नजर उस रोती हुई महिला पर परा जिसे वह अपने मोटर सायकिल पर बैठाकर उसके घर

पहुंचा दिया। घर पहुंचते ही महिला बोली में अपने ही पुत्र आर्यन कुमार को गढ़े में फेंक दिए है । यह बात सुन अगल बगल के लोगों ने बिना देरी किए बच्चे को पुल के निकट गढ़े में खोजने गया और काफी प्रयास के बाद बच्चे को गढ़े से बाहर निकाला तब तक बच्चे की मौत हो चुका थी। वही बच्चे का पिता ललटू मेहता घर से बाहर थे किसी के द्वारा जब पिता को सूचना दिया गया तो वह भी अपने घर आया और अपने ढाई महीने आर्यन को मरा देख कुछ बोलने से असमर्थ है। वही मौके पर कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की इस महिला को कभी कभार देवी- देवता लग जाता है जिस कारण से इसकी मानसिक स्थिति पूर्ण रूप से बिगड़ जाती हे जो नही करना चाहिए वह भी करने लगती हे। वहीं बच्चे की मां अपने आप को हैवान बताते हुए रोती थी और बार- बार बच्चे का नाम पुकार कर बेहोश हो जाती थी। वहीं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया की अभी तक किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिला है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत कटैया के बीते दिनों हुई हत्या कांड में 4 नामजद अभियुक्त को पिपरा पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल।

अमरेश कुमार/समाज जागरण, पीपरा, सुपौल

जिले में पिपरा पुलिस को बिट्टू हत्या कांड में मिली बड़ी सफलता, थाना क्षेत्र अंतर्गत कटैया में बीते दिनों हुई बिट्टू हत्या कांड में 4 नामजद अभियुक्त को पिपरा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।बिट्टू हत्याकांड में बीते शुक्रवार को अवनेश की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के क्रम में बिट्टू की हत्या करने की बात कबूल की एवं हत्या में अन्य लोगों की भी सनलिप्त होने की बात स्वीकार की। जिसके निशानदेही पर पुलिस ने अन्य 3 लोगों को भी गिरफ्तार किया। जिसमें सबसे पहले कटैयामाहे पंचायत के रही टोला निवासी अवनेश कुमार को गिरफ्तार किया एवं कड़ी पूछताछ के बाद अवनेश ने 3 लोगों का इस घटना में शामिल होने की बात बताई।

इस घटना में शामिल सदर प्रखंड सुपौल के वार्ड नंबर 28 झाखराही का रहने वाला अविनेश का भागिन ललित कुमार भी नाम शामिल है और कटैया माहे पंचायत के कटैया रही टोला निवासी शंभू कुमार एवं बाल कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।बता दें कि पिपरा थाना क्षेत्र के कटैया उपशाखा बड़ी नहर के साइफन के समीप 11 अक्टूबर को मिला था बिट्टू का शव। पुलिस द्वारा लगातार इस हत्या के मामले में अनुसंधान जारी है। शुक्रवार को पुलिस द्वारा कटैया रही टोला वार्ड नंबर 7 निवासी अवनेश कुमार को पूछताछ के लिए पिपरा थाना ले गया जहां पूछताछ के क्रम में अवनेश ने बिट्टू की हत्या करने की बात कबूल की थी। एवं अन्य लोगों का नाम बताया जिसे पिपरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। एवं उसे जेल भेज दिया,जिसका थाना कांड संख्या 301/22 है।

प्रखंड के भेलवा गांव में हो रहे दो दिवसीय सत्संग प्रवचन के पहले दिन आए वेदानंद जी महाराज।

सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल

जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौआबाखर पंचायत के भेलवा गांव में हो रहे दो दिवसीय सत्संग प्रवचन के पहले दिन भागलपुर से आए हुए वेदानंद जी महाराज के द्वारा कहा गया की वैद की श्रृष्टि के प्राचीनतम ग्रन्थ वेद से पहले का ग्रंथ कोई भी है तो वह मान्य नहीं हैं। क्योंकि इसका कोई पक्का साक्ष नही है। वहीं महाराज जी ने बताया की अपने अंतर आत्म को समझने और भगवान के पास पहुंचने के लिए तीन कार्य है। पहला तो बुद्धि योग,यानी मनुष्य को सत्संग सुन कर सत्य विचार का पालन करना चाहिए। अपने आप को एक मनुष्य के रूप में ही समझना चाहिए और मनुष्य का कार्य क्या है वह

सत्संग से ही जानकारी मिलती है। दूसरा है मानस योग, जब लोग अपने सत्य बुद्धि को समझ लेते ही तब उसे ईश्वर को समझने के लिए यह तप करते है जो ध्यान में लग कर कुछ नही बोलते हे लेकिन वह मनन करता है। और तीसरा है दृष्टि बौद्ध जिसमे मनुष्य ध्यान में बैठकर कंठ,होंठ, मुंह से सिर्फ बोलने की भाव जागता हे लेकिन आवाज बाहर नहीं निकलता है। बुद्धि यानी सत्यसंग सत्य का संग सत्य ही प्रमातमा है। सत्य उसी को कहा जाता है जिसका विनाश नही होता है। यानी वह अविनाशी होता है। इसका जन्म भी नहीं होता है। जिसको सनातन भी कहा जाता हे। ऐसे महापुरुष का संग भी सत्यसंग होता है। वहीं महाराज जी की वाणी सुनकर श्रोता गण विभोर हो गए।

बच्चों द्वारा मिली अनियमितता की शिकायत पर मुखिया ने किया दो विद्यालयों की जांच

दुल्हिन बाजार / मंगलवार को बच्चों द्वारा मिली अनियमितता की शिकायत पर ऐनखां पंचायत के मुखिया ने प्रखण्ड क्षेत्र के ऐनखां गांव स्थित मध्य विद्यालय व कासिमचक गांव स्थित मध्य विद्यालय की जांच किया. जानकारी के अनुसार दुल्हिन बाजार प्रखण्ड स्थित ऐनखां पंचायत के मुखिया रणजीत यादव को बच्चों की ओर से समय पर विद्यालय नहीं खोलने, पठन-पाठन में शिक्षकों की शिथिलता व मध्याह्न भोजन में अनियमितता की शिकायत मिली. जिसको लेकर मुखिया रणजीत यादव ने मंगलवार को ऐनखां गांव स्थित मध्य विद्यालय पहुंचा. जहां मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में काफी कमी पाया. वही जब कासिमचक गांव स्थित मध्य विद्यालय पहुंचा तो वहां प्रधान शिक्षिका ही गायब थी. साथ ही बच्चों की संख्या भी नगण्य थी. भोजन पंजी मांगी जाने पर एक शिक्षक ने बताया कि पंजी प्रधान शिक्षिका के पास रहती है.

इस सम्बंध में ऐनखां पंचायत के मुखिया रणजीत यादव ने बताया की ऐनखां गांव स्थित मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन गुणवत्ता पूर्ण नही था. टूटी हुई चावल बनाई गई

थी तथा शब्जी पानी जैसा था जो खाने लायक नही थी. कासिमचक गांव स्थित मध्य विद्यालय की प्रधान शिक्षिका गायब थी व बच्चों की संख्या नगण्य थी. वहां भोजन पंजी मांगने पर एक शिक्षक ने बताया कि पंजी प्रधान शिक्षिका के पास रहता है. वही मुखिया ने बताया कि दोनों विद्यालयों के शिक्षकों को अनियमितता में सुधार लाने का निर्देश दिया गया है. इस सम्बंध में दुल्हिन बाजार प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रामबिलास रमन ने बताया कि इस प्रकार की कोई सूचना हमे प्राप्त नही हुई है.

नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रखंड के नए युवा मंडल को प्रमाण पत्र दिया गया।

सत्येन्द्र कुमार/बिहटा बिहटाः-राघोपुर ठाकुरबाडी में मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र द्वारा बिहटा प्रखंड के नए युवा मंडल को प्रमाण पत्र निर्गत किया गया तथा युवा के चौमुखी विकाश कैसे होंगे तथा उनके कार्यकलाप किस तरह से युवा मंडल के माध्यम से होने चाहिए इन सभी की जानकारी युवा मंडल महिला मंडल के प्रमाण पत्र निर्गत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आये डॉक्टर निहारिका चौबे ने बताया की युवा हि किसी भी देश की ताकत होती हैं।चाहे तो युवा आपने देश के प्रति अपना कर्तव्य समझकर कार्य करणाचाहिए।उन्होंने कहा की महिला भी आज हरेक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं चाहे वो खेल का मैदान हो युद्धभुमि का मैदान या राजनीति का हि मैदान हो अपआप को हमेशा मनोबल हमेशा उचा बनाके रखना चाहिए।किसी भी समस्या का डत के मुकाबला करना चाहिए युवा के मनोबल किसी भी तरीके नही गिरना चाहिए। युवा मंडल जो भी कार्य करे समाज गांव के हित मे कार्य करे चाहे वो सांस्कृतिक

स्वास्थ्य शिक्षा खेल पर्यावरण सुरक्षित कैसे होंगे हम सभी को आगे बढ़ कर कार्य करने होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विपिन बिहारी मंच संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवाको ंअमित कुमार मिश्रा ने किया तथामुख्य अतिथि का स्वागत अंग वस्त्र कलम देकर डॉक्टर निहारिका चौबे मुख्य अतिथि विपिनबिहारी अध्यक्ष समाज सेवी चिकु जी को किया गया।इस कार्यक्रम मे सभी बिहटा के युवा मंडल के अध्यक्ष वगैरह उपस्थित रहे अनिता कुमारी आकांक्षा अंजलि अंकिता मोनू आशुतोष गुड्डू आदि लोग उपस्थित थे कार्यक्रम के राष्ट्रीय युवा कोर बिहटा बबलू कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

मशरक व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन होना तय

दैनिक समाज जागरण मशरक/सारण (धर्मेंद्र पांडेय)। मशरक व्यापार मंडल सहयोग साख समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के लिए 4 नवम्बर को होने वाले चुनाव के लिए 11 प्रत्याशियों ने सोमवार को नामांकन किया। अध्यक्ष पद के लिए धर्मदेव सिंह उर्फ टाइप मास्टर ने नामांकन किया। जबकि सदस्य पद के लिए बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह, विजेन्द्र तिवारी, अमित कुमार, आशा देवी, रीना देवी, बिंदेश्वरी प्रसाद, आशुतोष कुमार तिवारी, शिव प्रसाद पटवा, उमेश राम, कुमारी निशा देवी सहित कुल 11 लोगों ने मशरक प्रखंड कार्यालय के मनरेगा सभागार में नामांकन पत्र जमा किया। वहीं अभी तक 11 प्रत्याशी ही नामांकन के लिए नाजिर रसीद कटवाएं हैं। जबकि सोमवार तक तक ही नामांकन का कार्य होगा। नाजिर रसीद को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यापार मंडल का अध्यक्ष एवं सभी सदस्य का निर्विरोध निर्वाचित होने लगभग तय है। आपकों बता दें कि अध्यक्ष पद पर धर्मदेव सिंह उर्फ टाइप मास्टर वर्ष 85 से ही निर्विरोध निर्वाचित होते आए हैं। एआरओ ने बताया कि 18 और 19 अक्टूबर नामांकन पत्रों की समीक्षा होंगी और 26 अक्टूबर को नाम वापस लिए जाएंगे। वही मतदान और मतगणना 4 नवम्बर को होंगी। मौके पर बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह ने नामांकित अध्यक्ष और सदस्यों को अग्रिम जीत की शुभकामनाएं दी।

धामा पंचायत में चलाया गया नशा मुक्त अभियान

दैनिक समाज जागरण अररिया से प्रभारी इस्तेखार आलम

अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड के धामा पंचायत में मुखिया मिन्नतुल्लाह रहमानी सरपंच मोहम्मद सिकंदर आलम के द्वारा धामा पंचायत में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया जिसमें पूरे पंचायत का भ्रमण करते हुए धामा पंचायत के मुखिया एवं सरपंच उपसरपंच अनेक गणमान्य व्यक्ति ने हर एक दुकानदार को एलांस के द्वारा एक ताला करते हुए नजर आ रहे हैं धमा पंचायत के मुखिया ने बताया कि जिसको नशा करते हुए पकड़ा जाएगा उसे कानून का हवाला कर दिया जाएगा वर नहीं तो हर गर्जन को कहा जाता है कि अपने अपने बच्चों को सुधार ले वर नहीं तो किसी का सुना नहीं जाएगा हमारे कमेटी द्वारा गठित किया गया नशा मुक्ति अभियान का सदस्य अगर किसी भी व्यक्ति को नशा करते हुए या नशीली पदार्थ बेचते हुए पकड़ लेते हैं तो कमेटी द्वारा उसको सजा

या जुमार्ना किया जाएगा वही धमा पंचायत के सरपंच सिकंदर आलम ने बताया कि सबसे पहले मैं बता देना चाहता हूं कि सभी दुकानदार एवं नशा मुक्ति अभियान कमेटी से जो आदेश दिए गए हैं सभी आदेश का पालन करेंगे और कहीं भी शराब इत्यादि किसी भी नशीली पदार्थ बेचने वालों को कमेटी द्वारा सजा एवं जुमार्ना किया जाएगा नहीं मानने पर उसे कानून का हवाले भेज दिया जाएगा धामा पंचायत के मुखिया सरपंच ने यह भी बताया की धामा पंचायत को नशा मुक्ति अभियान के तहत पंचायत को नशा से मुक्त कराना है पूरे पंचायत को कई टीम भी गठित किए गए हैं जहां नशा करने वालों पर कड़ी नजर रखा जाएगा एवं नशा बेचने वालों पर भी कड़ी नजर रखा जाएगा धामा पंचायत के मुखिया मिन्नतुल्लाह रहमानी धमा पंचायत के सरपंच मोहम्मद सिकंदर एवं अन्य लोग मौजूद रहे

मृतक श्याम सुंदर सादा के परिजनों से मिले क्षेत्रीय विधायक बोले पिड़ित परिवार को जल्द मिलेगा न्याय।

राजीब मिश्रा/समाज जागरण, करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले में राघोपुर प्रखंड अन्तर्गत करजाईन थाना क्षेत्र के हरिराहा पंचायत में युवक श्याम सुंदर सादा की हुई निर्मम तरीके से हत्या की खबर से इलाके में सनसनी फैली हुआ है। जितने लोग उतनी बाते सुनने को मिल रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के दुसरे दिन क्षेत्रीय विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव ने मृतक के घर उनके परिजनों से मिल कर उनके दुख दर्द बांटे व इस मामले को लेकर डीएसपी पंकज कुमार मिश्र

से टेलिफोनिक बात कर घटना के कार्यवाही के बारे में जायजा लिया। साथ ही विधायक ने डीएसपी से बात कर इस घटना से संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही। साथ ही साथ पिड़ित परिवार को कुछ आर्थिक सहायता भी प्रदान किए। इस मौके पर प्रो० कमल यादव, शशि प्रसाद सिंह, शिवकांत यादव, पूर्व मुखिया अमरेंद्र यादव, बिनोद कुमार मेहता, नूर आलम,प्रभु सादा, रामविलास सादा सहित काफी संख्या लोग पहुंच कर पड़ित परिजनों को सांत्वना दी।

नगर पंचायत पिपरा के सफाई कर्मियों ने पिपरा बाजार में महावीर चौक के पास सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शन।

अमरेश कुमार/समाज जागरण, पीपरा, सुपौल

जिले में नगर पंचायत पिपरा के पुराने सफाई कर्मी को हटा देने और नए सफाई कर्मी को काम पर लगा देने के विरोध में बाजार के महावीर मंदिर समीप सरक जाम कर किया विरोध प्रदर्शन।पिपरा नगर पंचायत क्षेत्र में पुराने सफाई कर्मी को हटा देने और नए सफाई कर्मी को काम पर लगा देने के विरोध में पुराने सफाई कर्मी नाराज और अक्रोशित है। यही कारण है तमाम पुराने सफाई कर्मियों ने हाथ में झाड़ू लेकर पिपरा बाजार में महावीर चौक के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। जिसके चलते एनएच 106 और एनएच 327 ई पर घंटो आवाजाही बाधित रही।

जाम की सूचना पर पिपरा थानाअध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह अपने दल बल से पहुंची और समझाने बुझाने का काम किया लेकिन सफाई कर्मी डटे रहे। सफाई कर्मियों का कहना था की बिना किसी सूचना के उन्हें हटाकर नए लोगों को काम पर रख लिया गया है। जिससे उन्हें रोजी रोटी की समस्या आ गई है। हालांकि जाम की सूचना पर राजस्व पदाधिकारी राहुल कुमार जाम स्थल पर पहुंचे और नाराज सफाई कर्मी को समुचित आश्वासन देने के बाद जाम को हटाया गया। वहीं विरोध प्रदर्शन में दर्जनों सफाई कर्मी मौजूद रहे।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेनीपट्टी की अध्यक्षता में किया समीक्षा बैठक

बेनीपट्टी प्रखण्ड कार्यालय स्थित मेघदूतम सभागार में कल 18 अक्टूबर 2022 मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेनीपट्टी डॉ0 रवि रंजन की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।जिसमें प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिव सहित तकनीकी सहायक नैनसी कुमारी,इंद्रजीत कुमार गुप्ता,ओम प्रकाश गुप्ता, बीएसओ देव नारायण महतो सहित कई कर्मियों की उपस्थिति में पंचायतवार विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई,जिसमें कई बिंदुओं पर कर्मियों द्वारा विस्तृत जानकारी प्राप्त करने

के बाद प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेनीपट्टी डॉ0 रवि रंजन ने कई आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए पंचायतों में सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी योजनाओं से सम्बंधित कमीर्यों को अपने अपने आवंटित पंचायतों में भूमनशील रहने को निर्देशित किया।साथ ही नल जल योजना,गली नली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी कर्मियों को गंभीर रहने के लिए निर्देश दिया गया।

इण्डियन आयल पेट्रोल पंप का हुआ शुभारंभ

जयनगर नित्यानंद झा राजू 18 अक्टूबर

जयनगर दरभंगा एन एच 527 बी के बगल में दुल्लीपट्टी गाँव में इण्डियन आयल पेट्रोल पंप सचिन पेट्रोलियम का शुभारंभ खजौली विधायक अरूण शंकर प्रसाद, इण्डियन आयल के सेल्स मैनेजर उमेश कुमार सिंह, पूर्व जयनगर नपं अध्यक्ष कैलाश पासवान, समाजसेवी वीरेंद्र यादव, जगदीश यादव समेत उपस्थित अतिथियों ने फीता काट कर किया. मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने कहा कि दुल्लीपट्टी गाँव में पेट्रोल पंप शुरू होने से आसपास सहित एन एच पर वाहन चलाने वाले चालकों को ईंधन भराने में सहुलियत होगी. सरकार गाँव गाँव

में गैस और तेल उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प है.

इण्डियन आयल के सेल्स मैनेजर उमेश कुमार सिंह ने कहा कि पेट्रोल पंप पर गुणवत्ता पूर्ण तेल उपलब्ध कराने सहित उपभोक्ता सुविधा और सुरक्षा के मानकों का पूरा प्रबंध किया गया है. मौके पर पंचायत के पूर्व मुखिया चन्द्र मोहन सिंह, भाकपा माले के पखंड सचिव भूषण सिंह, शिक्षाविद मनीष कुमार, अरविंद तिवारी, पूर्व बैंक मैनेजर चन्देश्वर सिंह, गणेश पासवान, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण कुमार ठाकुर, रोहित नारायण यादव, सुनील कुमार, सचिन कुमार, पवन सिंह, सुभाष सिंह, जियाउल हक समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ ने राज्य सरकार से दीपावली व छठ पर्व से पहले वेतन भुगतान करने की मांग की।

सत्येंद्र कुमार/बिहटा

प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ ने राज्य सरकार से दीपावली व छठ पर्व के मद्देनजर सितम्बर व अक्टूबर माह का वेतन भुगतान दीपावली से पूर्व कराने की मांग की है साथ ही सभी प्रकार के बकाया राशि का भुगतान हेतु सभी जिलों को आवंटन जारी करने की मांग की है । इस सम्बंध में संघ की ओर से प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन एवं प्रदेश महासचिव आनंद कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री , शिक्षा मंत्री , अपर मुख्य सचिव एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा , बिहार को ज्ञापन देते हुए कहा है कि माह अक्टूबर में के अंतिम सप्ताह में दीपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ मनाया जाना है । ऐसे में महत्वपूर्ण त्योहारों के मद्देनजर शिक्षकों का माह सितंबर एवं अक्टूबर का वेतन दीपावली से पूर्व भुगतान कराने की मांग की है । ताकि शिक्षकों के आश्रितों की दीपावली व छठ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनायी जा सके । साथ ही बकाया राशि का भुगतान हेतु राशि का आवंटन सभी जिलों के लिए जारी करने की मांग की है ।

शिक्षकों के विभिन्न प्रकार के बकाया राशि यथा प्रशिक्षित शिक्षकों का बकाया राशि , 15 प्रतिशत वेतन वृद्धि का बकाया राशि , मधुवनी जिले के शिक्षकों का डीपीई का प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार सिंह , तिरहुत प्रमंडल संगठन प्रभारी एजाज अहमद , सीतामढ़ी जिला कोषाध्यक्ष मो तनवीर अहमद शामिल थे ।

नवनियुक्त थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार का थाना परिसर में स्वागत किया गया

हरलाखी से संवाददाता दीपक अकेला बिंदास की रिपोर्ट

मधुबनीः-साहरघाट के नवनियुक्त थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार का थाना परिसर में मंगलवार को राजद युवा नेता दीपक कुमार यादव के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान मिथला पुत्र नीतीश कुमार धीरज सिंह सरदार, सुभेष कुमार, कन्हैया यादव, ने मिथला के पाग और दुपट्टा देकर नवनियुक्त थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार को सम्मानित किया। थाना अध्यक्ष ने राजद युवा नेता के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए

उन्होंने कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता समाज में सौहार्द तथा शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना है। लोगों को उचित न्याय दिलाना उनका परम कर्तव्य होगा। समाज के सभी लोगों के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर शांति बनाए रखना है। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति गलत प्रवृत्ति तथा अपराधिक किस्म के हैं उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरही छोटी नहर समीप से एक शराब तस्कर को पिपरा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।

अमरेश कुमार/समाज जागरण, पीपरा, सुपौल

जिले में पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतराही छोटी नहर समीप से एक शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायीक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया की त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर वॉर्ड 7 निवासी उपेंद्र साफी को गिरफ्तार किया गया है उनके साथ लक्ष्मीपुर वॉर्ड 7 विद्यानंद मंडल पुलिस को देख

भाग निकला। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया गया कि बिशेष गस्ती के दौरान पिपरा थाना क्षेत्र के तेतराही छोटी नहर समीप एक शराब तस्कर को पुलिस ने सोमवार रात को पकड़ कर थाना लाया वहीं बरामद सोफिया 300`' के 29 पीस व बिदेशी 180 एमएल की 43 बोतले शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया ।, थानाध्यक्ष ने बतायो बिशेष गस्ती के दौरान पिपरा थाना क्षेत्र के छोटी नहर समीप पुलिस ने सोमवार रात को पकड़ कर थाना लाया और करवाई करते हुए मंगलवार को जेल भेजा गया है।जिसका थाना कांड संख्या 309/22 है।

जमीनी विवाद में दो भाई के बीच जमकर हुई मारपीट

हरलाखी/सं। स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरौन गांव में जमीनी विवाद में मारपीट हो गई है। मारपीट में एक पझ के प्रमोद कुमार साह गभिंर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज उमगांव के सीएचसी में कराया गया। इस संबंध में पुलिस को भी आवेदन दिया गया है. सीएचसी उमगांव में इलाजरत जख्मी प्रमोद कुमार साह ने बताया कि

जमीनी विवाद को लेकर मेरे भाई संतोष साह व उनके पत्नी समेत सभी लोगों ने एक राय कर के जान मारने के नियत से गला में गमछा फसाकर जमीन पर घिसट दिया. फिर सभी लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दी. इसी क्रम में जेब से रुपये भी छीन ली. ग्रामीणों के जुटने पर हमलोगों को बचाया गया. फिर पड़ोसी ने हमलोगों को सीएचीसी उमगांव ले जाकर भर्ती करायी.बताया कि इससे पहले भी हमलोगों के साथ मारपीट किया गया था। जिसको लेकर पूर्व में भी उनके विरुद्ध कांड संख्या 206/22 दर्ज है। हालांकि इस बाबत थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने बिहार सरकार के खिलाफ आरक्षण बचाओ चुनाव कराओ को लेकर सौंपा ज्ञापन

भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा

दैनिक समाज जागरण सीमांचल प्रभारी मोहम्मद चांद

ठाकुरगंज नगर में भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में बिहार सरकार के खिलाफ आरक्षण बचाओ चुनाव कराओ को लेकर नगर

पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा मांग पत्र में बिहार सरकार के खिलाफ भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष बिजली सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार जी की अनीति के कारण बिहार का नगर निकाय चुनाव स्थगित हो गया। आज बिहार भर में भाजपा द्वारा प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के तहत आज ठाकुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन के रूप में ज्ञापन के माध्यम निकाय चुनाव स्थगन के विरोध में आरक्षण बचाओ, चुनाव कराओ विशाल धरना प्रदर्शन कर यथा शीघ्र चुनाव कराने का अल्टीमेटम पिछड़ा विरोधी सरकार को दिया। विडम्बना और दुर्भाग्य है कि नीतीश कुमार अभी तक ना ही चुनाव कराने के लिए आयोग बना रहे हैं और ना ही सुप्रीम कोर्ट गए। स्पष्ट तौर पर यह उनकी अति पिछड़ा समाज के प्रति सुनियोजित षड़यंत्र है। मांग पत्र सोपते वक्त भाजपा कार्यकर्ता जनश्रुति कुमार, अतुल सिंह, गोपेश यादव, शोभिक कुंडू उपस्थित थे।

छठ महापर्व एवं दीपावली को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन।

सत्येंद्र कुमार/बिहटा

बिहटा झ मंगलवार को बिहटा थाना परिसर में आगामी छठ महापर्व एवं दीपावली पर्व को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता थानाअध्यक्ष रंजीत कुमार ने कि।

वही इस बैठक में अंचलाधिकारी कन्हैयालाल, बिजली विभाग के एसडीओ नितेश कुमार के अलावा थाने के सब इंस्पेक्टर मुकेश पासवान शामिल थे। शांति समिति बैठक में छठ पूजा समिति के लोग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि लोग शामिल थे।

थानाअध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि छठ महापर्व एवं दीपावली पर्व को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन हुआ जिसमें राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के तरफ से जारी दिशानिर्देश को लोगों को बताया गया इसके अलावा दीपावली पर्व पर कोई भी हुड़दंग करता दिखा उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

साथ ही राज्य सरकार ने पटना जिला में पटाखा फोड़ने एवं बेचने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा गया है जो भी व्यक्ति बाजार में बेचते दिखा उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा छठ महापर्व को लेकर सभी पूजा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी. वही इस बैठक में अभिषेक रंजन,कुश कुमार, निखिल कुमार, संजय कुमार गुप्ता, मुखिया अमित कुमार, विनोद राय, मुखिया पति राकेश कुमार धनंजय गुप्ता के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।

खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।

गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।

कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?

यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख्र महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'

यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।

एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।

एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।

सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।

मांसपेशियों में ऐंठन से राहत

सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

रक्तचाप को करे बैलेंस

सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।

पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत रहसपुर और इसाकपुर पंचायत में रात्रि चौपाल लगाया गया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़/ सूचना जनसंपर्क कार्यालय, पाकुड़ के तत्वाधान में सोमवार को पाकुड़ जिले के पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत रहसपुर और इसाकपुर पंचायत में रात्रि चौपाल लगाकर आपकी योजना, आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में आमजनो को जानकारी दी गई। यहां लोगों को बताया गया की अधिक से अधिक लोग शिविर में भाग लें।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव एवं जेएसएलपीएस डीपीएम प्रवीण मिश्रा, एसएमपीओ पवन कुमार, बीपीएम मो० फैज आलम, डीपीएम सुदीप्तो हाजरा एवं दिपाली साह ने योजना के उद्देश्य और सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

यहां लोगों से अपील किया गया की कोई भी योग्य लाभुक छूटे नहीं ,सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में आकर योजना का लाभ लें।

झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए आवेदन, सर्वजन

पेंशन योजना के लिए आवेदनॉ, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद दिया जायेगा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) अंतर्गत आवेदन प्राप्त करना, मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव में न्यूनतम पांच - पांच योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करना, 15 वें वित्त आयोग के वार्षिक लक्ष्य के खिलाफ शत प्रतिशत योजनाओं को स्वीकृत करते हुए उन्हें प्रारंभ करने के अलावा धोती - साड़ी लुंगी और कंबल का वितरण करना, वित्तीय वर्ष 2022-23 तक भू राजस्व के अद्यतन रसीद निर्गत तथा अन्य भू - राजस्व से संबंधित मामलों का निबटारा, असंगठित मजदूरों का ई. श्रम तथा प्रवासी मजदूरों - परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन, हड़िया शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध, सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि आमजन आदि से संबंधित आवेदन दे सकते हैं। मौके पर पीआरडी के प्रीतम कुमार उपस्थित थे।

विधार्थी परिषद ने किया ध्येय यात्रा पुस्तक वितरण का उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़/ विद्यार्थी परिषद की ऐतिहासिक जीवन गाथा विद्यार्थी परिषद के 7 दशकों की यात्रा पर आधारित पुस्तक का विमोचन नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 7 दशकों की यात्रा को दशार्ती पुस्तक "ध्येय यात्रा" का महीनों पहले पूरे देश भर में इसका अग्रिम पंजीयन कराया गया था। जिसमें पाकुड़ जिले में भी कई लोगों ने इसका अग्रिम पंजीयन कराया था । पाकुड़ जिले में "ध्येय यात्रा" पुस्तक के वितरण का उद्घाटन नगर सह मंत्री सत्यम भगत द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सम्पा साहा को पुस्तक भेंट कर किया गया।

नगर सह मंत्री सत्यम भगत ने बताया कि इस पुस्तक में विद्यार्थी परिषद के 7 दशकों के इतिहास को बताया गया है।की किस प्रकार विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही देश के अंदर देश विरोधी ताकतों से लड़ते आई है।विश्विद्यालयों के अंदर भारत को टुकड़े करने वाली ताकतों को

तोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने आहूति दी है।विभाग संयोजक अमित साहा ने बताया कि "ध्येय यात्रा" 75 वर्षों के इतिहास को संकलित करने वाली पुस्तक है। एक 11 सितंबर कि कश्मीर रैली, 1980 में शिक्षा में भारतीयकरण के लिए आंदोलन, भारतीय संस्कृति को बचाए रखने का संकल्प, व्यक्ति निर्माण से देश के पुनर्निर्माण का सोच, सर्वप्रथम विद्यार्थी परिषद नहीं धारा 370 को समाप्त करने के लिए पूरे देश भर में देशव्यापी आंदोलन चलाया था और आज उसका परिणाम हम सभी के सामने हैं धारा 370 संपूर्ण तरीके से समाप्त कर दिया गया है। देश के विकास में विद्यार्थी परिषद की एक अहम भूमिका है।अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थी परिषद सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि हर प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर्य रही है।विधार्थी परिषद पूरे देश भर में "रक्तगट सूची अभियान" चलाई है।जिससे जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों को मदद मिल सके। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल भगत,जिला एस एफ डी प्रमुख सानू राज उपस्थित थे।

क्षेत्रीय दलों व हम जैसे जदयू के क्षत्रिय नेताओं के अस्तित्व को खत्म करना चाह रही थी भाजपा: गौतम सिंह

दैनिक समाज जागरण

एकमा (सारण)। एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी-पचरुखिया गांव स्थित रामाधार सिंह बीएड कॉलेज के सभागार में आयोजित जदयू के जन संवाद को संबोधित करते हुए एकमा के गंजपर निवासी व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने सीएम नीतीश कुमार द्वारा भाजपा के साथ जारी गठबंधन से अलग होने के फैसले को उचित कदम बताया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों व नेताओं के अस्तित्व को बचाने के लिए नीतीश कुमार को भाजपा के साथ जारी गठबंधन से नाता तोड़ना पड़ा है। जिससे हम जैसे जदयू के क्षत्रिय नेताओं का भी अस्तित्व समाप्त होने से बच गया है। जिसके लिए नीतीश कुमार ने समय रहते एक साहसिक और दूरदर्शी सोच को दशार्या है।

श्री सिंह ने अपने संबोधन के दौरान जदयू के भाजपा गठबंधन से अलग होने के वास्तविक कारणों व परिस्थितियों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अब से लगभग दो माह पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालयों के शिलान्यास व उद्घाटन आदि कार्यक्रम में पटना आते हैं, और यहां से अपना बयान देते हैं कि हम अपनी विचारधारा पर चलते रहे

तो देश से सभी क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी। इसका मतलब तो यह हुआ कि हमारी जदयू भी क्षेत्रीय पार्टी है और भाजपा के नेता हमें ही समाप्त करने की तैयारी में लगे हैं। यह कैसा गठबंधन धर्म है। इसका मतलब तो यह हुआ कि जदयू खत्म हो जाएगी, तो हमारे नेता नीतीश कुमार, स्वयं हमारा, यहां मंच पर बैठे औरंगाबाद के पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह, काराकाट के सांसद प्रतिनिधि राजाबाबू का, सिवान सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह, पूर्व विधायक मंजीत सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष मुरारी सिंह, कामेश्वर सिंह, अशोक सिंह, रामकृष्ण सिंह, इंजीनियर जयप्रकाश सिंह आदि सभी क्षत्रिय समाज के जदयू नेताओं का अस्तित्व ही समाप्त करना चाहते थे भाजपा के नेता। इसलिए हम सभी के नेता व सीएम नीतीश कुमार ने विवश होकर भाजपा से अपनी पार्टी के गठबंधन को अलग करना पड़ा है।

इस अवसर पर बैकुंठपुर के पूर्व विधायक मंजीत सिंह, औरंगाबाद के पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह, सिवान सांसद कविता सिंह के पति अजय सिंह, काराकाट के सांसद प्रतिनिधि राजा बाबू, जदयू नेता इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष मुरारी सिंह, क्षत्रिय समाज के नेता कामेश्वर सिंह, अशोक सिंह, रंजीत कुमार सिंह उर्फ युगूल सिंह, जटाशंकर सिंह, ब्रजेश कुमार, राणा प्रताप सिंह, रामकृष्ण सिंह, अनिल सिंह, ठाकुर सिंह, राजीव शर्मा, प्रो सुमन सिंह, लालबाबू सिंह, नागेंद्र सिंह आदि क्षत्रिय समाज के लोगों ने नीतीश कुमार को क्षत्रिय सहित सर्व समाज का हितैषी बताया।

घटना-दुर्घटना में दो महिला समेत चार घायल, दो रेफर

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर घटना और दुर्घटना में दो महिला समेत चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। तरैया के पोखरेड़ा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में प्यारचंद महतो घायल हो गए हैं। वहीं छपिया गांव में घरेलू विवाद में लाल बच्ची देवी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। इधर पचभिण्डा गांव में किरण देवी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। वही तरैया बाजार पर ट्रक की ठोकर से बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी स्व. रामेश्वर भट्टनारायण सिंह का पुत्र अरविंद कुमार सिंह है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वह मढ़ौरा में एक शादी विवाह के संबंध के लिए जा रहा था कि तरैया बाजार पर बालू लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनके बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घायल सभी व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लालबच्ची देवी और किरण देवी को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

बिहार पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.50 लाख रुपये की ठगी का आरोप

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के परौना गांव की एक युवती को बिहार पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपये का ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में परौना गांव निवासी स्व. सत्यदेव गोस्वामी की पुत्री प्रिया कुमारी ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वह पूर्व में तरैया के देवरिया रोड में स्थित त्रिमूर्ति हॉस्पिटल में काम करती थी। त्रिमूर्ति हॉस्पिटल के डॉ. रंजीत सिंह द्वारा बोला गया कि आपका बिहार पुलिस में नौकरी हो जायेगा। एक आदमी है उससे हम बात करा देते है। डॉ. रंजीत सिंह के माध्यम से तरैया निवासी प्रेम नारायण सिंह के दामाद गोपालगंज के लछ्वार चननवें निवासी शशि कुमार को डेढ़ लाख रुपये डॉ. रंजीत सिंह के माध्यम से दिया गया। शशि कुमार द्वारा बोला गया कि बिहार पुलिस में नौकरी करवा दूंगा। लेकिन डॉ. रंजीत सिंह द्वारा उसका नौकरी नहीं लगवाया गया, जब वह पैसा मांगने गई, तो डॉ. रंजीत सिंह के सामने शशि कुमार द्वारा 24 हजार 500 रुपये का चेक दिया गया। जब चेक को बैंक में जमा की तो उक्त खाते में पैसा नहीं था। इस संबंध में शशि कुमार के ससुर प्रेम नारायण सिंह से पैसे के बारे में पूछने गई ति उसे गाली गलौज करके भगा दिया। पीड़िता का कहना है कि डॉ. रंजीत सिंह, शशि कुमार व प्रेम नारायण सिंह के द्वारा उसके साथ षड्यंत्र रचकर रुपये गबन कर दिया गया है। इधर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

पकुड़िया में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मौजूद हुए आईटीडीए निदेशक अभिषेक श्रीवास्तव।

संवाददाता गौतम ठाकुर (जामताड़ा)-- पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को पकुड़िया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईटीडीए निदेशक अभिषेक श्रीवास्तव भी मौजूद हुए।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 20 स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें कृषि, पशुपालन, विद्युत, निर्वाचन, कल्याण, वन एवं पर्यावरण, जेएसएलपीएस, प्रखंड पंचायती राज, ई श्रम नियोजन, आधार पंजीयन एवं करेक्शन, मनरेगा, बाल विकास परियोजना, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा (सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण एवं राशन वितरण संबंधित) एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया। मालूम हो कि इस क्रम में पदाधिकारियों के द्वारा पूरे कार्यक्रम के द्वारा आमलोगों की कठिनाइयों एवं समस्याओं को सुना गया तथा त्वरित निष्पादन भी किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद कई बुजुर्ग लाभुकों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को पूछा एवं त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारी को बुलाकर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सरकार आपके द्वार के पहले चरण में जो लाभुक किसी कारणवश वंचित रह गए थे। उन सभी योग्य व्यक्तियों को इस चरण में उनके गांव/पंचायत में ही जाकर योजना से आच्छादित किया जाए, आगामी 14 नवंबर तक शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को मिशन मोड में 14 नवंबर तक कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्टॉल

में आने वाले लाभुकों से मृदु व्यवहार करें उनकी समस्याओं को सम्मानपूर्वक पूछें उन्हें सही जानकारी दें। योग्य लाभुकों को नियमनुसार योजनाओं से ऑन द स्पॉट जोड़ने हेतु कार्रवाई करें।

वहीं आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत नया राशन कार्ड, अयोग्य कार्रवाई करने, राशन डीलर के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने, नए लाभांवितों स्वीकृति पत्र लाभांवितों को उपलब्ध करने, पेंशन प्राप्त पर कार्रवाई करने, झारखण्ड लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए प्राथमिकता की पहचान कर उन्हें फुलो झानो आशीर्वाद अभियान योजनाओं को स्वीकृत क लाभांवितों को उपलब्ध कराने, संबंधित मामलों का त्वरित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी विभिन्न बिंदुओं पर आमजनों की समस्याएं को सुना गया एवं कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कौशल कुमार ,अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु, 20 सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी, जिला परिषद सदस्य सुनम सोरेन, मुखिया कमला मोहली, ग्राम प्रधान अध्यक्ष सनत कुमार माजी, ग्राम प्रधान रंजना मंडल, जयधन हांसदा, पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली, सत्यवान मोहली पंचायत समिति सदस्य समर माजी, ग्राम प्रधान रंजना मंडल, पंचायत राज कोऑर्डिनेटर तरुण कुमार हेंब्रम ,पेयजल स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कृष्ण दे, गौरव झा, कनीय अभियंता सहदेव टूडू ,कुंदन कुमार , रामजतन मुर्मू ,श्यामापद मंडल के अलावे अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

वरिष्ठ पत्रकार दिगेश त्रिवेदी का इलाज के दौरान निधन

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ के वरिष्ठ पत्रकार सह समाजसेवी मधुर भाषी कुमार रवि त्रिवेदी (दिगेश जी) हमारे बीच नहीं रहे। पश्चिम बंगाल के जंगीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी निधन हो गई। उनकी निधन की समाचार से जिले के पत्रकार सहित उनके चाहने वालों में को गहरा आघात लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमार रवि त्रिवेदी उर्फ दीगेश जी को सोमवार को अचानक माथा में चक्कर आने से गिर पड़े थे। उन्हें पाकुड़ के एक नर्सिंग होम मैं दिखाया गया जहां उसे तुरंत बाहर ले जाने की सलाह दी गई। देर न करते हुए उन्हें पश्चिम बंगाल स्थित जंगीपुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में आईसीयू भर्ती

कराया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मंगलवार को निधन हो गया। प्रेस क्लब पाकुड़ उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया । दिनेश त्रिवेदी बचपन से ही मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे, स्वदेशी जागरण मंच एवं धर्म जागरण मंच में भी उन्होंने अपना वरिष्ठ पदभार संभाला था। पत्रकारिता के क्षेत्र में लगभग दो दशकों से वह अनवरत पत्रकारिता करते रहे। आज, हिंदुस्तान एजेंसी, पीटीआई जैसे संस्था से जुड़े रहे। उनकी लेखनी उच्च स्तरीय होती थी। स्थानीय चैती दुर्गा पूजा समिति में वह बढ़-चढ़कर अपना योगदान देते रहे थे। अचानक हुए उनके निधन से पाकुड़ के सभी पत्रकार सदमे में है।

दिघवारा नपं में डेंगू से बचाव हेतु शुरू हुई फॉगिंग व छठ पर्व को लेकर सफाई अभियान

दैनिक समाज जागरण

दिघवारा/सारण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)। स्थानीय दिघवारा नगर पंचायत में डेंगू से रोकथाम हेतु नगर पंचायत प्रशासन द्वारा प्रत्येक वार्ड मुख्य बाजार एवं गलियों में मच्छर से भगाओ हेतु हेतु फागिंग मशीन द्वारा छिड़काव का विशेष अभियान शुरू किया गया है।

इस अभियान से डेंगू के मच्छर की रोकथाम किए जाने का प्रयास किया गया है। नगर पंचायत दिघवारा के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री सपना कुमारी की देखरेख में संचालित इस अभियान के सफल संचालन हेतु लगभग 4 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। वहीं इस कार्य की निगरानी कनीय अभियंता नगर पंचायत रवि रंजन

गिरी एवं प्रधान सहायक आदि कर रहे हैं। वहीं आगामी छठ पर्व को देखते हुए नगर पंचायत में सफाई अभियान भी युद्ध स्तर पर चलाया गया है।

छठ घाट हुए खतरनाक: कार्यपालक पदाधिकारी सपना कुमारी ने बताया कि छठ घाट की साफ सफाई और घाट की घेराबंदी का भी अभियान चालू कर दिया गया है। पर्व को लेकर आवश्यक सभी कार्य किए जा रहे हैं। हालांकि दिघवारा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13, 16 व 12 को छोड़कर लगभग सभी वार्ड गंगा नदी के किनारे अवस्थित हैं। गंगा नदी के जलस्तर में हो रही अस्वाभाविक बढ़ोतरी ने पर्व करने वालों के सामने कठिनाई उत्पन्न कर दिया है। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से लगभग छठ में बनने वाली सभी घाट खतरनाक हो गए हैं।

आरक्षण की मांग को लेकर भाजपा द्वारा धरना-प्रदर्शन आयोजित

दैनिक समाज जागरण

दिघवारा (सारण)। बिहार नगर निकाय चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की मांग को लेकर 17 अक्टूबर को सारण जिला के दिघवारा प्रखण्ड मुख्यालय पर भाजपा द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिव कुमार गाई ने किया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया गया कि नीतीश कुमार की लापरवाही के कारण चुनाव में अति पिछड़े को आरक्षण से वंचित कर दिया गया। इससे पहले भी राजद और जदयू के गठबंधन में पंचायत से लेकर निकाय चुनाव में आरक्षण के नियमों का उल्लंघन हुआ है। लालू और कांग्रेस सरकार के राज में बिहार में 23 वर्षों तक स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हुआ।

भारतीय जनता पार्टी ने अति पिछड़ा आरक्षण पर सीएम नीतीश पर जमकर प्रहार किया है. बीजेपी नेताओं ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अति पिछड़ों के लिए नायक नहीं, बल्कि खलनायक बन कर उभरे हैं। बिहार प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह

ने कहा कि नीतीश कुमार अगर अतिपिछड़ों के इतने ही हितैषी हैं तो हाई कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध अब तक सुप्रीम कोर्ट क्यों नहीं गए? उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए की सरकार में पंचायत में आरक्षण की व्यवस्था की गई। सम्राट चौधरी जब पंचायती राज मंत्री थे तो उनके दबाव में तदर्थ समिति बनी थी और पंचायत चुनाव हुआ। बीजेपी पहले से नगर निकाय और पंचायत के लिए तदार्थ समिति बनाने की मांग करती रही है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि हर हाल में अनुसूचित जाति और पिछड़ों को आरक्षण मिलना चाहिए। साथ ही जल्द से जल्द नगर निकाय का चुनाव कराये जाने चाहिए। इस धरना प्रदर्शन का समापन नगर महामंत्री दीपक गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश ओझा, जयशंकर बैठा, जिला मंत्री मोहन शंकर प्रसाद, सदर अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सच्चिदानंद सिंह, रविंदर सिंह, जयप्रकाश मिश्रा, मनीष कश्यप, ललन पंडित, लोमर खलीफा, दशरथ मांझी, महिला नेत्री मुस्कान सिंह, सुषमा देवी, मेनका कुमारी, चांदनी देवी एवं सभी आरक्षण समर्थक गण उपस्थित रहे।

आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह करना बंद करें भाजपाई: राजद

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। जिला राष्ट्रीय जनता दल ने भाजपा द्वारा नगरपालिका चौक पर आरक्षण के मुद्दे पर दिए गए धरने को नौटंकी करार देते हुए कड़ी भर्त्सना की है। सारण जिला राजद अध्यक्ष सुनील राय एवं जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि आरएसएस और भाजपा को देश व आमजनता की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। राजद नेताओं ने भाजपा के चाल-चरित्र पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा व आरएसएस के नेताओं से पूछा कि जब भाजपा अतिपिछड़ों और पिछड़ों की सही मायने में हितैषी है तो क्यों पिछड़ों के आरक्षण देने के चलते पूर्व प्रधानमंत्री स्व विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार को गिराई ? राजद नेताओं ने कहा कि भाजपा के विगत आठ वर्षों के शाशन में कमरतोड़ महंगाई व बेरोजगारी से देश की जनता कराह रही है और भाजपा नेता धार्मिक उन्माद हिन्दू-मुसलमान और भारत- पाकिस्तान के भावना में भड़का कर देश की जनता के भावनाओं से अपनी अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में लगी है जो अब किसी भी कीमत पर सफल नहीं होगा। विगत सत्रह वर्षों से सीएम नीतीश कुमार के साथ गलबहिया डाल सत्ता का सुख भोगने वाले भाजपाई सत्ता से बेदखल होने पर बौखलाहट में हैं।

जमताड़ा के अंदर अवैध बालू कर रहे लोग जिला प्रशासन नही दे रही ध्यान

संवाददाता गौतम ठाकुर

जामताड़ा जिला के अन्दर एसे कोई नदी से अवैद बालू लोड किया

जाता है। जिस पर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं दिया जाता है। आप देख सकते है कैसे कुंडहित प्रखंड में सुबह को 8बजे दो ट्रैक्टर द्वारा बालू को अबैध तरीके से बागडेहरी थाना क्षेत्र के अकना कुर्ली नदी से लोड कर बागडेहरी होते हुए ले जाया जा रहा है।प्रशासन सुस्त ओर प्रखंड प्रशासन मौन है।ये प्रतिदिन ही हो रहा है। नदियों में सुबह 3बजे से 5बजे तक। जब इसका सुचना मिली तो जांच पड़ताल करने पहुंचे पत्रकार गौतम ठाकुर तो पहले ट्रैक्टर चालक कैमरा देखकर ट्रैक्टर पीछे ले लेता है फिर सामने जाते ही हाई स्पीड में ट्रेक्टरद दुसरे तरफछ भगाकर निकल जाता है।इससे एक बात स्पष्ट है कि बालू माफियाओं का मनोबल सातवें आसमान पर है और कहीं न कहीं प्रशासन भी जिम्मेदार है इससे इनकार नही किया जा सकता। बालू माफिया से पुछताछ किया गया तो उन्होंने कहा कि थाना बंधा हुआ है! बागडेहरी थाना प्रभारी भी अवेद बालू माफिया से जुड़े हुए हैं

सभी व्यवसाय अपने दुकानों पर लगाएं सीसीटीवी कैमरा, थाना प्रभारी

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को शहर के हरिणडांगा बाजार स्थित अमोला मार्केट में व्यवसायियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता

पुलिस इंस्पेक्टर सह नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को रोकने को लेकर चर्चा की गई। नगर थाना प्रभारी ने कहा कि शहर में बढ रही चोरी की घटनाओं को रोकने में आप सबों का सहयोग व सतर्कता बेहद जरूरी है। कहीं भी संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। नगर थाना प्रभारी ने दुकानदारों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। साथ ही मार्केट की रखवाली के लिए गार्ड भी प्रतिनियुक्त करने को कहा। थाना प्रभारी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है। सभी के सहयोग से चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। जरूरत है आप सबों को भी सतर्क रहने की।

एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर थाना पुलिस ने अपने बाजार समिति के समक्ष एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में पुलिस ने तीन दर्जन से अधिक दोपहिया व चार पहिया वाहनों की जांच की। जांच के दौरान वाहन चालक से वाहन से संबंधित जरूरी कागजात एवं डिक्की चेक किया गया। आरसी बुक, इंश्योरेंस, पोल्यूशन एवं हेलमेट नहीं रहने पर चालकों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। कहा कि इस तरह के अभियान लगातार चलाएंगे। वाहन चालक हमेशा अपने साथ जरूरी कागजात को साथ रखें।

राज्य सरकार का योजनाओं का लाभ ग्रामीण आगे बढ़कर लें-उदय लखमानी

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ प्रखंड अन्तर्गत इशहकपुर पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष उदय लखमानी, जिला अध्यक्ष श्याम यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष तस्लीम आरिफ, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास एवं बीडीओ सफीक आलम सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कांग्रेस पदाधिकारियो ने शिविर में लगाए गए सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। सभी

ग्रामीणों से जानकारी लिया एवं लोगो को जागरूक किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उदय लखमानी ने लोगो से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।प्राप्त जानकारी के अनुसार इशहकपुर रणडांगा में सर्वजन पेंशन योजना, स्वास्थ जांच, सोना सोबरन धोती साड़ी, फूलों झानो योजना, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र, ऋण माफी, लगान राशिद, मनरेगा, स्वास्थ विभाग, जेएसएलपीएस, स्वच्छता विभाग, पेंशन योजना, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभाग के स्टॉल लगाया गया। जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी शफीक आलम एवं अंचलाधिकारी आलोक वरुण केशरी की अगुवाई में आन स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।

शिविर में धोती साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच बी डीओ एवं सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य अधिकारियों ने समस्या सुनी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, सेवा की गरांटी, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि, गव्य एवं पशुपालन आदि विभागों से संबंधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गए। जिन्हें क्रमवार आहर्ता अनुरूप निष्पादित किए जाएंगे।

रसूलपुर बाजार से दो शराबी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण

रसूलपुर (सारण)। रसूलपुर थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान रसूलपुर बाजार में हंगामा कर रहे दो शराबियों चंदन सोनी व किताबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि रसूलपुर गांव निवासी दोनों पियक्कड़ों के द्वारा रसूलपुर बाजार में बेवजह हंगामा किया जा रहा था। सूचना मिलने पर रसूलपुर थाने की पुलिस ने दोनों पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर जेल भेज भेज दी है।

पिस्टल का भय दिखाकर फेरीवाले से 10500 रुपये की लूट

दैनिक समाज जागरण तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के महुली नहर के समीप कुछ अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर एक फेरीवाले से साढ़े दस हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। इस सम्बंध में पीड़ित व्यक्ति महुली गांव निवासी राजेश सिंह ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें बिपिन सहनी, धन सहनी समेत एक अज्ञात व्यक्ति को आरोपित किया गया है। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि वह फेरी का कार्य कर संध्या समय बाइक से अपने घर लौट रहा था जैसे वह महुली नहर के समीप मरघटिया के पास पहुंचा कि एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उसके बाइक को ओवरटेक कर घेर लिया और पिस्टल सटाकर फेरी से बिक्री का साढ़े दस हजार रुपये छीन लिए तथा बाइक भी छिनने का प्रयास करने लगे। तब तक पीछे से आ रहे राहगीरों को देखकर अपराधी उनका बाइक छोड़कर फरार हो गए। भागने के क